# ग्राहक आत्मीयता के नए आयाम
# OUR CUSTOMER FOCUS BECOMES WIDER

वार्षिक रिपोर्ट
Annual Report
2019-20

कार्पोरेशन बैंक
Corporation Bank

# निदेशक मंडल
# BOARD OF DIRECTORS

श्रीमती पी वी भारती
**Smt. P V Bharathi**
Managing Director & CEO

श्री बिरुपाक्ष मिश्रा
**Shri Birupaksha Mishra**
Executive Director

श्री अलोक तिवारी
**Shri Alok Tiwari**

श्री पी के पांडा
**Shri P K Panda**

श्री के श्रीनिवास मूर्ति
**Shri K Srinivasa Murthy**

श्री पी के जैन
**Shri P K Jain**

सुश्री चित्रा गौरी लाल
**Ms. Chitra Gouri Lal**

## मुख्य सतर्कता अधिकारी / CHIEF VIGILANCE OFFICER

| | |
|---|---|
| श्री ए बी विजयकुमार | Shri A. B. Vijayakumar |

## महा प्रबंधक / GENERAL MANAGER

| | | |
|---|---|---|
| 1 | श्री जी गुरुहरिनाद राव | Shri G Guruharinadha Rao |
| 2 | श्री एस कुमार | Shri S. Kumar |
| 3 | श्री नारायणन एस | Shri Narayanan S |
| 4 | श्री शिव राज | Shri Shiv Raj |
| 5 | श्री एम एन के विश्वनाथन | Shri M N K Vishwanathan |
| 6 | श्री वी मुत्तुकृष्णन | Shri Muthukrishnan V |
| 7 | श्री राजेश कुमार वर्मा | Shri Rajesh Kumar Varma |
| 8 | श्री नागराज उडुपा  ई एस | Shri E.S.Nagaraja Udupa |
| 9 | श्री अशोक चंद्रा | Shri Ashok Chandra |
| 10 | श्री डी शिव कुमार शर्मा | Shri D. Shiva Kumar Sharma |
| 11 | श्री विजय वालिया | Shri Vijay Walia |
| 12 | श्री मेदा वेंकटा बालसुब्रमण्यम | Shri Meda Venkata Balasubramanyam |
| 13 | श्री ए के विनोद | Shri A.K. Vinod |
| 14 | श्री सुदर्शन कुमार मेहता | Shri Sudershan Kumar Mehta |
| 15 | श्री वी श्रीधर | Shri V.Sridhar |
| 16 | श्री गविसिद्धप्पा बेल्लद | Shri Gavisiddappa Bellad |
| 17 | श्री विजय कुमार उप्पल | Shri Vijay Kumar Uppal |
| 18 | श्री एस मीनाक्षी सुंदरम | Shri S Meenakshi Sundaram |
| 19 | श्री देशिकाचारी सुंदर | Shri Desiketchari Sunder |
| 20 | श्री एन वीरभद्रप्पा | Shri N Veerabhadrappa |

# विषय सूची / CONTENTS

**विवरण / Particulars** **पृष्ठ सं. / Page No.**


1. गत दस वर्ष के निष्पादन की विशिष्टताएं ....02
2. निदेशकों की रिपोर्ट ....03
3. प्रबंधन-वर्ग का विवेचन एवं विश्लेषण ....09
4. कार्पोरेट अभिशासन पर रिपोर्ट ....29
5. नियामकी लेखापरीक्षा रिपोर्ट ....49
6. नियामकी अनुपालन रिपोर्ट ....53
7. नई पूँजी पर्याप्तता के ढाँचे के दिशानिर्देशों के अंतर्गत प्रकटीकरण ....56
8. एकल तुलन-पत्र एवं लाभ-हानि लेखा ....64
9. समेकित तुलन-पत्र एवं लाभ-हानि लेखा ....124

1. Performance Highlights for the last 10 years ....02
2. Directors' Report ....153
3. Management Discussion and Analysis ....159
4. Report on Corporate Governance ....180
5. Secretarial Audit Report ....201
6. Secretarial Compliance Report ....205
7. Disclosure under New Capital Adequacy Framework guidelines ....208
8. Standalone Balance Sheet and Profit & Loss Account ....214
9. Consolidated Balance Sheet and Profit & Loss Account ....270


---

**मुख्य वित्तीय अधिकारी**
श्री वी. मुत्तुकृष्णन

**कंपनी सचिव**
श्री एस. के. दास

**सांविधिक केंद्रिय लेखा परीक्षक**
मेसर्स चंद्रन एण्ड रमन
मेसर्स रामानंद अय्यर एण्ड कं.

**Chief Executive Officer**
Shri V. Muthukrishnan

**Company Secretary**
Shri S. K. Dash

**Statutory Central Auditors**
M/s. Chandran & Raman
M/s. Ramanand Aiyer & Co.

**रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रान्सफर एजेंट**
केफिन टेक्नोलॉजीज प्रा. लि.
कार्वी सेलेनियम टावर, बी.
प्लाट सं ३१ एवं ३२
गाचिबोअली, वित्तीय जिला,
नानक्रामगुडा, सेरिलिंगम्पल्लि
हैद्राबाद - 500 032 (तेलगंना)
दूरभाष - 040-67161500/67161514
फैक्स : 040-23001153
ई-मेल : einward.ris@kfintech.com

**Registrar & Share Transfer Agent**
KFin Technologies Private Limited
Karvy Selenium Tower B,
Plot No. 31-32,
Gachibowli Financial District,
Nanakramguda, Serilingampally,
Hyedrabad-500 032 (Telangana)
Phone - 040-67161500/67161514
Fax : 040-23001153
E-mail : einward.ris@kfintech.com

**बैंक द्वारा जारी बॉंड के लिए ट्रस्टी**
आईडीबीआई ट्रस्टीशिप सर्विसेस लिमिटेड
एशियन बिल्डिंग, निचला तल
17, आर. कमानी मार्ग, बेलार्ड एस्टेट
मुंबई – 400 001
दूरभाष : 022 – 40807000
ई-मेल : itsl@idbitrustee.co.in;
sheetal@idbitrustee.com
वेबसाइट : http://www.idbitrustee.co.in

**Trustees for Bond issued by Bank:**
IDBI Trusteeship Services Limited
Asian Building, Ground Floor
17, R. Kamani Marg, Ballard Estate
MUMBAI – 400 001
Ph : 022 – 40807000
Fax : 022-66311776/40807080
Email : itsl@idbitrustee.co.in;
sheetal@idbitrustee.com
Website : http://www.idbitrustee.co.in

**एक्सिस ट्रस्टी सर्विसेस लिमिटेड**
रूबी दूसरा तल, SW
29 सेनापती बापट मार्ग
दादर पाश्चिम
मुंबई – 400 028
दूरभाष : 022-62300442/62300426
ई-मेल : swati.borkar@axistrustee.com
वेबसाइट : http://www.axistrustee.com

**Axis Trustee Services Limited**
The Ruby, 2nd Floor, SW
29 Senapati Bapat Marg
Dadar West
Mumbai – 400 028
Ph : 022-62300442/62300426
Email : swati.borkar@axistrustee.com
Website : http://www.axistrustee.com

कार्पोरेशन बैंक
Corporation Bank

## 2011 से 2020 तक बैक का निष्पादन

## BANK'S PERFORMANCE FROM 2011 TO 2020

| | 2010-11 | 2011-12 | 2012-13 | 2013-14 | 2014-15 | 2015-16 | 2016-17 | 2017-18 | 2018-19 | 2019-20 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पूँजी/Capital | 148.13 | 148.13 | 152.91 | 167.54 | 167.54 | 204.50 | 229.41 | 333.10 | 1198.83 | 1198.83 |
| आरक्षित निधियाँ एवं अधिशेष/ Reserves & Surplus | 6989.68 | 8127.80 | 9412.78 | 9917.56 | 10316.94 | 11161.39 | 12482.53 | 10512.74 | 15366.02 | 12551.63 |
| **कारोबार मानदंड / Business Parameters** | | | | | | | | | | |
| जमाराशियाँ/Deposits | 116747.50 | 136142.20 | 166005.45 | 193393.01 | 199345.82 | 205170.84 | 220559.62 | 183315.94 | 184567.84 | 205354.78 |
| अग्रिम/Advances | 86850.40 | 100469.02 | 118716.65 | 137086.30 | 145066.03 | 140322.24 | 140356.79 | 119868.83 | 121251.20 | 127399.05 |
| निवेश/Investments | 43452.74 | 47474.63 | 58164.49 | 66191.21 | 63412.28 | 63280.64 | 64072.98 | 70349.75 | 59979.19 | 66432.43 |
| कुल आय/Total Income | 10459.62 | 14510.40 | 16942.02 | 19606.29 | 21038.91 | 21146.40 | 22561.78 | 19941.41 | 17494.69 | 19919.77 |
| व्यय किया गया ब्याज/ Interest Expended | 6195.51 | 9870.89 | 11908.23 | 14174.88 | 15486.10 | 15171.78 | 15020.46 | 12790.10 | 10114.16 | 10942.09 |
| परिचालनगत व्यय/ Operating Expenses | 1641.71 | 1783.55 | 1996.79 | 2392.01 | 2525.36 | 2879.60 | 3101.79 | 3200.88 | 3486.06 | 5175.19 |
| परिचालनगत लाभ/ Operating Profit | 2622.40 | 2855.97 | 3037.00 | 3039.40 | 3027.45 | 3095.02 | 4439.53 | 3950.41 | 3894.46 | 3802.49 |
| निवल लाभ/Net Profit | 1413.27 | 1506.04 | 1434.67 | 561.72 | 584.26 | -506.48 | 561.21 | -4053.94 | -6332.98 | -2391.59 |
| **मुख्य अनुपात / Key Ratios** | | | | | | | | | | |
| पूँजी पर्याप्तता अनुपात (%)/ Capital Adequacy Ratio (%) | #12.90 ##14.11 | #11.94 ##13.00 | #11.38 ##12.33 | ##12.21 ###11.64 | ##11.80 ###11.09 | ##10.88 ###10.56 | ##11.90 ###11.32 | ##NA ###9.23 | ##NA ###12.30 | ##NA ###11.53 |
| औसत अस्तियों पर प्रतिलाभ (%)/Return on Average Assets (%) | 1.21 | 1.06 | 0.88 | 0.29 | 0.28 | - 0.23 | 0.23 | -1.67 | -3.14 | -1.13 |
| ईक्विटी पर प्रतिलाभ (%)/ Return on Equity (%) | 20.70 | 18.20 | 16.27 | 5.72 | 5.68 | - 4.64 | 4.66 | -36.50 | -46.21 | -15.78 |
| प्रति शेयर अर्जन (₹)/ Earnings per Share (₹) | $98.50 | $101.67 | $96.74 | $35.75 | $$6.97 | $$- 5.48 | $$5.17 | $$-35.30 | $$-30.06 | $$-3.99 |
| प्रति शेयर बही मूल्य (₹)/ Book Value per Share (₹) | $497.62 | $558.69 | $645.76 | $601.95 | $$125.16 | $$110.94 | $$110.82 | $$65.12 | $$27.63 | $$22.94 |
| औसत कार्यशील पूँजी में एनआईएम (ब्याज अर्जित करनेवाली आस्तियाँ/ NIM to Average Working Funds(Interest earning assets) | 2.85 | 2.48 | 2.29 | 2.10 | 2.07 | 2.06 | 2.12 | 2.32 | 3.05 | 2.83 |
| कुल आय में ब्याजेतर आय (%)/ Non-interest income to total income (%) | 12.09 | 10.29 | 9.49 | 8.40 | 7.05 | 8.21 | 13.70 | 11.60 | 10.70 | 18.82 |
| सकल अग्रिमों में सकल एनपीए (%)/Gross NPA to Gross Advances (%) | 0.91 | 1.26 | 1.72 | 3.42 | 4.81 | 9.98 | 11.70 | 17.35 | 15.35 | 13.80 |
| निवल अग्रिमों में निवल एनपीए (%)/Net NPA to Net Advances (%) | 0.46 | 0.87 | 1.19 | 2.32 | 3.08 | 6.53 | 8.33 | 11.74 | 5.71 | 4.91 |
| लाभांश/Dividend (₹) | $20.00 | $20.50 | $19.00 | $6.75 | $$1.40 | $$0.00 | $$0.00 | $$0.00 | $$0.00 | $$0.00 |

# बेसल I के अनुसार. # As per Basel I.
## बेसल II के अनुसार. ## As per Basel II.
### बेसल III के अनुसार. ### As per Basel III.
$ अंकित मूल्य प्रति शेयर ₹ 10/- हेतु. $ For FV ₹ 10/- per share.
$$ अंकित मूल्य प्रति शेयर ₹ 2/- हेतु. $$ For FV ₹ 2/- per share.

कार्पोरेशन बैंक Corporation Bank

1 31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष के लेखा-परीक्षित तुलन-पत्र एवं लाभ-हानि लेखा सहित बैंक की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए निदेशक मंडल को प्रसन्नता हो रही है.

**2 निष्पादन की एक झलक:**

2.1 31 मार्च, 2020 को बैंक का कुल कारोबार रु. 3,45,896 करोड़ है, जो कि 31 मार्च, 2019 के रु.3,19,616 करोड़ से अधिक रहा.

2.2 31 मार्च, 2020 को बैंक की कुल जमाराशियाँ रु. 2,05,355 है, जबकि यह 31 मार्च, 2019 को रु. 1,84,568 करोड़ था.

2.3 कुल जमाराशियों में कासा का हिस्सा 31.59% (31.03.2019) की जगह 30.57% (31.03.2020) रहा. औसत कासा में साल-दर-साल आधार पर रु. 557.60 करोड़ (1.10%) से वृद्धि हुई. यह 31.03.2019 के रु. 51,081.19 करोड़ से 31.03.2020 को रु.52990.58 करोड़ तक पहुँच गया. औसत एसबी 3.90% की वृद्धि के साथ 31.03.2019 के रु. 39,913.26 करोड़ से 31.03.2020 को रु.42,279.52 करोड़ हो गया है. औसत सीए 7.76% की कमी के साथ 31.03.2019 के रु. 11,167.93 करोड़ से 31.03.2020 को रु. 10,711.06 करोड़ हो गया है.

2.4 बैंक ने ऋण जोखिम प्रबंधन संबंधी अपनी नीति के अनुरूप गुणवत्तायुक्त ऋण आस्तियों में विस्तार करने में अपना विवेकपूर्ण दृष्टिकोण पूर्ण सावधानीपूर्वक बनाए रखा. बैंक का ऋण आंकड़ा रु. 6,148 करोड़ (5.07%) की वृद्धि के साथ 31 मार्च 2019 के रु. 1,21,251 करोड़ के मुकाबले 31.03.2020 को रु. 1,27,399 करोड़ के स्तर तक पहुँचा.

2.5 31.03.2019 के 65.69% की तुलना में 31.03.2020 को 62.04 % ऋण-जमा अनुपात रहा.

2.6 बैंक ने गैर-निष्पादक आस्तियों की वसूली में विशिष्ट तरीकों और ज्यादा समय देकर अपना अधिकाधिक प्रयास जारी रखा. वित्त वर्ष के दौरान बैंक ने गत वर्ष की रु. 4509 करोड़ की तुलना में रु. 5,661 करोड़ गैर-निष्पादक आस्तियों की नकद वसूली तथा उन्नयन किया है.

2.7 बैंक को गत वर्ष के रु. 6,333 करोड़ की निवल हानि के मुकाबले रु. 2,392 करोड़ की निवल हानि हुई है.

2.8 31.03.2020 को पूरे देश में फैली बैंक की 9972 कार्यात्मक इकाइयाँ थीं जिनमें 2,432 शाखाएं, 3015 एटीएम और 4525 शाखा रहित बैंकिंग इकाइयाँ हैं.

**3 आय विश्लेषण**

3.1 बैंक की ब्याज आय में वर्ष 2018-19 के रु. 15622.63 करोड़ से रु. 547.95 करोड़ (3.51%) की वृद्धी होकर वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान रु. 16170.58 करोड़ रही और वित्त वर्ष 2018-19 के दौरान के ब्याज व्यय रु. 10114.16 करोड से रु. 827.93 की वृद्धि होकर वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान रु. 10,942.09 करोड़ रही.निवल ब्याज आय में वर्ष 2018-19 के रु. 5,508.47 करोड़ की तुलना में कमी होकर वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान रु 5,228.49 करोड़ (-5,08%) हुई.

(रु. करोड़ में)

| विवरण | 2018-19 | 2019-20 | % परिवर्तन |
|---|---|---|---|
| **आय** | | | |
| ब्याज आय | 15,622.63 | 16,170.58 | 3.51 |
| ब्याजेतर आय | 1,872.07 | 3,749.20 | 100.27 |
| कुल आय | 17,494.70 | 19,919.78 | 13.86 |
| **व्यय** | | | |
| ब्याज व्यय | 10,114.16 | 10,942.09 | 8.19 |
| परिचालन व्यय | 3,486.06 | 5,175.18 | 48.45 |
| कुल व्यय | 13,600.22 | 16,117.27 | 18.51 |
| परिचालन लाभ | 3,894.48 | 3,802.51 | (2.36) |
| प्रावधान एवं आकस्मिकताएं -(कर रहित) | 11,943.15 | 3,548.16 | (70.29) |
| कर पूर्व लाभ | (8,048.68) | 254.35 | 103.16 |
| कर हेतु प्रावधान | (1,715.70) | 2,645.93 | 254.22 |
| **निवल लाभ** | (6,332.98) | (2,391.58) | (62.24) |

3.2 बैंक की कुल आय (ब्याज आय और ब्याजेतर आय का योग) पिछले वित्त वर्ष के रु. 17,494.70 करोड़ की तुलना में रु. 2,425.08 करोड़ (13.86%) की वृद्धि दर्ज करते हुए रु. 19,919.78 करोड़ हो गई.

3.3 प्रमुख क्षेत्रों से प्राप्त ब्याजेतर आय वित्तीय वर्ष 2018-19 के रु. 1099.72 करोड़ से रु. 47.40 करोड़ (4.31%) कम होकर वित्तीय वर्ष 2019-20 में रु. 1,052.32 हो गई. कुल ब्याजेतर आय 31.03.2019 के रु. 1872.07 करोड़ से बढ़ कर 31.03.2020 को 3,749.20 करोड़ हो गई. फलत: वृद्धि 100.27% हुई.

3.4 वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान परिचालन व्ययों में 48.45% की वृद्धि हुई है और यह वित्तीय वर्ष 2018-19 के रु. 3,486.06 करोड़ की तुलना में रु. 5,175.18 करोड़ रहा.

3.5 स्टाफ पर व्यय वर्ष 2018-19 के रु. 1,746.95 करोड़ से बढ़कर वर्ष 2019-20 के दौरान रु. 3,372.70 करोड़ हो गया.

**4. कीमत-लागत अंतर विश्लेषण**

(करोड़ में)

| ब्यौरे | 2018-19 | 2019-20 | वृद्धि | |
|---|---|---|---|---|
| | | | समग्र | % |
| औसत कार्यशील निधियाँ | 2,01,824.92 | 2,11,704 | 9,879 | 4.89 |

| ब्यौरे | 2018-19 | 2019-20 | वृद्धि | |
|---|---|---|---|---|
| | | | समग्र | % |
| कुल ब्याज आय | 15,622.63 | 16,170.58 | 547.95 | 3.51 |
| व्यय किया गया कुल ब्याज | 10,114.16 | 10,942.09 | 827.93 | 8.19 |
| ब्याज कीमत-लागत अंतर | 5,508.47 | 5,228 | (280) | (5.08) |
| निधियों पर प्रतिफल | 7.74% | 7.64% | | |
| निधियों की लागत | 5.01% | 5.17% | | |
| अग्रिमों पर आय | 9.43% | 9.19% | | |
| जमाराशियों की लागत | 5.40% | 5.62% | | |
| निवल ब्याज मार्जिन | 3.05% | 2.83% | | |

**5 परिचालन लाभ**

5.1 परिचालन लाभ 31.03.2019 के रु. 3,894.47 करोड़ की तुलना में 31.03.2020 को रु. 3,802.51 करोड़ हो गया.

5.2 मार्च 2020 की तिमाही के दौरान परिचालन लाभ मार्च, 2019 के दौरान के रु. 693.77 करोड की तुलना में रु.(104) करोड़ रहा.

5.3 मार्च 2020 तिमाही हेतु निवल ब्याज मार्जिन मार्च 2019 तिमाही के 2.63% के सापेक्ष 2.83 % रहा.

5.4 आस्ति उपयोगिता अनुपात (औसत कार्यशील निधियों में सकल लाभ का प्रतिशत) वित्तीय वर्ष 2018-19 के 1.93% के मुकाबले वित्तीय वर्ष 2019-20 में 1.80% रहा.

**6. प्रावधान**

6.1 अशोध्य एवं संदिग्ध ऋणों में हुई कमी हेतु प्रावधान, मानक आस्तियों, कराधान, निवेश मूल्यह्रास एवं अन्य हेतु प्रावधान वित्तीय वर्ष 2018-19 के रु. 10,227.45 करोड़ की तुलना में वित्तीय वर्ष 2019-20 में रु 6,194.09 करोड़ रहा.

**7. निवल लाभ तथा लाभांश**

7.1 एनपीए स्तर को 6% से कम करने हेतु ऋण में हानि के कारण रु. 6,194.09 करोड़ के प्रावधानों को ध्यान में रखने के बाद, 31.03.2019 को समाप्त वर्ष को बैंक की निवल हानि रु. 6,332.98 करोड़ की तुलना में वित्त वर्ष 2019-20 के लिए निवल हानि रु. 2,391.58 करोड़ रहा.

7.2 निदेशक मंडल ने वित्त वर्ष 2019-20 हेतु कोई भी लाभांश संस्तुत नहीं किया है.

| वर्ष | निवल लाभ/हानि [करोड़ में] | वृद्धि % |
|---|---|---|
| 2015-16 | -506.48 | (-)186.69% |
| 2016-17 | 561.21 | (+)210.81% |
| 2017-18 | -4053.94 | (-)822.36% |
| 2018-19 | -6,332.98 | (+)56.22% |
| 2019-20 | -2391.58 | (+)62.24% |

**8. निवल मालियत एवं सीआरएआर**

8.1 बैंक की निवल मालियत 31 मार्च, 2019 के रु. 16,564.86 करोड़ से 31 मार्च, 2020 को रु. 13,750 करोड़ हो गई.

8.2 वर्ष के दौरान, बैंक ने निर्गम और बेसल III के अनुपलित टीयर II के 1,000.00 बॉन्ड्स के आवंटन के माध्यम से पूंजी जुटाई है.

8.3 पूँजी पर जोखिम समायोजित आस्ति अनुपात (सीआरएआर) जो वित्तीय वर्ष 31 मार्च, 2019 के 12.30% की तुलना में 31 मार्च, 2020 को 11.54% (बासेल III) रहा.

| प्रवर्ग | बासेल III | |
|---|---|---|
| | मार्च 2019 | मार्च 2020 |
| टियर I पूंजी | 10.52% | 9.05% |
| टियर II पूंजी | 1.78% | 2.49% |
| कुल | 12.30% | 11.54% |

8.4 ईक्विटी पर प्रतिलाभ, प्रति शेयर अर्जन और प्रति शेयर बही मूल्य पिछले वित्त वर्ष के क्रमशः (46.21%), ₹ (30.06) एवं ₹ 27.63 की तुलना में वित्तीय वर्ष 31 मार्च 2020 को क्रमशः (15.78) % ₹ (3.99) एवं ₹ 22.94 रहा. वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान बैंक की ईक्विटी पूंजी की वृद्धि के प्रभाव को परिकलन हेतु लिया गया है.

**9. समेकित लेखे**

9.1 भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार, बैंक ने 31 मार्च, 2020 के अपने वित्तीय लेखों का अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी अर्थात् कार्पबैंक सिक्युरिटीज़ लि. के लेखों के साथ समेकन किया है. 31 मार्च, 2020 के समेकित विवरण के अनुसार, कार्प बैंक ग्रुप की निवल मालियत रु. 16651.45 करोड़ रही. वित्त वर्ष 2019-20 हेतु समेकित परिचालन लाभ 31.03.2019 के रु. 3,956.03 करोड़ की तुलना में रु. 3,903.15 करोड़ रहा. वित्त वर्ष 2019-20 के दौरान बैंक की समेकित निवल हानि, 31.03.2019 को समाप्त वर्ष हेतु रु. 4,049.93 करोड़ की हानि के मुकाबले रु. 6,325.29 करोड़ रहा. बैंक ने भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों तथा भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा निर्धारित लेखा मानदंडों का अनुपालन किया है.

**10. बैंक के सेवा-आउटलेट**

10.1 31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष के दौरान बैंक के कुल सेवा आउटलेट जिसमें देश भर में 2432 शाखाएं और 2623 एटीएम शामिल हैं. कुल

2432 शाखाओं में से 588 शाखाएं ग्रामीण क्षेत्रों में हैं, 794 शाखाएं अर्ध शहरी केंद्रों में, 518 शाखाएं शहरी केंद्रों में और 532 शाखाएं महानगरीय केंद्रों में हैं.

10.2 बैंक के कुल 34 आंचलिक कार्यालय हैं जो बेहतर नियंत्रण, निगरानी और बैंक के कारोबार के विकास हेतु शाखाओं के साथ अनुवर्तन करते हैं. बैंक के मुंबई, दिल्ली, बेंगलूर एवं चेन्नै, में महा प्रबंधक के अधीन 4 मंडल कार्यालय भी हैं. ये मंडल कार्यालय, कार्पोरेट कार्यालय के विस्तारित अंग के रूप में कार्य करते हैं और ये अपने अधिकार क्षेत्र में आंचलिक कार्यालयों के माध्यम से कारोबार विकास योजनाओं का सहयोग एवं संचालन करने की बेहतर स्थिति में हैं. कार्पोरेट कार्यालय के जिन कार्यों को मंडल कार्यालयों को प्रत्यायोजित किया गया है, वे हैं आयोजना, विकास एवं संसाधन संग्रहण, ऋण मंजूरी, ऋण जोखिम प्रबंधन, वसूली एवं विधि, मानव संसाधान प्रबंधन, सहयोग सेवा और निरीक्षण एवं लेखा-परीक्षा.

## 11. विज्ञापन एवं प्रचार

11.1 वर्ष के दौरान बैंक के ब्रैंड और छवि निर्माण हेतु सघन प्रयास किए गए. बैंक ने अपने उत्पादों, सेवाओं, ब्याज दरों एवं निष्पादन से संबंधित सूचना ग्राहकों, शेयरधारकों तथा आम जनता को समाचार पत्रों, पत्रिकाओं, टीवी चैनलों, एफएम रेडियो स्टेशनों, होर्डिंग, ट्रान्सलाइट वेबसाइट, एटीएम इत्यादि के माध्यम से विज्ञापनों एवं प्रचार के ज़रिए पहुँचाना जारी रखा.

## 12. सरकारी कारोबार और बैंकाश्योरेन्स

12.1 31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष हेतु बैंक का कुल प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष कर, सीमा शुल्क तथा राज्य कर संग्रहण पिछले वर्ष इसी अवधि के दौरान संग्रहित 21.37 लाख चालानों से रु. 49749 करोड़ की तुलना में 18.91 लाख चालानों से रु. 28112 करोड़ रहा. बैंक ने वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान सरकारी कारोबार से रु. 8.26 करोड़ की कुल आय अर्जित की.

12.2 बैंक ने जीवन बीमा कारोबार के तहत 31 मार्च, 2019 के रु. 8,902.82 लाख के प्रीमियम तथा रु. 536.04 लाख के कमीशन के साथ 4,55,190 पालिसियों की तुलना में 31 मार्च 2020 को रु. 8,387.09 लाख के प्रीमियम तथा रु. 543.54 लाख के कमीशन के साथ 5,50,327 पालिसियों का प्रचार किया (इसमें रु. 1474.52 लाख के प्रीमियम तथा रु. 209.88 लाख के कमीशन के साथ प्रधान मंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत 5,45,772 नामांकन शामिल हैं).

12.3 बैंक ने गैर-जीवन कारोबार के तहत 31 मार्च, 2019 के रु. 2,308.28 लाख के प्रीमियम तथा रु. 294.25 लाख के कमीशन के साथ 12,66,081 पालिसियों की तुलना में 31 मार्च, 2020 को रु. 2,116.93 लाख के प्रीमियम तथा रु. 291.91 लाख के कमीशन के साथ 16,50,069 पालिसियों का प्रचार किया (इसमें रु. 192.08 लाख के प्रीमियम के साथ प्रधान मंत्री सुरक्षा बीमा योजना के 16,00,681 नामांकन शामिल हैं तथा रु. 32.01 लाख का कमीशन अर्जित किया).

12.4 बैंक ने स्वास्थ्य बीमा कारोबार के तहत 31 मार्च 2019 के रु. 155.33 लाख की तुलना में 31 मार्च, 2020 को समाप्त अवधि हेतु रु. 214.96 लाख का कमीशन अर्जित किया.

12.5 बैंक ने म्यूचुअल फंड कारोबार के तहत 31 मार्च 2019 के रु. 14.70 लाख की तुलना में 31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष हेतु रु. 9.96 लाख का कमीशन अर्जित किया.

## 13. कार्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी

जिम्मेदार कार्पोरेट नागरिक के रूप में, बैंक ने वित्तीय वर्ष 2019-2020 के दौरान सामाजिक प्राथमिकताओं में अपनी प्रतिबद्धता की पूर्ति हेतु समाज के अल्प सुविधा प्राप्त वर्ग के लिए कई कल्याणकारी उपाय शुरु किए हैं.

### 13.1 कार्पोरेशन बैंक आर्थिक विकास मंच [सीबीईडीएफ]:

कार्पोरेशन बैंक आर्थिक विकास मंच (पं) बैंक की एक लाभ-रहित आर्थिक इकाई के रूप में कार्पोरेट मिशन के अनुरूप अपने सामाजिक दायित्व को निभाते आ रहा है. बैंक की सभी सी एस आर गतिविधियाँ सीबीईडीएफ के तत्वाधान में आयोजित की जाती हैं. वर्ष 2019-20 के दौरान सीबीईडीएफ के माध्यम से सामाजिक सरोकार की विभिन्न परियोजनाओं के निष्पादन हेतु रु. 362.89 लाख के वित्तीय अनुदान वितरित किए गए. वित्त वर्ष 2019-20 के दौरान सीबीईडीएफ द्वारा निष्पादित गतिविधियों में कुछ बड़े सीएसआर प्रोजेक्ट निम्नलिखित हैं-

### 13.2 ''कार्प किरण''-बैंक के कार्यपालकों की पत्नियों का एक समूह के जरिए सीएसआर गतिविधियाँ

बैंक ने वित्त वर्ष 2019-20 के दौरान अल्पसुविधा प्राप्त लोगों के कल्याण हेतु ''कार्प किरण'' के माध्यम से विभिन्न संस्थाओं को रु.95.56 लाख प्रदान किए. प्रमुख क्रियाकलापों में गरीब स्कूली छात्रों को तथा अनाथाश्रमों, वृद्धाश्रमों, शारीरिक एवं मानसिक रूप से अक्षम लोगों को सहायता देने वाले निराश्रित गृहों के निवासियों को बेंच, डेस्क, कपबोर्ड,अलमारी,प्रिंटर्स, कम्प्यूटर, वाटर प्यूरीफायर, पेडेस्ट्रल पंखे आदि देना.

वित्त वर्ष 2019-20 के दौरान किए गए कुछ प्रमुख सीएसआर पहलों के तहत सरकारी गीतांजली महिला महाविद्यालय, भोपाल (एमपी) को डेस्कटॉप कंप्यूटर और वाटर कूलर प्रदान करना, श्री कोंडा कोटा रेड्डी गवर्नमेंट जूनियर कॉलेज, डामरमाडुगु, नेल्लोर जिला में शौचालय का निर्माण करना है. हेल्थ ओरिएंटेड प्रोजेक्ट एस्टेब्लिशमेंट (HOPE) कन्नूर में सिलाई मशीनें उपलब्ध कराना, जो कि केरल में उन रोगियों के लिए उपशामक उपचार में लगा हुआ है जो खतरनाक बीमारी जैसे कि कैंसर, किडनी फेल्योर आदि बीमारियों से पीड़ित हैं. शिमोगा इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, शिमोगा को तीन डायलिसिस मशीने. ''लाइफ'' प्रोजेक्ट राजकोट, गुजरात के लिए कढ़ाई और सिलाई मशीन, सरकारी मेडिकल कॉलेज, एर्नाकुलम को मेडिकल एड की सुविधाएं, रोगियों, छात्रों और कर्मचारियों को कॉलेज, अस्पताल से दूरदराज के ग्रामीण क्षेत्रों में परिवहन सुविधा प्रदान करने के लिए

चमराजा नगर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, चमराजा नगर, (केए) के लिए बस, COBSETI, कोडागु के माध्यम से 26 आदिवासी महिलाओं को सिलाई मशीनें, श्री श्रृंगेरी शारदा पीठम, श्रृंगेरी (केए) द्वारा संचालित अस्पताल (SAVMSJC) के लिए ऑपरेशन थियेटर से संबंधित चिकित्सा उपकरण एवं अस्पताल में उपयोग होने वाले अन्य फर्नीचर, भगिनी समाज के अनाथालय मंगलुरु (केए) के बच्चों के लिए उपचार कक्ष का निर्माण, गांधी एडेड प्राइमरी स्कूल, मेलपेट्टई, विलेज, तिंडीवनम, विल्लीपुरम जिला, (टीएन) में स्कूल भवन का निर्माण.

**13.3 कार्पोरेशन बैंक स्वरोज़गार प्रशिक्षण संस्थान (सीओबीएसईटीआई)**

कार्पोरेशन बैंक स्वरोज़गार प्रशिक्षण संस्थान (सीओबीएसईटीआई) चिकमगलूर और कोडगु जिलों में स्थित है, जो बेरोज़गार युवकों की व्यावसायिक प्रशिक्षण आवश्यकताओं को पूरा करते हैं जहाँ बैंक को अग्रणी बैंक की जिम्मेदारी है. वर्ष 2019-20 के दौरान दोनों संस्थानों ने कुल मिलाकर 1637 बेरोज़गार युवकों को विभिन्न कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रमों के अंतर्गत प्रशिक्षित किया. संचयी निपटान दर 77.24% के साथ स्थापना समय से लेकर दोनों संस्थानों द्वारा लगभग 19561 बेरोज़गार युवकों को प्रशिक्षित किया. बैंक ने वर्ष 2019-20 के दौरान दोनों संस्थाओं में प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं अन्य आवर्ती व्यय आयोजित करने के लिए ₹ 50.0 लाख का व्यय किया है और दोनों संस्थानों को उनके प्रशिक्षण में उत्कृष्टता केलिए ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा वर्ष 2019 हेतु ''AA'' ग्रेड दिया गया है.

**13.4 ''ग्रामीण'' अभ्युदय वित्तीय साक्षरता ''ट्रस्ट'' (जीएएफएल ट्रस्ट) के जरिए सीएसआर**

बैंक ने विभिन्न केद्रों में ''वित्तीय'' साक्षरता ''केंद्र'' (एफएलसी) स्थापित करने के लिए ग्रामीण अभ्युदय वित्तीय साक्षरता न्यास को प्रायोजित किया है. ये केद्र लोगों को अपनी आर्थिक आवश्यकताओं एवं सशक्तिकरण के लिए बैंकिंग सुविधाओं की उपयोगिता के बारे में शिक्षित करते हैं. ये केंद्र, बीमा, बैंक में बचत, और ऋण से संबंधित उत्पाद/सेवाओं आदि सहित वित्तीय पहलुओं के आधार पर उधारकर्ताओं को परामर्श भी देते हैं. 31.03.2020 तक की स्थिति के अनुसार जीएएफएलसीसी ट्रस्ट ने 4 ज़िला स्तरीय और 21 ब्लॉक स्तरीय एफएलसी केद्र स्थापित किए हैं.

बैंक ने वर्ष 2019-20 के दौरान उक्त ट्रस्ट की आवर्ती लागत हेतु रु. 35.00 लाख प्रदान किया है. ट्रस्ट ने गाँवों, स्कूलों, कॉलेजों, अन्य संस्थाओं, स्वसहायता समूहों व अन्य स्थानों में 1812 वित्तीय साक्षरता शिविर आयोजित किए हैं जिनमें लगभग 105463 व्यक्तियों ने भाग लिया.

**13.5 एसएचजी निर्माण के जरिए सी एस आर:**

वर्ष के दौरान, बैंक ने कर्नाटक के छह जिलों में 14593 नए स्व सहायता समूहों को बढ़ावा देने के लिए रु.145.93 लाख का व्यय किया है. इस बड़ी सीएसआर गतिविधि के माध्यम से इन एसएचजी के सदस्यों वाले 145930 परिवारों की मदद करके उन्हें वित्तीय सशक्तता प्रदान की है. अब इनकी पहुँच जमा और ऋण सुविधाओं सहित बैंकिंग सुविधाओं तक है. उन्हें अपने संबंधित समूह बही खातों का अनुरक्षण तथा लेखा रखने पर प्रशिक्षण दिया गया. समूहों की नियमित बैठकों के आयोजन से सदस्यों को उन्मुक्त विचार विमर्श करने एवं अपनी बात रखने हेतु प्रोत्साहन मिलता है.

## 14 राजभाषा का प्रगामी प्रयोग

14.1 बैंक, राजभाषा अधिनियम, 1963, राजभाषा नियम, 1976 तथा राजभाषा हिन्दी के कार्यान्वयन के संबंध में राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, वित्तीय सेवाएं विभाग, वित्त मंत्रालय और भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करता है.

14.2 राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में वर्ष 2019-20 के दौरान बैंक का समग्र निष्पादन अच्छा रहा है. बैंक को वर्ष के दौरान राजभाषा कार्यान्वयन हेतु राष्ट्रीय स्तर के निम्नलिखित पुरस्कारों से पुरस्कृत किया गया है:

(क) ''ग'' क्षेत्र में **राजभाषा उत्कृष्टता पुरस्कार** - वित्त मंत्रालय द्वारा पहला पुरस्कार.

(ख) **राजभाषा कीर्ति पुरस्कार** - राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा ''ग'' क्षेत्र में एफआई श्रेणी में द्वितीय पुरस्कार.

(ग) क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय, दक्षिणी क्षेत्र द्वारा **राजभाषा पुरस्कार.**

हमारे अंचल कार्यालयों - कोच्चि, ठाणे, वाराणसी, वडोदरा, बैंगलोर (दक्षिण), राजकोट, उडुपी, मैसूर, पुणे, नेल्लूर और कोयम्बटूर के साथ-साथ 10 अन्य शाखाओं को उनके राजभाषा कार्यान्वयन में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु अपने-अपने नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (TOLIC) से पुरस्कार मिले.

14.3 बैंक नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास),मंगलूर,बेलगांव, नेल्लूर एवं मडिक्केरी का संयोजक है. सदस्य संगठनों/ बैंकों के स्टाफ के लाभार्थ हर वर्ष विभिन्न कार्यकलाप किए जाते हैं.

14.4 वित्त वर्ष के दौरान वित्तीय सेवाएँ विभाग, वित्त मंत्रालय ने हमारे अंचल कार्यालय मेरठ, दिल्ली (उत्तर), राजकोट,कोलकाता साथ ही साथ हरिद्वार और ऋषिकेश शाखाओं का निरीक्षण किया. विभिन्न निरीक्षणों के दौरान बैंक द्वारा राजभाषा कार्यान्वयन में बैंक द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की.

14.5 बैंक ने नगर राजभाषा कार्यन्वयन समिति, मंगलूर के साथ संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 29 अक्टूबर 2019 को भाषायी सौहार्द दिवस (हिंदी दिवस) का आयोजन किया.

14.7 प्रधान कार्यालय एवं आँचलिक कार्यालयों द्वारा स्टाफ सदस्यों के लाभार्थ हिन्दी कार्यशालाएं और प्रशिक्षण भी नियमित रूप से आयोजित किए गए.

14.8 कार्यालय में राजभाषा कार्यान्वयन के अलावा बैंक ने दक्षिण कन्नड़ हिंदी शिक्षक संघ, संत फिलोमीना कॉलेज, संत एगनेस कॉलेज एवं संत अलोसियस कॉलेज मंगलूरु के हिंदी संघ जैसे संगठनों से मिलकर मंगलूरु के आसपास के छात्रों एवं अध्यापकों के लाभार्थ विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए हैं. इसके अतिरिक्त आकाशवाणी मंगलूरु द्वारा राजभाषा भारती कार्यक्रम भी प्रसारित किया गया.

15 **बैंक द्वारा प्रायोजित अनुषंगियों एवं अन्य इकाईयों का निष्पादन:**

15.1 **कार्प बैंक सिक्युरिटीज़ लिमिटेड:** बैंक की पूर्ण स्वामित्ववाली अनुषंगी कार्प बैंक सिक्युरिटीज़ (सीबीएसएल) ने वित्त वर्ष 2019-20 के दौरान रु. 8.74 करोड़ की कुल आय, रु. 7.56 करोड़ का कर पूर्व लाभ तथा रु. 3.21 करोड़ का कर उपरांत लाभ (चालू वर्ष के लिए रु. 2.80 करोड़ के कर प्रावधान, रु. 1.56 करोड़ के बाय बॅक इक्विटी शेयर पर कर. पूर्व वर्षों के लिए रु.0.01 करोड़ का कर प्रावधान, रु. 0.004 करोड़ की आस्थगित कर आस्ति के प्रत्यावर्तन के लेखांकन के बाद) वित्तीय वर्ष 2019-20 हेतु अर्जित किया है जबकि वित्त वर्ष 2018-19 हेतु ये आंकड़े क्रमश: रु. 9.73 करोड़, रु. 8.69 करोड़ और रु. 7.68 करोड़ थे (चालू वर्ष के लिए रु. 2.40 करोड़ के कर प्रावधान, पूर्व वर्षों के लिए रु.1.42 करोड़ का कर प्रावधान, रु. 0.02 करोड़ की आस्थगित कर आस्ति के प्रत्यावर्तन के लेखांकन के बाद) 31.3.2020 को प्रदत्त ईक्विटी शेयर पूंजी रु. 56.25 करोड़ रही जिसमें 10 रु. अंकित मुल्य के 5,62,50,000 ईक्विटी शेयर शामिल है. (1,87,50,000 इक्विटी शेयरों की पोस्ट बाय-बैक, जिसमें 25% भुगतान किया गया इक्विटी शेयर पूंजी @ 13.75 प्रति शेयर कुल विचार के साथ कुल रु. 25.78 करोड़) जबकि अधिशेष के पुनर्निवेश के साथ निवल मालियत रु.102.07 करोड़ रही. मार्च 2020 को समाप्त वित्त वर्ष हेतु प्रति शेयर अर्जन रु. 0.46 रहा जबकि मार्च 2019 को समाप्त वित्त वर्ष के लिए यह रु. 1.02 था. कंपनी ने वित्त वर्ष 2015-16 में संस्थागत ग्राहकों के लिए इक्विटी ब्रोकिंग व्यवसाय और बाद के वर्ष में मालिकाना व्यापार शुरू किया था. कंपनी म्युचुअल फंड उत्पादों के वितरण और वाणिज्यिक पत्रों, जमा प्रमाणपत्रों, ट्रेज़री बिलों आदि जैसी अनुमोदित प्रतिभूतियों की ट्रेडिंग जैसे क्रियाकलाप जारी रखी हुई है.

16. **निदेशक मंडल की संरचना**

31 मार्च, 2020 को समाप्त वित्तीय वर्ष के दौरान बैंक के निदेशक मंडल में निम्नलिखित परिवर्तन हुए हैं.

16.1 श्री पी के पांडा को बैंक के बोर्ड में निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया था और 26.04.2019 को पदभार ग्रहण किया.

16.2 श्री आलोक तिवारी को बैंक के बोर्ड में निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया था, जो 05.03.2020 से केंद्र सरकार के नामांकित निदेशक के रूप में केंद्र सरकार का प्रतिनिधित्व करते थे.

2019-20 की अवधि के दौरान बैंक के बोर्ड से निम्नलिखित सदस्य सेवानिवृत्त हुए:

16.3 बैंक के अंशकालिक गैर-आधिकारिक निदेशक, श्री देवरकोंडा दिप्तिवलास, 24 अप्रैल, 2019 को अपना कार्यकाल पूरा होने के उपरांत दिनांक 25 अप्रैल, 2019 से बैंक के निदेशक नहीं रहे.

16.4 बैंक के कार्यकारी निदेशक श्री गोपाल मुरली भगत 23 अगस्त, 2019 को बैंक के कार्यकारी निदेशक के रूप में अपना कार्यकाल पूरा होने के उपरांत दिनांक 24 अगस्त, 2019 से बैंक के कार्यकारी निदेशक नहीं रहे.

16.5 बैंक के अंशकालिक गैर-आधिकारिक निदेशक, श्री एम भगवंत राव 29 फरवरी, 2020 को अपना कार्यकाल पूरा होने के उपरांत दिनांक 1 मार्च, 2020 से बैंक के निदेशक नहीं रहे.

16.6 बैंक के बोर्ड में प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्रीमती पी वी भारती 31 मार्च, 2020 को बैंक के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में अपना कार्यकाल पूरा होने के उपरांत दिनांक 1 अप्रैल, 2020 से बैंक के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी नहीं रहीं.

16.7 बोर्ड ने श्रीमती पी वी भारती, श्री गोपाल मुरली भगत, श्री देवरकोंडा दिप्तिवीलास और श्री एम भगवंत राव, से बोर्ड के समितियों / समितियों के विचार-विमर्श के दौरान और बैंक के निदेशक के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान बैंक के व्यवसाय के संचालन में प्राप्त मार्गदर्शन और परामर्श के लिए भी इनकी सराहना की.

17 **निदेशकों के दायित्व विवरण**

निदेशक पुष्टि करते हैं कि 31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष के वार्षिक लेखों की तैयारी मे-

17.1 महत्त्वपूर्ण विचलन, यदि कोई है, के संदर्भ में उचित स्पष्टीकरण के साथ लागू लेखांकन मानकों का पालन किया गया है.

17.2 लेखा नीतियों का चयन करके उन्हें सतत रूप से लागू किया गया तथा ऐसे अनुमान और प्राक्कलन किए गए जो युक्तिसंगत और विवेकसम्मत हैं कि वे वित्त वर्ष के अंत में बैंक की स्थिति और उक्त अवधि के लिए बैंक के लाभ और हानि की वास्तविक एवं सही तस्वीर दें.

17.3 बैंक की आस्तियों को सुरक्षित रखने तथा कपट एवं अन्य अनियमितताओं को रोकने और पता लगाने हेतु इस अधिनियम के संबंधित प्रावधानों के अनुसार पर्याप्त लेखा अभिलेखों को रखने के लिए उचित एवं पर्याप्त सावधानी बरती गई.

17.4 वार्षिक लेखे सतत संस्था आधार पर तैयार किए गए थे.

17.5 बैंक द्वारा अनुपालन करने के लिए आंतरिक वित्तीय नियंत्रण निर्धारित किए गए थे और यह कि ऐसे आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर्याप्त थे और कारगर रूप से काम कर रहे थे.

17.6 सभी लागू विधियों के प्रावधानों के साथ अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए उचित प्रणालियाँ निर्धारित की गई थीं और ऐसी प्रणालियाँ पर्याप्त थीं और कारगर रूप से काम कर रही थीं.

**18. आभार**

18.1 बैंक के शेयरधारकों, प्रतिष्ठित ग्राहकों, शुभचिंतकों, शेयर अंतरण एजेंट और भारत तथा भारत के बाहर के प्रतिनिधियों को उनकी सद्भावना, संरक्षण तथा हार्दिक सहयोग हेतु निदेशकगण धन्यवाद ज्ञापित करते हैं.

18.2 भारत सरकार, कर्नाटक सरकार, भारतीय रिज़र्व बैंक, भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी), बीएसई, एनएसई, एनएसडीएल, सीडीएसएल, विभिन्न राज्य सरकारों, वित्तीय संस्थाओं और बैंक के सांविधिक केंद्रीय लेखा परीक्षकों से बैंक परिचालन में प्राप्त बहुमूल्य एवं समयोचित परामर्श, मार्गदर्शन और सहयोग के लिए, निदेशकगण कृतज्ञतापूर्वक आभार ज्ञापित करते हैं.

18.3 निदेशकगण, वर्ष के दौरान बैंक की प्रगति में मूल्यवान सहयोग देने हेतु सभी स्तर के स्टाफ सदस्यों की सराहना करते हैं तथा आने वाले वर्षों में कार्पोरेट लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु उनकी सतत सहभागिता की आशा करते हैं.

**निदेशक मंडल के लिए और उनकी ओर से**

**(राजकिरण रै जी.)**
**प्रबंध निदेशक एंव मुख्य कार्यपालक अधिकारी**

स्थान: मुंबई
दिनांक: 31.07.2020

# प्रबंधन विवेचन और विश्लेषण

1 **वैश्विक अर्थव्यवस्था**

1.1 वित्त वर्ष 2019-20 के दौरान व्यापार तनाव बढने, अव्यवस्थित ब्रेक्सिट और कच्चे तेल की कीमतों में अस्थिरता से प्रेरित वैश्विक वृहत आर्थिक परिदृश्य अत्यधिक अस्थिर था. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष की विश्व आर्थिक आउटलुक रिपोर्ट के अनुसार, वैश्विक विकास 2018 में 3.6 प्रतिशत घटकर 2019 में 2.9 प्रतिशत रही. फरवरी-मार्च, 2020 में कोविड -19 महामारी के फैलने के कारण अस्थिरता और गहरा गई जिसके बाद आर्थिक गतिविधियों में गिरावट और बढ़ गई.

1. महामारी के कारण व्यवधान व्यापक रूप से फैले हुए हैं एवं आगे वैश्विक उत्पादन, आपूर्ति श्रृंखला, व्यापार और पर्यटन में बड़े पैमाने पर अव्यवस्था पैदा करने में सक्षम हैं. अब 2020 में वैश्विक उत्पादन घटता हुआ दिखाई दे रहा है. आईएमएफ ने वैश्विक विकास को 2020 में 4.9% की गिरावट के साथ 2021 में सुधार के साथ 5.4% अनुमानित किया है.

2. **घरेलू अर्थव्यवस्था**

2. भारतीय अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 2019-20 की शुरुआत से मांग में कमी का सामना कर रही है. केंद्रीय सांख्यिकी संगठन (CSO) द्वारा जारी राष्ट्रीय आय के द्वितीय उन्नत अनुमानों के अनुसार, वित्त वर्ष 2019-20 के लिए जीडीपी की वृद्धि पिछले वर्ष के 6.8% की तुलना में 4.2% रही. वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि वित्त वर्ष 2019-20 प्रथम तिमाही में 4.8% थी. आगामी तिमाहियों के दौरान, जीडीपी ने क्रमश: 4.3%, 3.5% और 3.0% की वृद्धि दर्ज की. मार्च के अंतिम सप्ताह में लॉकडाउन के परिणामस्वरूप आर्थिक गतिविधियों में कमी तथा वित्त वर्ष 2019-20 की प्रथम तिमाही में कम वृद्धि के रूझानों के कारण वित्त वर्ष 2019-20 की चौथी तिमाही के दौरान जीडीपी वृद्धि में गिरावट और तेज हो गई.

3. **मूल्य परिदृश्य :**

3.1 उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) द्वारा मापी गई हेडलाइन मुद्रास्फीति वित्त वर्ष 2019-20 के दौरान औसतन 4.7% बढ़ी है जो 6% की अधिकतम अपेक्षित सीमा से कम थी. हालांकि, सब्जियों, फलों और पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतों में तेज उछाल के कारण, हेडलाइन मुद्रास्फीति ने प्रतिबद्ध लक्ष्य को लाँघ कर और जनवरी 2020 में 7.6% तक पहुंच गया.

3. मुख्य मुद्रास्फीति (भोजन और ऊर्जा को छोड़कर मुद्रास्फीति) वित्त वर्ष 2019-20 के दौरान निरंतर मूल्य वृद्धियों के बाद भी औसतन 4.0% की सीमा के भीतर रही.

4 **आय प्रवाह**

4.1 बेंचमार्क 10 वर्ष की जी-सेक आय में वित्त वर्ष 2019-20 के दौरान कमी आई. आय वित्त वर्ष के प्रारंभ में 7.37% से कम होकर 31 मार्च 2020 को 6.67% हो गई. केन्द्रीय वित्त की सतत चिंताएँ, मुद्रास्फीति में बढ़ोत्तरी की प्रत्याशा, सरकारी बांड में कम रुचि और यूएस ट्रेजरी आय में दृढीकरण से आय में कमी आई. वैश्विक महामारी के फैलने और बाजार विश्वास में कमी आने से आय प्रवाह अधिक अस्थिरहुआ. वित्त वर्ष 2019-20 के दौरान औसत जी-सेक 6.84% रही.

5. **बाहरी क्षेत्र**

5.1 भारतीय निर्यात विगत वर्ष के $330 बिलियन से 4.8 प्रतिशत कम होकर वित्त वर्ष 2019-20 में $314 बिलियन रहा. यद्यपि विश्व आपूर्ति श्रृंखला एवं वैश्विक आर्थिक गतिविधि पर कोविड-19 के बुरे प्रभाव से निर्यात में कमी आई, व्यापार वैश्विक महामारी से पहले ही खराब स्थिति में था. भारतीय आयात विगत वर्ष के $514 बिलियन से 9.1 प्रतिशत कम होकर $467 बिलियन हो गए. आयात में निर्यात की अपेक्षा अधिक कमी आने से व्यापार घाटा वित्त वर्ष 2019-20 के लिए कम होकर $153 बिलियन रहा .

5.2 आरबीआई ने वित्त वर्ष 2019-20 के दौरान महत्वपूर्ण रूप से फॉरेक्स शेष में वृद्धि की. अप्रैल 2019 के यूएस $414 बिलियन की तुलना में मार्च 2020 में यह यूएस $62 बिलियन की वृद्धि कर यूएस $476 बिलियन रहा. यद्यपि पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में फॉरेक्स शेष में यूएस $12 बिलियन की कमी आई.

6. **तरलता स्थिति :**

6.1 2019-20 के दौरान अधिकांश समय तरलता आधिक्य स्थिति रही. एलएएफ के अंतर्गत प्रदर्शित निवल अधिशोषण के अनुसार प्रणालीगत तरलता आधिक्य जून 2019 में रु.51710 करोड़ था जो कि क्रमिक वृद्धि के साथ सितंबर 2019 में रु. 1.22 लाख करोड़, दिसंबर 2019 में 2.61 लाख करोड़ और मार्च 2020 में 2.86 लाख करोड़ रहा. मुद्रा बाजार अस्थिरता से निपटने के लिए आरबीआई ने समय पर तरलता प्रबंधन उपाय किए हैं. तरलता आधिक्य को एलएएफ के अंतर्गत रिवर्स रेपो परिचालन के माध्यम से अधिशोषित किया गया .

7 **आरबीआई के नीतिगत निर्णय**

7.1 वित्त वर्ष 2019-20 के दौरान आरबीआई ने मुख्य पॉलिसी रेपो दर 235 बीपीएस घटाई है, जिसमें 160 बीपीएस इनकी छह औपचारिक मौद्रिक नीतियों में तथा 75 बीपीएस की कमी मंदी तथा वैश्विक महामारी के दबाव के परिदृश्य में लाई गई अनौपचारिक सातवीं नीति के द्वारा की गई. वित्त वर्ष 2019-20 के दौरान रिवर्स रेपो दर 175 बीपीएस कम होकर 5.75 प्रतिशत से 4.00 प्रतिशत हो गई. छह औपचारिक नीतियों में रिवर्स रेपो दर 85 बीपीएस की कमी तथा सातवीं नीति में 90 बीपीएस की कमी की गई.

7. इसके अलावा, आरबीआई ने नीलामी के रूप में अपरंपरागत कदम उठाए, जिसे ''ऑपरेशन ट्विस्ट'' के रूप में जाना जाता है, जिसमें एक साथ अल्पकालिक सरकारी प्रतिभूतियों की बिक्री और लंबी अवधि

की प्रतिभूतियों की खरीद शामिल है. रिजर्व बैंक ने तरलता प्रवाहित करने और मौद्रिक संचरण में सुधार लाने के लिए 1 वर्ष और 3 वर्ष की अवधि के पांच दीर्घकालिक रेपो नीलामी का भी आयोजन किया. इसने फॉरेक्स मार्केट में संचयी रूप से अमेरिकी डॉलर की तरलता को प्रवाहित करने के लिए दो खरीद-बिक्री विनिमय नीलामी भी आयोजित की.

**8 बैंकिंग परिदृश्य :**

8.1 बैंकिंग क्षेत्र ने खराब आस्ति गुणवत्ता, लाभप्रदता में मंदी के साथ-साथ मांग में कमी की चुनौतियों का सामना करता रहा. वित्त वर्ष 2019-20 के दौरान कॉरपोरेट और रिटेल दोनों में मांग कमजोर थी.

8.2 वित्त वर्ष 2020 में कुल जमा वृद्धि 7.9% पर समाप्त होने से पूर्व, वर्ष के दौरान 9% से 11% के बीच बनी रही.

8.3 2019-20 के दौरान ऋण ऑफ-टेक, गैर-खाद्य ऋण में 6.1 प्रतिशत वृद्धि के साथ शिथिल रहा जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 13.3 प्रतिशत की वृद्धि से आधे से भी कम था. ऋण वृद्धि में शिथिलता सभी बैंक समूहों में व्याप्त थी.

**9 बैंक का परिचलानात्मक निष्पादन**

**9.1 जमा संग्रहण**

i. 31 मार्च 2020 तक बैंक की कुल जमा (सीडी और इंटरबैंक सहित) 11.26% की साल दर साल वृद्धि दर्ज करते हुए रुपये 20,786.95 करोड़ की वृध्दि के साथ रुपये 2,05,354.78 करोड़ के स्तर पर पहुंच गई.

ii. चालू जमाएँ पिछले वर्ष के रू. 16,200.06 करोड़ के सापेक्ष 31 मार्च 2020 को 3.34% की साल -दर-साल वृध्दि दर्ज करते हुए रू. 541.10 करोड़ की निवल बढ़ोतरी साथ रू. 16,741.16 करोड़ हो गई.

iii. बचत जमाएँ पिछले वर्ष के रू. 42,106.72 करोड़ के सापेक्ष 31 मार्च 2020 को 9.32% की साल-दर-साल वृध्दि दर्ज करते हुए रू. 3,922.34 करोड़ की निवल बढ़ोतरी साथ रू. 46,029.06 करोड़ हो गई.

iv. कुल जमाओं में कासा जमाओं की हिस्सेदारी पिछले वर्ष के 31.59% के सापेक्ष 30.57% रही.

v. औसत कासा 3.79% की बढ़ोतरी से रू. 1,933.21 करोड़ की निवल वृद्धि के साथ हुई रू. 52,990.58 करोड़ हो गया.

vi. सावधि जमा 12.93% साल-दर-साल अभिवृद्धि के साथ रुपये 16,323.50 बढ़ोतरी के साथ पिछले वर्ष के 1,26,261.06 करोड़ रुपये के मुकाबले 31 मार्च 2020 को 1,42,584.56 करोड़ हो गया.

vii. थोक जमाएँ (सीडी तथा बैंक जमाओं सहित रू. 2 करोड़ एवं उससे अधिक की सावधि जमाएँ) 18.63% की वृद्धि से 44,170.16 करोड़ के मुकाबले रू. 52,399.21 करोड़ हो गईं. कुल जमाओं में थोक जमाओं की हिस्सेदारी पिछले वर्ष के 23.93% की जगह 25.52% रही.

viii. जमाओं की लागत वर्ष 2018-19 के 5.40% के सापेक्ष वर्ष 2019-20 में 5.62% रही.

**9.2 ऋण वृद्धि :**

9.2.1 31.03.2020 को बैंक का ऋण पोर्टफोलियो 5.07% की अभिवृद्धि के साथ 31.03.2019 के रू. 1,21,251.21 से कुल रू. 6,147.84 करोड़ की बढ़ोतरी के साथ रू. 1,27,399.05 करोड़ हो गया.

9.2.2. औसत अग्रिम 0.08%. की वृद्धि के साथ मार्च 2019 के रू. 1,16,510.58 से बढ़कर मार्च 2020 में रू. 1,16,608.27 करोड़ रहा. 31.03.2020 को सीडी अनुपात 62.04% रही.

**9.3 प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र ऋण**

**9.3.1 क्षेत्रगत अभिनियोजन:**

ऋण के रूप में प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र में अभिनियोजित कुल राशि मार्च 2020 को रू. 61, 513 करोड़ रही जो समायोजित निवल बैंक ऋण के 40% के भारतीय रिजर्ब बैंक के मानदंड के मुकाबले समायोजित निवल बैंक ऋण का 43.27% है.

लक्ष्य के सापेक्ष बैंक का निष्पादन नीचे सारणी में प्रस्तुत है :

| मानदंड | आरआईडीएफ में निष्पादन मार्च 2020 (रू. करोड़ में) | भारिबैं द्वारा निर्धारित लक्ष्य (एएनबीसी का %) | वित्त वर्ष 20 की उपलब्धि (एएनबीसी का %) # |
|---|---|---|---|
| कुल प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र | 61,513 | 40% | 43.27% |
| कुल कृषि | 24,769 | 18% | 18.24% |
| एस/एमएफ | 13,540 | 8% | 9.88% |
| सूक्ष्म उद्योग | 12,192 | 7.50% | 7.57% |
| कमजोर वर्ग को ऋण | 19,077 | 10% | 13.04% |

# भारतीय रिजर्ब बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार सभी तिमाहियों के लिए सामान्य औसत निकालकर उसका उपयोग प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के उप-लक्ष्यों की गणना करने हेतु किया गया है.

वित्त वर्ष 2019-20 के लिए तिमाही औसत आधार पर कृषि क्षेत्र को दिया गया ऋण मार्च 2020 में 24,769 करोड़ था जो विनियामक लक्ष्य एएनबीसी के 18.00% के सापेक्ष 18.24% पर रहा.

वित्त वर्ष 2019-20 के दौरान भारत सरकार द्वारा विशेष कृषि ऋण योजना (SACP) के तहत निर्धारित ऋण संवितरण लक्ष्य को बैंक नेपार कर लिया, बैंक ने रु. 16,565 करोड़ रुपये के संवितरण लक्ष्य के मुकाबले वर्ष 2019-20 के दौरान 20,264 (122% उपलब्धि) करोड़ का संवितरण किया.

लघु और सीमांत किसानों को ऋण मार्च 2020 तक रूपये 13,540 करोड़ के स्तर पर पहुंच गया है, जो एएनबीसी के 8% के विनियामक लक्ष्य को पार करके वित्त वर्ष 2019-20 के तिमाही औसत आधार पर 9.88% के स्तर तक पहुंच गया.

मार्च 2020 तक डिजिटल बैंकिंग पहल के रूप में 2.43 लाख किसान क्रेडिट कार्ड उधारकर्ताओं को रूपे किसान क्रेडिट कार्ड (एटीएम-सक्षम) दिया गया.

सूक्ष्म उद्यमों के तहत अग्रिम रु 12,192 करोड़ रहा जो एएनबीसी के 7.50% के विनियामक लक्ष्य के सापेक्ष वित्त वर्ष 2019-20 के तिमाही औसत आधार पर एएनबीसी का 7.57% है.

**9.4 सामाजिक ऋण :**

बैंक के सामाजिक आर्थिक दायित्व को पूरा करने के लिए सरकार द्वारा प्रायोजित विभिन्न सामाजिक ऋण / गरीबी उन्मूलन योजनाओं तथा समाज के कमजोर वर्गों को ऋण के वितरण को पर्याप्त महत्व दिया गया .

स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) और संयुक्त देयता समूहों (जेएलजी) का कुल ऋण प्रवाह 31.03.2019 को रूपये 2,636 करोड़ से रू. 451 करोड़ (17.10%) बढ़कर 31.03.2020 को रू. 3,087 करोड़ हो गया. बैंक ने महिला स्वयं सहायता समूहों को सीधे ऋण देने को प्रोत्साहित किया है. महिला स्व सहायता समूहों (एसएचजी) और संयुक्त देयता समूहों (जेएलजी) को ऋण 31.03.2019 को ₹ 2,236 करोड़ से रू. 310 करोड़ की वृद्धि के साथ 31.03.2020 पर ₹ 2,546 करोड़ हो गया.

31.03.2020 को कमजोर वर्ग को ऋण रू. 19,077 करोड़ रहा जो एएनबीसी के 10 % के विनियामक के लक्ष्य के सापेक्ष 13.14% है.

31.3.2020 को महिला लाभार्थियों को ऋण रु. 31.03.2019 को 11,571 करोड़ से साल-दर-साल 266 करोड़ की वृद्धि के साथ रू. 11,837 करोड़ (एएनबीसी का 8.40%) गया.

31.03.2020 को कुल प्राथमिकता क्षेत्र ऋण रू. 61,513 करोड़ में अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति के लिए ऋण रु.1,273 करोड़ रहा.

मार्च 2020 तक अल्पसंख्यक समुदायों के लिए दिया गया ऋण रु. 7,030 करोड़ रहा जो प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र ऋण के 12.69% के स्तर पर पहुंच गया.

**पुरस्कार एवं सम्मान :**

वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान बैंक ने निम्नलिखित पुरस्कार प्राप्त किए हैं :

1. बैंक ने लगातार 5वें वर्ष चैंबर आफ इंडियन माइक्रो स्माल एंड मीडियम इंटरप्राइजेज (सीआईएमएसएमई) द्वारा निम्नांकित श्रेणियों में 3 पुरस्कार प्राप्त किए:

I सर्वश्रेष्ठ एमएसएमई बैंक पुरस्कार - उपविजेता (ईमर्जिंग श्रेणी)

II सीएसआर पहल एवं व्यापार दायित्व पुरस्कार - उपविजेता (ईमर्जिंग श्रेणी)

III प्रमोशनल योजनाओं हेतु सर्वश्रेष्ठ बैंक पुरस्कार - उपविजेता (ईमर्जिंग श्रेणी)

2. छठे एसोचैम एसएमई सर्वश्रेष्ठता पुरस्कार -2018 के दौरान बैंक ने एसोसिएटेड चेम्बर्स आफ कामर्स एण्ड इंडस्ट्री आफ इंडिया (एएसएसओसीएचएएम) द्वारा स्थापित पुरस्कारों में वर्ष 2018 हेतु ''सर्वश्रेष्ठ एमएसएमई बैंक-विजेता 2018'' का पुरस्कार प्राप्त किया.

**9.5. खुदरा ऋण**

आवश्यकता आधारित खुदरा ऋणों जैसे आवास, वाहन, शिक्षा, व्यक्तिगत ऋण, आदि का 'कार्प योजना' ब्रांड नाम से विपणन किया जाता है. 31.3.2019 के रु. 26,244 करोड़ के पोर्टफोलियो की तुलना में 31.03.2020 को कार्प योजनाओं का पोर्टफोलियो रु. 24,701 करोड़ रहा है. पिछले वर्ष के रु 2,668 crore (-9.2%) की नकारात्मक वृद्धि की तुलना में वित्त वर्ष 2019-20 में रु. 1,543 करोड़ (-5.9%) की गिरावट रही है.

(रु. करोड़ में )

| शेष राशि | | | शुद्ध वृद्धि | |
|---|---|---|---|---|
| **31.03.2018** | **31.03.2019** | **31.03.2020** | **01.04.18 to 31.03.19** | **01.04.19 to 31.03.20** |
| **28912** | **26244** | **24701** | **-2668 (-9.2%)** | **-1543 (-5.9%)** |

9.6 कार्प योजनाओं के पोर्टफोलियों में सबसे बड़ा हिस्सा आवास ऋणों (53.9%) का है. 31.03.2020 को आवास ऋणों में कुल बकाया रू. 13,313 करोड़ है. कथित योजना में वर्तमान वित्त वर्ष के दौरान रू. 161 करोड़ (-1.2%) की कमी हुई है.

9.7 शिक्षा ऋणों के अर्थात कार्प विद्या योजना के अंतर्गत बकाया राशि 31.03.20 को रू. 1,456.9 करोड़ है. वर्तमान वित्त वर्ष के दौरान रू. 117 करोड़ (-7.4%) की कमी हुई है.

9.8 वित्त वर्ष 2019-20 के दौरान सभी खुदरा ऋणों की कुल संस्वीकृति में पिछले वर्ष की इसी अवधि के दौरान प्रतिबंधों की तुलना में रू. 1,109 करोड़ की वृद्धि हुई है और ऋण खातों के संबंध में इसमें 8,237 ऋणों की वृद्धि हुई है.

9.9 वर्ष के दौरान आयोजित विशेष प्रचार अभियान / कार्यक्रम हैं :

- 01.06.2019 से 30.09.2019 तक 4 महीने की अवधि के लिए आवास और वाहन ऋण (व्यक्तिगत) के तहत एक प्रचार अभियान ''मानसून ऑफर 2019'' पेश किया गया था, जिसमें अभियान के दौरान वितरित किए गए नए ऋणों के लिए ब्याज दर और प्रसंस्करण शुल्क की पूर्ण छूट दी गई थी.
- 01.10.2019 से 31.01.2020 तक 4 महीने की अवधि के लिए एक प्रचार अभियान ''फेस्टिवल ऑफर - 2019 [एफओ-2019]'' को तक पेश किया गया था, जिसमें हाउसिंग लोन (पीएमएवाई सहित) और

वाहन ऋण (व्यक्तिगत वर्ग) के तहत प्रोसेसिंग फीस की 100% माफी की पेशकश की गई थी. फेस्टिवल ऑफर - 2019 को 01.02.2020 to 31.03.2020 तक दो माह की अवधि के लिए विस्तारित फेस्टिवल ऑफर - 2020 (ईएफओ 2020) के रूप में बढ़ाया गया था.

**9.10 वित्तीय समावेशन**

- भारत सरकार ने भारतीय रिजर्व बैंक की वित्तीय समावेशन योजना के अंतर्गत पीएमजेडीवाई के तहत मूलभूत बैंकिंग सुविधा प्रदान करने के लिए 23 राज्यों में स्थित 2291 गावों को 894 उप सेवा क्षेत्रों (एसएसए) में बाँट कर आबंटित किया है. हमारे बैंक ने 269 एसएसए में सुव्यवस्थित शाखाओं के साथ बैंकिंग संरचना उपलब्ध कराई है. बाकी के 625 उप सेवा क्षेत्रों (एसएसए) में बैंकिंग सुविधा को बैंक मित्रों के माध्यम से प्रदान किया जा रहा है.
- 625 पीएमजेडीवाई केन्द्रों को छोड कर बैंक ने ऐसे गैर-पीएमजेडीवाई केन्द्रों पर 129 बैंक मित्रों की सेवाएँ ली हैं जहां बैंक मित्रों की सेवाएँ आवश्यक थीं.
- हमारे बैंक ने हमें आवंटित 3 अपेक्षित जिलों में बैंकिंग आउटलेट सहित शाखाएं खोली हैं.
- हमारे बैंक ने समस्त बैंक मित्रों को सशक्त, एसटीक्यूसी प्रमाणित, 1.5.1 वर्जन से युक्त माइक्रो एटीएम उपलब्ध करवाए हैं और ये सभी अच्छा काम कर रहे हैं. पिन पेड के साथ माइक्रो एटीएम द्वारा सभी बैंक मित्र ऑन लाइन, अंतर संचालित, आधार एवं पिन आधारित लेनदेनों को संभालने में समर्थ हैं.
- हमारे बैंक मित्रों द्वारा निम्नलिखित सेवाएँ प्रदान की जाती हैं :

  1) खाते खोलना, 2) नकद जमा (अपने बैंक में), 3) नकद जमा (दूसरे बैंक में- आधार सक्षम भुगतान प्रणाली/रुपे कार्ड), 4) नकद निकासी (हम पर), 5) नकद निकासी (हमारे द्वारा), 6) निधि अंतरण(अपने बैंक में), 7) निधि अंतरण (दूसरे बैंक में- आधार सक्षम भुगतान प्रणाली/रुपे कार्ड), 8) शेष पूछताछ (अपने बैंक में), 9) शेष पूछताछ (दूसरे बैंक में- आधार सक्षम भुगतान प्रणाली/रुपे कार्ड), 10) लघु विवरणी, 11) मियादी/आवर्ती जमा, 12) माइक्रो दुर्घटना मृत्यु बीमा (पीएमएसबीवाई) के लिए नामांकन, 13) माइक्रो जीवन बीमा (पीएमजेजेबीवाई) हेतु नामांकन, 14) सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना (एपीवाई) हेतु नामांकन, 15) पेंशन भुगतान, 16) आधार प्रविष्टि और 17) मोबाईल प्रविष्टि.
- हमारे बैंक ने 12 अंचल कार्यालयों में वित्तीय समावेशन प्रयवेक्षकों को बैंक मित्रों की गतिविधियों की निगरानी हेतु नियुक्त किया है.
- 31.03.2020 तक पीएमजेडीवाई के तहत 32.47 लाख खाते खोले गए और हमारे बैंक में पीएमजेडीवाई खातों में औसत शेष रू. 4,093/- है.
- बैंक ने पीएमजेडीवाई ओडी योजना के तहत 2,27,630 खातों में ओडी सुविधा उपलब्ध कराया है.
- यूआईडीएआई के दिशानिर्देशों के अनुसार 31.03.2020 को हमारे बैंक की शाखाओं में बैंक के सामान और आउटसोर्स्ड व्यक्ति द्वारा 256 आधार नामांकन केंद्र चलाए जा रहे हैं.

**10. पुरस्कार और उपलब्धियां**

i. बैंक को ''गर्वनैंस नाऊ बीएफएसआई अर्वाडस, 2019'' से दो पुरस्कार प्राप्त हुए हैं. बैंक को ''मोबाइल एप'' एवं ''साइबर सेक्यूरिटी'' के लिए पुरस्कार प्राप्त हुए हैं.

ii. बैंक ने बैंक के मोबाइल बैंकिंग एप्लिकेशन- ''कॉर्प इज'' के लिए सेमी-फाइनलिस्ट के रूप में शीर्ष प्रदर्शन वाले नामांकन के लिए अर्हता प्राप्त करने के लिए SKOCH ऑर्डर-ऑफ-मेरिट 2019-सिल्वरट पुरस्कार प्राप्त हुआ है. बैंक ने मोबाइल बैंकिंग एप्लिकेशन- ''कॉर्प इज'' के लिए SKOCH अवार्ड - बैंकिंग कांस्य भी प्राप्त किया है.

iii. बैंक को भारत सरकार की राजभाषा निति के उत्कृष्ट निषादन के लिए उत्कृष्ट संस्था पुरस्कार प्राप्त हुआ है. पुरस्कार वितरण समारोह वित्तीय सेवाएँ विभाग के तत्वावधान में नागपुर, महाराष्ट्र में आयोजित किया गया था.

iv. कार्पोरेशन बैंक को भारत सरकार की राजभाषा नीति के उत्कृष्ट निष्पादन के लिए राजभाषा कीर्ति पुरस्कार प्राप्त हुआ है.

**11. वसूली:**

**11.1 एनपीए स्तर:**

बैंक का सकल एनपीए 31.03.2019 के रु. 20723.68 करोड़ की तुलना में 31.03.2020 को रु. 19399.02 करोड़ है. सकल एनपीए संगत पिछले वित्त वर्ष की समाप्ति पर 15.35 % की तुलना में 31.3.2020 को सकल अग्रिम का 13.80 % है .

बैंक का निवल एनपीए 31.03.2019 के रु. 6926.64 करोड़ की तुलना में 31.03.2020 को रु. 6257.97 करोड़ है. निवल एनपीए संगत पिछले वित्त वर्ष की समाप्ति पर 5.71 % की तुलना में निवल अग्रिम का 4.91 % है .

**11.2 नकद वसूली और उन्नयीकरण:**

(रू. करोड़ में )

| विवरण | 31.03.2019 | 31.03.2020 |
|---|---|---|
| नकद वसूली (सीआर) | 3,368.72 | 4,041.44 |
| उन्नयीकरण (यूजी) | 1,824.04 | 1,761.04 |
| कुल = सीआर + यूजी | 5,192.76 | 5,802.48 |

वर्तमान वित्त वर्ष 2019-20 के दौरान एनपीए की नकद वसूली और उन्नयीकरण पिछले वर्ष के 5192.76 करोड़ की तुलना में रु. 5802.48 करोड़ रही.

11.3 **आस्ति श्रेणी के आधार पर 31.03.2020 को अग्रिमों का आस्तिवार वर्गीकरण:** (₹ करोड़ में)

| क्रम सं. | श्रेणी | 31.03.2018 | | 31.03.2019 | | 31.03.2020 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | राशि | कुल आस्तियों का % | राशि | कुल आस्तियों का % | राशि | कुल आस्तियों का % |
| 1 | मानक | 105791.82 | 82.65 | 114324.57 | 84.65 | 121142.08 | 86.20 |
| 2 | अवमानक | 5814.76 | 4.54 | 4313.76 | 3.19 | 3131.82 | 2.23 |
| 3 | संदिग्ध | 16087.82 | 12.57 | 15781.63 | 11.69 | 13476.61 | 9.59 |
| 4 | हानिगत | 310.86 | 0.24 | 628.29 | 0.47 | 2790.59 | 1.99 |
| | **कुल ऋण** | **128005.26** | **100.00** | **135048.22** | **100.00** | **1,40,541.10** | **100.00** |

### 11.4 वर्ष 2020-21 के लिए विभिन्न वसूली तरीकों के अंतर्गत निष्पादन एवं कार्य योजना

### 11.4.1 सरफेसी:

बैंक ने सरफेसी कार्यवाही द्वारा एनपीए की वसूली हेतु तत्पर और समयबद्ध कदम उठाए हैं. वर्तमान वित्त वर्ष के दौरान सरफेसी कार्यवाही द्वारा 1,633 खातों में रु. 723.22 करोड. के एनपीए वसूल/ उन्नयित किए गए. इसमें सरफेसी कार्यवाही लागू किए जाने और जमानती आस्तियों के कब्जा तथा विक्रय से ही वसूली/उन्नयन भी शामिल हैं.

### 11.4.2 राष्ट्र व्यापी मेगा ई - नीलामी

जमानती आस्तियों की सरफेसी के अंतर्गत बिक्री करवाने में जमानती आस्तियों के राष्ट्रव्यापी मेगा ई - नीलामी आयोजन को अच्छी रणनीति के रूप में पहचान मिली है. ऐसी नीलामियों को प्रधान कार्यालय स्तर पर वसूली प्रभाग द्वारा उच्च व्यावसायिक/ लागत प्रभावी तरीके से ई - नीलामी पोर्टल के साथ गठबंधन करके आयोजित किया जाता है.

वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान 31.03.2020 तक 339 संपत्तियों की बिक्री और नकदी वसूली / उन्नयन/ संपत्ति विक्रय कार्यवाही प्राप्त रु. 243 करोड़ राशि की प्राप्ति की गई.

राष्ट्रव्यापी मेगा ई-नीलामी जमानती आस्तियों को सरफेसी एक्ट के अंतर्गत लाने के लिए शाखाओं हेतु एक तैयार मंच है. ई-नीलामी की समय-सारणी को पर्याप्त समय रहते अंतिम रूप दिया जाता है और शाखाओं / कार्यालयों को सूचित किया जाता है जिससे वे अधिकतम संख्या में बिक्री हेतु संपत्तियों की पहचान कर सकें.

### 11.4.3 डीआरटी सूट :

सरफेसी में कार्यवाही करने के साथ ही देयता की वसूली हेतु डीआरटी में भी सूट दर्ज किए गए. 31 मार्च, 2020 को 34 डीआरटी में विभिन्न स्तरों पर रु. 31291 करोड़ के 8134 मामले हैं.

### 11.4.4 समझौता /एक बार निपटान :

समझौता/ एक बारगी निपटान को प्रोत्साहित किया जा रहा है. दुष्कर एनपीए खातों की आपसी समझौतों द्वारा वसूली करने के लिए बैंक ने आक्रामक तौर पर समझौता/ ओटीएस को एक प्रमुख वसूली योजना के रूप में अपनाया है. शाखाओं को यथा संभव अधिक से अधिक समझौता प्रस्तावों को आंका/ मंका तथा प्रधान कार्यालय को स्वीकृति हेतु भेजने की आवश्यकता से अवगत कराया गया है. प्रधान कार्यालय से भी कार्यपालक क्षेत्र के अपने दौरे के दौरान एनपीए उधारकर्ताओं के साथ बैठक करते हैं और ओटीएस प्रस्ताव को प्राप्त करते हैं. वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान रु. 845.67 करोड़ के समझौता/ एक बार निपटान प्रस्तावों को प्रधान कार्यालय स्तर पर अनुमोदित किया गया.

### 11.4.5 कार्प रियायती -VI

सामान्य ओटीएस के अन्तर्गत समाधान के अतिरिक्त बैंक ने विशेष ओटीएस योजना बनाई है. कार्प रियायती -VI योजना, एक बार निपटान योजना है जो रु.10 लाख तक की बकाया राशि वाले छोटे एनपीए खातों के लिए बनाई गई है और 01.05.2018 से प्रारम्भ की गई. योजना 31.03.2019 को समाप्त हुई. 31.03.2019 तक इस योजना के अंतर्गत रु. 28.95 करोड़ के 4993 खातों का निपटान किया गया. इन खातों के निपटान के द्वारा रु. 28.95 करोड़ की राशि वसूल ली गई है.

### 11.4.6 कृषि-एनपीए के लिए ओटीएस योजना :

कृषि-एनपीए, कृषि-पुनगर्णित ऋण एवं एमएसएमई ऋण के लिए ओटीएस योजना. कृषि ओटीस योजना के तहत रु. 49.63 करोड़ की राशि वाले कुल 1812 खातों का निपटान किया गया और रू. 149.02 करोड़ की राशि वाले 1319 खातों को एमएसएमई ओटीएस योजना के तहत निपटान किया गया.

### 11.4.7 लोक अदालत :

नालसा द्वारा आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालतों में बैंक ने प्रधान कार्यालय एवं आंचलिक कार्यालय के विधि अधिकारियों को शामिल करते हुए सक्रिय रूप से भाग लिया. वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान रु. 43.35 करोड़ के 3035 खाते लोक अदालत योजना द्वारा निपटाए गए. रु. 8.54 करोड़ की मौके पर ही वसूली की गई .

### 11.4.8 मेगा वसूली शिविर:

बैंक ने सभी अंचलों में खातों, विशेषकर छोटे मूल्य के एनपीए खातों का

निपटान कार्य रियायती योजना/ बैंक की सामान्य ओटीएस योजना के अंतर्गत करने हेतु मेगा वसूली शिविरों का आयोजन किया. ऐसे शिविर 4 से 5 ऐसी शाखाओं द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किए गए जहां एक ही स्थान पर अधिक एनपीए हैं. विशेष वसूली कार्य दल के सदस्यों और वसूली एजेंटों की सहायता से उधारकर्ताओं से संपर्क किया गया तथा उन्हें चर्चा करने एवं उनके लंबे समय से लंबित देय का निपटान करने के लिए समझौते के स्थान पर लाया गया. ऐसे शिविरों से बड़ी संख्या में छोटे मूल्य के एनपीए खातों को निपटाने तथा बंद करने में सहायता मिली है.

**11.4.9 विशेष वर्टिकल:**

दबावग्रस्त / एनपीए खातों / पी डब्लू ओ खातों की निगरानी एवं अनुवर्तन में, इस उद्देश्य से प्रधान कार्यालय तथा मंडल कार्यालयों में बनाए गए विशेष स्कंध द्वारा तेजी आई है. वित्त वर्ष वर्ष 2018-19 के रु. 318.06 करोड़ की तुलना में वित्त वर्ष 2019-20 में विवेकपूर्ण ढंग से बट्टे खाते में डाले गए खातों में वसूली रु. 706.88 करोड़ रही.

**11.4.10 आईबीसी 2016 के अंतर्गत एनसीएलटी को प्रेषण द्वारा समाधान:**

दिवालिया तथा ऋण शोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) 2016 के अंतर्गत दबावग्रस्त / एनपीए खातों को कार्पोरेट ऋण शोधन अक्षमता समाधान प्रक्रिया (सीआईआरपी) के लिए राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) को प्रेषित करना भी बैंकों के पास देय की वसूली करने का एक उपाय है. भारिबै निदेशित खातों का प्रेषण करने/ समाधान प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लेने के अतिरिक्त बैंक ने विभिन्न खातों को आईबीसी 2016 के अंतर्गत संज्ञान में लिया है तथा एनसीएलटी को भेजा है.31.03.2020 तक एनसीएलटी के समक्ष रु. 19080.45 करोड़ के 249 खाते विभिन्न स्तरों पर हैं. वित्त वर्ष 2019-20 के दौरान बैंक आईबीसी 2016 के अंतर्गत समाधान द्वारा रु. 1846.13 करोड़ से अधिक की राशि वसूल कर चुका है.

## 12. ट्रेज़री एवं निवेश परिचालन

31 मार्च, 2020 को बैंक का कुल निवेश, बैंक के जोखिम अवबोध तथा निवेश नीति संबंधी दिशानिर्देशों के अनुरूप प्रतिभूतियों के परिपक्वता मिश्रण के साथ रु. 66,432.44 करोड़ रहा.

रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान निवेशों पर औसत अर्जन पिछले वर्ष के अंत के 7.36 % की तुलना में 7.23% रही.

निवेशों की बिक्री से प्राप्त निवल लाभ पिछले वर्ष के रु. 80.93 करोड़ की तुलना में 31.03.2020 को समाप्त वर्ष हेतु रु. 388.47 करोड़ था.

बैंक ने प्रभावी जोखिम प्रबंधन हेतु अवधि, आशोधित अवधि तथा जोखिम पर मूल्य जैसे उपाय लागू किए हैं.

## 13. अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग

बैंक में 49 नामित शाखाएं और बंगलूर में स्थित एक फारेक्स हब है जो विदेशी विनिमय कारोबार संभालती हैं. वर्ष 2019-20 के दौरान संचयी व्यापार टर्नओवर रु. 62612.36 करोड़ से 51.25 % बढ़ कर रु. 94703.00 करोड़ हो गया.

ट्रेज़री की विदेशी विनिमय आय वर्ष के दौरान रु.99.18 करोड़ से 15.43% बढ़ कर रु.114.48 करोड़ हो गई .

नामित फोरेक्स शाखाओं की शुल्क आधारित आय सहित कुल आय रु.66 करोड़ से 19.70% घट कर रु. 53 करोड़ हो गई.

वर्ष के दौरान मुद्रा भविष्य आय रु. 7.16 करोड़ से 25.98% बढ़ कर रु. 9.02 करोड़ हो गई.

## 14. बहुमूल्य धातु कारोबार

यूनियन बैंक के साथ समामेलन को देखते हुए, चूंकि उनके पास पहले से ही स्वर्ण / चांदी आयात करने का लाइसेंस है, आरबीआई ने हमारे लाइसेंस का नवीकरण नहीं किया है जो कि 31.03.2020 को समाप्त हो गया है.

## 15. नामित शाखाएं और खजाना और निवेश विभाग

15. प्रक्रिया में सुधार

क) सभी विदेशी मुद्रा लेनदेन के लिए नामित शाखाओं और ट्रेजरी शाखा के बीच स्ट्रेट थ्रू प्रोसेसिंग (एसटीपी) लागू है. शाखाओं के सभी लेन-देन एसटीपी के माध्यम से ट्रेजरी अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर में स्वत:-पोस्ट किए जाते हैं.

ख) लिंक शाखाओं को रेट चैट मॉड्यूल के माध्यम से सीधे ट्रेजरी से दर लेने के लिए सक्षम किया गया है और सभी एफसीएनआर लेनदेन एसटीपी के तहत लाए जाते हैं. ट्रेजरी ब्रांच में मिरर बैलेंस एसटीपी के माध्यम से तुरंत अपडेट किया जाता है.

ग) नोस्ट्रो प्रविष्टियां सिस्टम में अपलोड की जाती हैं जिसके कारण अधिकांश प्रविष्टियों का स्वत: मिलान हो रहा है.

घ) विनिमय गृह - मिलान प्रक्रिया को सरल बनाया गया है और विदेशी मुद्रा में दैनिक संतुलन उपलब्ध कराया गया है.

ङ) सीबीएस के साथ स्विफ्ट प्रणाली का एकीकरण पूरा हो चुका है और स्विफ्ट के मैनुअल सृजन का कोई प्रावधान नहीं है.

च) बैंक ने सभी जावक विदेशी मुद्रा भुगतानों का अनुवर्तन करने के लिए कड़े मानदंडों को अपनाया है और यह सुनिश्चित करने के लिए एक अलग स्तर की स्विफ्ट सत्यापन भी लागू किया है कि सभी भुगतान सीबीएस में इसी प्रविष्टि दर्ज करने के बाद ही रूट किए जाएं.

छ) बंगलूरू में विदेशी मुद्रा हब को सभी नामित शाखाओं की विदेशी मुद्रा आवश्यकता को पूरा करने और फेमा/आरबीआई/एफईडीएआई दिशानिर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए प्रशिक्षित कर्मचारियों के साथ और मजबूत किया गया है. एक कदम और ब?ाते हुए बैंक ने हब में अपने सभी आयात संबंधी लेनदेन को केंद्रीकृत कर दिया है जिससे स्विफ्ट परिचालन से संबंधित नियामक द्वारा दिशा-निर्देशों को लागू किया जा सके.

ज) बैंक मुनाफा बढ़ाने के लिए बीएसई, एनएसई और एमएसईआईएल पर करेंसी फ्यूचर्स में सक्रिय रूप से कारोबार कर रहा है.

16. **उगाही और भुगतान सेवाएं (कैप्स)**

- ई-कॉर्पोरेशन बैंक उगाही और भुगतान सेवाओं में अग्रणी रहा है और 1991 में सीएमएस सेवाएं शुरू करने और विशेष सीएमएस हब और कैप्स शाखाओं की स्थापना करने वाले पीएसयू बैंकों में पहला था.
- हमारे पास अपनी प्राप्तियों और भुगतानों के प्रबंधन में कॉर्पोरेट्स के सामने आने वाली बाधाओं को संभालने के लिए मजबूत प्रौद्योगिकी के साथ एक विशेष तंत्र है.
- कैप्स उत्पादों और सेवाओं की बाजार में और सेवा स्तर व दक्षता के मामले में किसी भी अन्य प्रतियोगी बैंकों के बराबर स्वीकार्यता है.
- मूलभूत लाभ हैं - बढ़ी हुई तरलता के साथ कुशल वित्तीय प्रबंधन, स्वत: मिलान और लागत में कमी के माध्यम से अधिकतम लाभ.
- हमारी सेवाओं के अन्य लाभ में प्रभावी नियंत्रण, प्रतिस्पर्धी बढ़त, होस्ट टू होस्ट और वेब सेवा क्षमताओं के साथ अनुकूलित एमआईएस और एकल बिंदु शंका निदान क्षमताएं शामिल हैं.
- हम दशकों से बाजार में नकदी प्रबंधन सेवाओं के एक सुसंगत प्रदाता रहे हैं. नए उत्पादों की शुरूआत और बाजार की जरूरतों के अनुसार उन्हें अनुकूलित करना हमारी ताकत रही है.
- ई-कॉर्पोरेशन बैंक कैप्स सी-कस्टमाइजेशन ए-एक्यूरेसी पी-प्रोसेस एफिशिएंसी एस-स्पीड के लिए जाना जाता है

**उत्पाद**

| उगाही उत्पाद | भुगतान उत्पाद | अन्य उत्पाद |
|---|---|---|
| • नकद पीआईएफ<br>• चेक कलेक्शन-एफसीएस/सीसीएस<br>• वर्चुअल मोड - एनईएफटी/ आरटीजीएस/ आईएमपीएस<br>• मेंडेट - डाइरेक्ट डेबिट /एनएसीएच डेबिट<br>• ईपीजी - डेबिट कार्ड/ क्रेडिट कार्ड/नेट बैंकिंग/ भारत बिल भुगतान सेवाएं<br>• एकीकृत शुल्क संग्रह सेवाएं (यूएफसीएस)<br>• स्वीप सुविधा | • कॉर्प रेमिट - एबीबी / एनईएफटी/ आरटीजीएस/ आईएमपीएस<br>• कॉर्प पे<br>• कोरेस्पोंडिंग बैंक द्वारा डीडी आहरण व्यवस्था<br>• एनएसीएच क्रेडिट | • स्वचालित चालान वित्त<br>• डीलर वित्तीयन - सहारा के साथ/ सहारा/ एफएलडीजी के बिना<br>• वेंडर वित्तीयन |

**वित्त वर्ष 2019-20 के लिए निष्पादन की मुख्य विशेषताएं**

**(आय करोड़ में)**

| क्रम | मानदंड | वास्तविक राजकोषीय वृद्धि | | | | वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि | | | | लक्ष्य | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | 2018-19 | | 2019-20 | | | |
| | | मार्च' 17 | मार्च' 18 | मार्च' 19 | मार्च' 20 | एबीएस | % | एबीएस | % | मार्च' 20 | अंतर |
| 1 | ब्याजेतर आय | 23.82 | 32.41 | 46.33 | 44.68 | 13.93 | 42.97 | -1.65 | -3.6 | 50.00 | 5.32 |
| 2 | ब्याज आय | 9.20 | 10.22 | 10.50 | 11.14 | 0.28 | 2.76 | 0.64 | 6.1 | 15.00 | -3.86 |
| 3 | कुल आय | 33.02 | 42.62 | 56.83 | 55.82 | 14.21 | 33.33 | -1.01 | -1.8 | 65.00 | -9.18 |
| 4 | ग्राहक आधार | 243 | 246 | 262 | 187 | 16 | 6.50 | -75 | -29 | 350 | -163 |

**वित्त वर्ष 2019-20 के दौरान उपलब्धियां :**

- 5 कैप्स शाखाओं ने अपने आय लक्ष्य हासिल किए हैं, 3 कैप्स शाखाओं ने ग्राहक लक्ष्य हासिल किए हैं.
- वित्त वर्ष 2019-20 के लिए शुद्ध लाभ 44.28 करोड़ रुपये है.
- वित्त वर्ष 2019-2020 के दौरान कैप्स उत्पादों और सेवाओं के साथ कुल 187 ग्राहकों को मंजूरी दी गई है जिनमें से 45 ईपीजी प्रस्ताव हैं.
- हमने ऑनलाइन सेवाओं के लिए भुगतान स्वीकार करने के लिए राजस्थान भुगतान मंच में हमारे कॉर्प नेट बैंकिंग गेटवे को एकीकृत किया है. इससे हमारे बैंक ग्राहकों को बनाए रखने में मदद मिलेगी और उन्हें भुगतान करने में आसानी से होगी.
- डीडीए आवास योजना-2019 के लाभार्थियों के लिए वेब एप्लीकेशन सह ई-पेमेंट गेटवे के माध्यम से दिल्ली विकास प्राधिकरण को अनुकूलित समाधान प्रदान किया जाता है.
- मैसूर सिटी कॉर्पोरेशन बीबीपीएस प्लेटफॉर्म पर हमारे द्वारा एक यूटिलिटी बिलर के रूप में दर्ज किया गया है. ग्राहक कॉर्प ईज/अन्य बैंकिंग चैनलों के माध्यम से अपने पानी के बिलों का भुगतान कर सकते हैं. इससे हमारे बैंक को अच्छी फ्लोट और फीस आधारित आय का मार्ग प्रशस्त होगा.
- प्रधानमंत्री श्रम योगी मान-धन योजना के तहत 21,066 सहमतिपत्र प्राप्त हुए हैं और उन पर कार्रवाई की गई है.
- बैंक के लिए भीम/यूपीआई क्यूआर को सक्षम बनाया गया है.

**<u>संचयी आय में कमी के कारण :</u>**

- कैप्स हैदराबाद ने तेलंगाना सरकार की रथू बंधु योजना को संभाला और पिछले वित्तीय वर्ष 2018-19 में दो करोड़ रुपये की अतिरिक्त आय प्राप्त की.
- मेसर्स कैपिटल पहले मुंबई कैप्स में मेंडेट सुविधाओं का लाभ उठा रहा था और हम लगभग 20 लाख रुपये मासिक कमा रहे थे. चूंकि वह अब आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ विलय कर दिया है, अत: हमारी सेवा का लाभ उठाना बंद कर दिया है. इसलिए मुंबई-कैप्स की आय में करीब 240 लाख की कमी आई है.
- एमआरएल पोस्नेट कैप्स-बैंगलोर से कॉर्प परिहार सुविधा (एनईएफटी/आरटीजीएस) का लाभ उठा रहा था जो हमें प्रति माह 8-10 लाख रुपये की आय दे रहा था. अब चूंकि थोक अपलोड के लिए फिनाकल में प्रावधान उपलब्ध है, इसलिए मर्चेंट एजीमेंटिंग सेल (मैक) द्वारा संचालन को अपने कब्जे में ले लिया गया है इसलिए कैप्स बैंगलोर के संचयी आय में लगभग 38 लाख रुपये की कमी आई है.
- बाजार में गिरावट के कारण फरवरी/मार्च में प्रत्यक्ष डेबिट मेंडेट और एनएसीएच मेंडेट में कमी के परिणामस्वरूप आय में भी काफी कमी आई है.

**<u>आवश्यक लक्ष्यों को पूरा करने के लिए उठाए जाने वाले विशिष्ट सुधारात्मक कदम:</u>**

- हमारे बैंक को सब्सिडी वितरित करने के लिए महाराष्ट्र सरकार (जीओएम) द्वारा मुख्यमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (सीएमईजीपी) के लिए नोडल बैंक के रूप में कार्य के लिए निदेशित किया गया है. 50 करोड़ रुपये के औसत कासा की उम्मीद है.
- सरकार समर्थित सब्सिडी/दावों के वितरण हेतु खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय (एमओएफपीआई) के लिए एक नोडल बैंक के रूप में कार्य करने के प्रयास किए जा रहे हैं जिससे हमारे बैंक के कासा को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी. यदि इसने मूर्त रूप लिया, तो 1,000 करोड़ रुपये के वार्षिक संवितरण की उम्मीद है.
- हम कैप्स को अनुकूलित समाधानों के साथ भुगतान प्रसंस्करण हब के रूप में तैनात कर रहे हैं, जो CASA खातों को प्राप्त करने और बनाए रखने में बैंक का समर्थन करते हैं.
- **एकीकृत शुल्क संग्रह सेवा** के तहत शुल्क/बिल संग्रह और विभिन्न भुगतानों को सक्षम करने के लिए शैक्षिक संस्थानों, सार्वजनिक उपयोगिता/निगमों, सरकारी एजेंसियों के प्रचार पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा जिसमें CASA पैदा करने की क्षमता है.
- ग्राहकों को एकीकृत सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रक्रिया एकीकरण के माध्यम से **नई कोर बैंकिंग क्षमताओं** का दोहन करने का प्रयास किया जाएगा.
- प्रभाग ने डीलर आधार और एसएमई पोर्टफोलियो को बढ़ावा देने के लिए उत्पाद का आक्रामक विपणन करके "ए" रेटेड कंपनियों को **स्वचालित चालान वित्तपोषण** का विस्तार करने का प्रस्ताव किया है.
- **नेट बैंकिंग गेटवे सेवाओं** के लिए नए एग्रीगेटर जोड़े जाएंगे. डिवीजन अपने सब-मर्चेंट वेब पोर्टलों पर किए गए शुद्ध बैंकिंग लेनदेन के कारण एग्रीगेटर्स से अच्छी आय की उम्मीद कर रहा है.
- बैंक के लिए CASA पीढ़ी को बढ़ाने के लिए, उच्च रेटेड कॉर्पोरेट्स, संस्थानों और सरकारी एजेंसियों को उच्च मात्रा में व्यवसाय करने के लिए फ्लोट-आधारित मूल्य निर्धारण की पेशकश की जाएगी.
- सीएमएस सेवाओं के लिए हमारे प्रमुख ऋण ग्राहकों को लक्षित करेंगे और प्रतियोगियों के साथ सेवा के स्तर और कीमत का मिलान करके खोए हुए ग्राहकों को वापस लाने का प्रयास किया जाएगा.

## 17 सूचना प्रौद्योगिकी पहल

### 17.1 बैंक के आईटी बुनियादी ढांचे के लिए ISO 27001:2013 प्रमाणन:

ब्रिटिश स्टैंडर्ड संस्थान (बीएसआई) द्वारा आईएसओ 27001:2013 सूचना सुरक्षा और प्रबंधन प्रणाली [आईएसएमएस] फ्रेमवर्क के तहत बैंक के आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर जिसमें मंगलौर में आईटीडी और डीआर सेटअप और बैंगलोर में डाटा सेंटर और एनएलएस शामिल हैं की सस्टेनेंस लेखापरीक्षा की गयी, और इसे आगे 03 वर्षों यानी 2023 तक के लिए नवीनीकृत किया गया है.

### 17.2 नेटवर्क से संबंधित पहल

- आईबीएम द्वारा एचसीएल कॉमनेट से सफलतापूर्वक बैंक की इंफ्रा के लिए नेटवर्क मॉनिटरिंग एंड मैनेजमेंट सर्विस का अधिग्रहण बैंक के 06 विभिन्न स्थानों पर समर्पित संसाधन तैनात करके पूरा कर लिया गया है ताकि पूरे भारत में शाखाओं को बेहतर और तेजी से समर्थन सुनिश्चित किए जा सकें.
- शाखा कर्मचारियों के लिए बेहतर और तेज उपयोगकर्ता अनुभव के लिए जहां भी संभव हो, सभी शाखाओं के लिए एमपीएलएस कनेक्टिविटी को 2 एमबीपीएस में अपग्रेड किया गया है. बैंक बीसीपी (बिजनेस निरंतरता योजना) के एक हिस्से के रूप में एक वैकल्पिक सेवा प्रदाता से सभी शाखाओं को माध्यमिक लिंक प्रदान करने की भी प्रक्रिया में है. 1000+ शाखाओं के साथ महत्वपूर्ण स्थानों और सेवा शाखाओं को माध्यमिक लिंक पहले ही प्रदान किया जा चुका है.

### 17.3 अन्य डिजिटल पहल :

- नए मोबाइल ऐप यानी "रिकवरी असिस्ट" का आरंभ : यह ऐप शाखा प्रमुखों को ऋण खातों में अतिदेय/एस की बेहतर निगरानी के लिए सुविधा प्रदान करता है. ऐप सीबीएस में कैप्चर किए गए मोबाइल नंबरों का उपयोग करके ग्राहक (उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/गारंटर) को कॉल भी शुरू कर सकता है और भविष्य में वसूली कार्रवाई के लिए कॉल की प्रतिक्रिया रिकॉर्ड कर सकता है .
- कॉर्प ईज, एंड्रॉइड और आईओएस दोनों उपयोगकर्ताओं के लिए उपलब्ध मोबाइल बैंकिंग समाधान है जो ग्राहकों को अपने स्थान और सुविधा पर फंड ट्रांसफर, बिल भुगतान, जमा खोलने और बंद चेक बुक अनुरोध, पासबुक प्रबंधन, छुट्टी की जानकारी आदि जैसे बैंकिंग

लेनदेन करने में सहायता करता है. यह एप्प अंग्रेजी, हिंदी सहित 10 भारतीय भाषाओं में उपलब्ध है. उन्नत सुविधाओं में से कुछ, जो हाल ही में शामिल की गयी हैं:

- पीएमजेजेबीवाई और पीएमएसबीवाई का नामांकन और सदस्यता
- ब्रॉडबैंड, डीटीएच, बिजली, गैस, लैंडलाइन, पानी बिल, पोस्टपेड मोबाइल बिल आदि जैसे उपयोगिता बिलों का भुगतान करने के लिए भीम बिल भुगतान
- एनपीएस (नई पेंशन योजना) को सदस्यता दी जा सकती है और उनके योगदान का भुगतान किया जा सकता है
- ग्राहक डेबिट कार्ड की सीमा, डेबिट कार्ड को ब्लॉक करने और अनब्लॉक करने और नए कार्ड के मामले में ग्रीन पिन सृजित कर सकता है.
- यात्रा और अवकाश के तहत - ग्राहक अपने मोबाइल, डीटीएच, डेटा कार्ड को रिचार्ज कर सकते हैं और उड़ान, बस और होटल के लिए टिकट बुक कर सकते हैं.
- एनईएफटी 24x7 किया जा सकता है
- नए लाभार्थी के मामले में कूलिंग की अवधि को संशोधित किया गया है यथा पहले 4 घंटों में रु. 10,000 / - तक के फंड को विप्रेषित कर सकता है, अगले 20 घंटों में दो लाख रुपये और शीतलन अवधि के बाद, डिफ़ॉल्ट सीमा के अनुसार विप्रेशन कर सकते है.
- यूपीआई के माध्यम से पैन सत्यापन को सक्षम बनाया गया है.
- यदि ग्राहक के पास खुदरा सीआईएफ के साथ-साथ कॉर्पोरेट सीआईएफ एकमात्र स्वामित्व के रूप में खाता है तो मल्टीपल सीआईएफ पर लॉगिन करने की अनुमति है.
- एनआरई/एनआरओ खाताधारक को अपने बचत/चालू/खुद के लोन अकाउंट्स में निधि अंतरण अधिकार दिए गए हैं.
- यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के साथ समामेलन के पश्चात होम पेज और सभी मेनू की स्क्रीन पर नए लोगो का प्रतिस्थापन.
- **एफईबीए: फिनेकल ई-बैंकिंग एप्लिकेशन,** एक समकालीन न्यू इंटरनेट बैंकिंग ने कई विशेषताओं और सुविधाओं को जोड़ा है -
- अनुकूलन लेनदेन की सीमा, डेबिट कार्ड सत्यापन के माध्यम से स्व-पंजीकरण, परेशानी मुक्त लेनदेन के लिए मोबाइल टोकन.
- डेबिट कार्ड्स को ब्लॉक और अनब्लॉक करना
- एनपीएस (न्यू पेंशन स्कीम) को सब्सक्राइब किया जा सकता है और बाद में अपने योगदान का भुगतान कर सकते हैं.
- ग्राहक की सुविधा और सुरक्षा को बढ़ाने के लिए, नए लाभार्थी के मामले में कूलिंग की अवधि को संशोधित किया गया है यथा पहले 4 घंटों में रु. 10,000 / - तक के फंड को विप्रेषित करें; अगले 20 घंटों में एक लाख रुपये और शीतलन अवधि के बाद, डिफ़ॉल्ट सीमा के अनुसार विप्रेशन कर सकते है.
- नए डेबिट कार्ड के मामले में, ग्राहक पिन सृजित कर सकते हैं जिसे "ग्रीन पिन"कहा जाता है.
- ई-सेवा टैब के तहत, ऋण पोर्टल को उपयोगकर्ता की सुविधा के लिए जोड़ा गया है ताकि वे आवास ऋण, वाहन ऋण, विद्या ऋण और एमएसएमई ऋण के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकें.
- 24 X 7 एनईएफटी की उपलबद्धता

  ग्राहक एसएमएस बैंकिंग के लिए पंजीकरण कर सकता है.
- चुनी गयी आवृत्ति के अनुसार ईमेल विवरणों का निर्धारण संभव है.
- आईपीओ और म्यूचुअल फंड में निवेश के लिए ग्राहकों को आसानी प्रदान करने के लिए जियोजीत टेक्नोलॉजी को ऑनबोर्ड किया गया है.

**17.4 सुरक्षा उपाय :**

- बैंक के नेटवर्क और डेटा सुरक्षा मुद्रा को मजबूत करने के लिए, RBI के साइबर सुरक्षा ढांचे की सिफारिशों के अनुरूप विभिन्न सुरक्षा समाधान लागू किए गए. प्रमुख कार्यान्वयन हैं:
- नेटवर्क एक्सेस कंट्रोल
- अगली पीढ़ी की फायरवॉल

**17.5 उत्पादकता परिवर्धक पहल :**

- Microsoft के साथ एंटरप्राइज़ समझौते (ईए) के हिस्से के रूप में, क्लाउड-आधारित ऑफिस सुइट O-365 के विभिन्न उत्पादकता उपकरण कार्यान्वित किए गए थे:
- माइक्रोसॉफ्ट टीम्स : एंटरप्राइज़ स्तर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सुविधा जो आभासी प्रशिक्षण और समीक्षा सम्मेलन के लिए उपयोग की जा रही है. इस सुविधा का उपयोग बैंक के सभी कर्मचारियों को संबोधित करने के लिए भी किया जा रहा है.

**18 क्रेडिट कार्ड :**

18.1 कॉर्प क्रेडिट कार्ड: कॉर्प क्रेडिट व्यक्तिगत ग्राहकों को खरीदारी, यात्रा आदि के लिए भुगतान करने का एक झंझटरहित और जोखिम मुक्त तरीका प्रदान करता है. इससे जुड़ी बड़ी संभावनाओं को देखते हुए बैंक ने इस पोर्टफोलियो के विस्तार के लिए कदम उठाए हैं. बैंक अपने मौजूदा ग्राहकों को जोर- शोर से कार्ड जारी कर रहा है. बैंक केवल EMV चिप कार्ड जारी कर रहा है. 31 मार्च 2020 तक, बैंक ने 505.51 करोड़ रुपये की कुल क्रेडिट सीमा के साथ 75,682 क्रेडिट कार्ड जारी किए हैं, जिनमें 57.74 करोड़ रुपये का बकाया शेष है.

- बैंक ने क्रेडिट कार्ड पोर्टफोलियो के तहत 2019-20 के लिए कुल आय 18.40 करोड़ रुपये और 14.43 करोड़ रुपये का सकल लाभ अर्जित किया. वर्ष के दौरान इन कार्डों का उपयोग कर 406.95 करोड़ रुपये के 17.10 लाख पीओएस लेनदेन किए गए.

18.2 **एलआईसी सह-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड:** हमारे बैंक ने एलआईसी कार्ड्स सर्विसेज लिमिटेड, (एलआईसीसीएसएल), एलआईसी ऑफ इंडिया

की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी के साथ एक समझौता किया है, जो बैंक द्वारा ग्राहकों (पॉलिसी धारकों), कर्मचारियों और भारतीय जीवन बीमा निगम के एजेंटों को सह-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड जारी करने के लिए है. समझौते के अनुसार, एलआईसीएसएल पॉलिसी धारकों से सीधे और एजेंटों के माध्यम से भी क्रेडिट कार्ड के लिए आवेदन संग्रहित करेगा. बैंक ने 31.03.2019 तक 38616 कार्ड जारी किए हैं, जिनमें कुल सीमा 223.78 करोड़ रुपये और शेष 10.41 करोड़ रुपये की है.

18.3 ग्राहकों की सुविधा के लिए बैंक ने ग्राहक द्वारा तत्काल पिन जनरेशन, एसएमएस अलर्ट, कार्ड धारक द्वारा एसएमएस भेजकर कार्ड को हॉट-लिस्टिंग, ई-स्टेटमेंट, क्रेडिट कार्ड डिटेल्स को ऑनलाइन देखना, एटीएम इंटरफेस और ऑनलाइन ट्रांजैक्शन के लिए वीजा ऑथेंटिकेशन और सभी ई-कॉमर्स ट्रांजेक्शन के लिए ओटीपी (वन टाइम पासवर्ड) जारी करने जैसी तकनीकोन्मुख सेवाएं शुरू की हैं. इन सभी सुविधाओं से ग्राहकों को कार्ड का कुशलतापूर्वक उपयोग करने में मदद मिलने की उम्मीद है. वर्ष के दौरान क्रेडिट कार्ड ग्राहकों से कुल 5020 शिकायतें (वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार) प्राप्त हुईं. इन सभी शिकायतों का समाधान ग्राहकों की संतुष्टि के लिए किया गया.

**18.4 भुगतान चैनल**

**18.4.1 एटीएम :** स्वचालित टेलर मशीनें (एटीएम) ग्राहकों को नकदी आहरित करने और मूल्य वर्धित सेवाओं के लिए किसी भी समय और कहीं से भी अपने खाते तक पहुंचने की सुविधा देने वाला सबसे लोकप्रिय वैकल्पिक चैनल है.

एटीएम की बारीकी से निगरानी करने के लिए बैंक के पास तीन स्तरीय संरचना है जिसमें एटीएम मित्रा/शाखा प्रबंधक अपनी शाखा से जुड़े एटीएम की निगरानी सुनिश्चित करेंगे, एटीएम परिसरों की उचित हाउसकीपिंग सुनिश्चित करेंगे और डाउनटाइम के मामले में प्राथमिक स्तर पर एस्केलेशन हो, नकदी मांगपत्रों की बारीकी से निगरानी सुनिश्चित करें और एटीएम फिट नोट प्रदान करें .

अंचल कार्यालय का चैनल प्रबंधक सभी एटीएम स्थानों के लिए उचित परिसर सुनिश्चित करेगा, सेवा स्तर समझौते (एसएलए) के अनुसार अपटाइम सुनिश्चित करने के लिए वेंडरों के साथ संपर्क सुनिश्चित करेगा और यह सुनिश्चित करेगा कि कोई नकदी अभाव या डिवाइस डाउनटाइम न हो,साथ ही यह भी सुनिश्चित करेगा कि डाउनटाइम रिपोर्ट का विश्लेषण और उचित कार्रवाई शुरू की गई है.

बैंगलोर में वित्तीय लेनदेन स्विच (एफटीएस) एटीएम से संबंधित सभी गतिविधियों और एटीएम पर एमआईएस प्रदान करने के लिए नोडल केंद्र है.

यह प्रभाग अपटाइम में सुधार, एटीएम पर हिट, कम हिट एटीएम को बंद करने और स्थानांतरित करने के लिए चैनल प्रबंधकों और वेंडरों के साथ समन्वय करता है और नई एटीएम मशीनों की आपूर्ति और सॉफ्टवेयर की लोडिंग के लिए सूचना प्रौद्योगिकी प्रभाग के साथ भी समन्वय करता है .

बैंक के पास 31.03.2020 तक 2,623 एटीएम हैं. एटीएम बैंक का एक बहुत लोकप्रिय चैनल है जो हर महीने करीब 75 से 80 लाख हिट दर्ज करता है.

**एटीएम का विवरण**

| विवरण | 31.03.2019 को | 31.03.2020 को | वर्ष के दौरान स्थापित |
|---|---|---|---|
| स्वामित्व | 1,285 | 1,998 | 713 |
| डीएफएस (एमओएफ) | 1,730 | 625 | -1,105 |
| **कुल** | **3,015** | **2,623** | **-392** |

कम हिट वाली एटीएम को बंद करने के कारण वित्त वर्ष 2019-20 के दौरान एटीएम की संख्या में कमी आई है. बैंक ने आरबीआई के सुरक्षा दिशानिर्देशों का पालन करने के लिए अपने सभी कैपेक्स एटीएम को ईएमवी, टर्मिनल सिक्योरिटी सॉल्यूशन (टीएसएस) और एंटी स्किमिंग डिवाइस के साथ अपग्रेड किया है .

**18.4.2 डेबिट कार्ड:** 31.03.2020 तक, बकाया डेबिट कार्ड (सभी वेरिएंट) की कुल संख्या 81.43 लाख थी. समीक्षाधीन वर्ष के दौरान एटीएम, पीओएस मशीन और ई-कॉमर्स पर कुल 13.40 करोड़ लेनदेन दर्ज किए गए और 93,719 शिकायतें प्राप्त हुईं और उनका समाधान किया गया.

**18.4.3 ई-लॉबी:** ग्राहकों को बैंकिंग सुविधा प्रदान करने के लिए, बैंक ई-लॉबी को चालू कर रहा है. ई-लॉबी में स्वचालित स्व-सेवा कियोस्क हैं जिनमें नकद जमा मशीन, चेक जमा मशीन, स्व-सेवा पासबुक प्रिंटर और एक एटीएम शामिल है. मशीनें उपयोगकर्ता के अनुकूल हैं और ग्राहकों द्वारा आसानी से उपयोग की जा सकती हैं. 31.03.2020 तक, बैंक ने 352 नकद जमा कियोस्क, 108 चेक जमा कियोस्क और 1085 पासबुक कियोस्क स्थापित किए हैं.

**18.4.4 पीओएस टर्मिनल:** 31.03.2020 तक, बैंक ने विभिन्न व्यापारिक प्रतिष्ठानों में 3,01,195 पीओएस टर्मिनल (मोबाइल पीओएस सहित) स्थापित किए थे. इसमें एग्रीगेटर मॉडल के तहत स्थापित 2,93,710 पीओएस शामिल हैं. इस मूल्य वर्धित सेवा ने बैंक को न केवल नए ग्राहकों को आकर्षित करने में बल्कि मौजूदा ग्राहकों को भी बनाए रखने में सक्षम बनाया है. बैंक सेटलमेंट बैंकों के रूप में काम करके पीओएस अधिग्रहण के लिए छोटे बैंकों को भी प्रायोजित कर रहा है .

**18.4.5 मोबाइल बैंकिंग:** 31.03.2020 तक, कुल मोबाइल एप्लिकेशन डाउनलोड की संख्या 10,38,139 है. समीक्षाधीन वर्ष के दौरान मोबाइल बैंकिंग एप्लीकेशन के माध्यम से कुल 1.60 करोड़ लेनदेन दर्ज किए गए. मार्च की 20 तिमाही के दौरान बैंक ने मोबाइल बैंकिंग ऐप में नई सुविधाएं पेश की हैं जिसके माध्यम से ग्राहक बस टिकट, उड़ानें, होटल और मोबाइल और डीटीएच रिचार्ज बुक कर सकते हैं और यह नई सुविधा हमारे ग्राहकों को अच्छी तरह से प्राप्त होती है और प्रति दिन लगभग 3500 लेनदेन दर्ज किए जाते हैं .

## 19 विपणन पहल

### 19.1 अभियान

वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान प्रभाग ने दो अभियानों जैसे जनसुरक्षा द्वितीय अभियान और टैबलेट बैंकिंग ड्राइव का आयोजन किया है. दोनों अभियानों के तहत प्रदर्शन नीचे दिखाया गया है:

| क्रम सं | अभियान का नाम | अवधि | परिणाम |
|---|---|---|---|
| 1 | जनसुरक्षा II अभियान | 01.07.2019 से 31.07.2019 तक | पीएमएसबीवाई - 23,442<br>पीएमजेजेबीवाई- 75,873<br>एपीवाई - 4668<br>रेलिगेयर स्वास्थ्य बीमा - 1 करोड़ रुपए (प्रीमियम राशि) |
| 2 | **टैबलेट बैंकिंग ड्राइव** | 23.08.2019 से 30.09.2019 तक | 2983 खाते |

उपर्युक्त के अलावा, सभी विपणन अधिकारियों को टैबलेट बैंकिंग आवेदन के माध्यम से ग्राहक के दरवाजे/सहूलियतों पर खाता खोलने के लिए टैबलेट दिया गया है. टैबलेट बैंकिंग के तहत विपणन अधिकारियों के प्रदर्शन की निगरानी के लिए, विपणन अधिकारियों को प्रति माह 100 ए/सीएस का न्यूनतम व्यक्तिगत लक्ष्य दिया गया है. विपणन अधिकारियों के साथ लगातार अनुवर्ती कार्रवाई के परिणामस्वरूप हम वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान टैबलेट बैंकिंग आवेदन के माध्यम से 25,734 ए/सीएस खोल सके हैं.

### 19.2 पेरोल सेगमेंट पर विशेष ध्यान:

डिवीजन ने पेरोल वेरिएंट को अलग-अलग टारगेट देकर वित्त वर्ष **2019-20** के दौरान पेरोल अकाउंट्स पर जोर दिया है. पेरोल वेरिएंट के तहत प्रदर्शन नीचे दिखाया गया है :

| पेरोल के तहत निष्पादन - वित्त वर्ष 2019-20 | | | |
|---|---|---|---|
| | खाते | शेष [करोड़ में] | प्रति खाता शेष |
| कॉर्प पेरोल-न्यू | 1,10,703 | 42 | 3,764 |
| कॉर्प पे -सुपर | 39,558 | 26 | 6,673 |
| कॉर्प पे - सिग्नेचर | 696 | 5 | 67,892 |
| कॉर्प पे - एलीट | 9,579 | 33 | 33,990 |
| कॉर्प पे - डिलाईट | 3,272 | 41 | 1,26,360 |

### 19.3 नई पहलें :

i माइक्रोसॉफ्ट कैजाला के माध्यम से विपणन अधिकारियों की दैनिक रिपोर्टिंग शुरू की.

ii माइक्रोसॉफ्ट पावर बी में टैबलेट बैंकिंग पर रिपोर्ट जोड़ा गया .

iii टैबलेट बैंकिंग के माध्यम से खोले गए खातों की दैनिक निगरानी.

iv वीडियो कांफ्रेंस मोड के माध्यम से आयोजित विपणन अधिकारियों की मासिक प्रदर्शन समीक्षा.

v विपणन अधिकारियों के बीच वितरण के लिए अतिरिक्त टैबलेटों की खरीद.

vi महत्वपूर्ण दिनों/आयोजनों जैसे वरिष्ठ नागरिक दिवस, खेल दिवस आदि पर फ्लैश

vii टैबलेट के माध्यम से न्यूनतम 100 खाता खोलने के लिए टैबलेट बैंकिंग ड्राइव.

viii. दैनिक आधार पर एचएनआई ग्राहकों को जन्मदिन की बधाई एसएमएस भेजना.

ix अंचलों /शाखा से प्राप्त अनुरोधों के अनुसार, अंचल स्तर पर आयोजित रिटेल एक्स्पो, विपणन गतिविधियों पर एसएमएस भेजे गए थे.

x मासिक आधार पर शाखाओं में मेगा अम्ब्रेला शिविर का आयोजन किया.

xi विभिन्न बैंकिंग और प्रौद्योगिकी उत्पादों पर विपणन अधिकारियों के लिए ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी ‍ज्माइंड फिज़्ट का आयोजन किया गया.

xii बंगलौर, दिल्ली और कोलकाता में एनपीसीआई के सहयोग से सबसे सस्ते 5 दिन अभियान (22 से 26 जनवरी 2020) के दौरान बिग बाजार में कियोस्क गतिविधि का आयोजन किया.

xiii. दावा निपटान के लिए शाखाओं और बीमा कंपनियों के साथ समन्वय. जीवन अवधि बीमा और व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा के तहत दावों का निपटान नीचे दिखाया गया है :

| बीमा प्रकार | अप्रैल 2019 -मार्च 2020 की अवधि के लिए निपटाए गए दावे |
|---|---|
| जीवन अवधि बीमा | 2.35 करोड़ |
| व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा | 4.50 करोड़ |

## 20. ग्राहक सेवा

**20.1 पीजीआरएस शिकायतें :** वर्ष के दौरान हमने लोक शिकायत निवारण प्रणाली के माध्यम से प्राप्त 1975 शिकायतों में से 1967 शिकायतों का समाधान किया है और 31-03-2020 तक 8 शिकायतें लंबित थीं.

**20.2 सीपीजीआरएएमएस शिकायतें :** वर्ष के दौरान मंत्रालय के सीपीग्राम वेब पोर्टल में 935 शिकायतों में से 874 शिकायतों का निस्तारण किया गया और 31-03-2020 को 61 शिकायतें लंबित थीं.

**20.3 बैंकिंग लोकपाल मामले :** वर्ष 31.03.2020 को समाप्त वर्ष के दौरान 850 बैंकिंग लोकपाल मामले दायर किए गए और 549 बैंकिंग लोकपाल मामलों का निपटारा किया गया और 31.03.2020 को 326 मामले लंबित हैं. वर्ष के दौरान बैंकिंग लोकपाल ने 2,25,000 रुपये का एक पुरस्कार जारी किया है जिसके खिलाफ बैंक ने भारतीय रिजर्व बैंक, मुंबई के डिप्टी गवर्नर को अपील का विकल्प लिया है.

**20.4 आरबीआई/मंत्रालय की शिकायतें**: वर्ष के दौरान हमें भारतीय रिजर्व बैंक की 10 शिकायतें मिली हैं और सभी शिकायतों का समाधान किया गया था, 31-03-2020 को कोई शिकायत लंबित नहीं थी.

**20.5 आरटीआई आवेदन और अपील:** वर्ष के दौरान हमने 114 आरटीआई आवेदनों और 28 आरटीआई अपीलों का निपटारा किया है. 31-03-2020 को कोई आरटीआई आवेदन और आरटीआई अपील लंबित नहीं थी.

## 21 एकीकृत जोखिम प्रबंधन प्रणाली :

### 21.1 बासल - III अनुपालन

21.1.1 दुनिया भर में बैंक और अन्य वित्तीय संस्थान पहले से कहीं अधिक जुड़े हुए हैं क्योंकि वित्तीय दुनिया को अलग करने वाले समय क्षेत्र सिकुड़ गए हैं और वास्तव में दुनिया एक छोटी जगह बन गई है. हालांकि इस एकीकरण का मतलब यह भी है कि दुनिया के एक हिस्से में उत्पन्न होने वाले भू-राजनीतिक जोखिम दुनिया के दूसरे हिस्से को भी प्रभावित करते हैं. इस प्रकार, हर गुजरते दिन के साथ नए और अधिक जटिल जोखिम उत्पन्न हो रहे हैं और दुनिया भर में वित्तीय संस्थानों को बढ़ते जोखिमों को दूर करने के लिए अपने जोखिम प्रबंधन तकनीकों और संरचनाओं को लगातार बढ़ाना और बेहतर बनाना होगा. बेसल-II और बेसल-III समझौते का उद्देश्य एक सामान्य पर्यवेक्षी ढांचे के तहत क्षेत्राधिकारों और देशों में काम करने वाले विभिन्न बैंकों द्वारा अपनाई गई प्रथाओं के सुमेलन का निर्देशन करना है, इस प्रकार जोखिम प्रबंधन प्रथाओं में एकरूपता लाना है.

21.1.2 जोखिम प्रबंधन बैंक के संगठनात्मक ढांचे और व्यापार रणनीति का एक अभिन्न हिस्सा है. पहचान, माप, निगरानी और जोखिमों का नियंत्रण, बैंक को नुकसान को कम करने और मुनाफे को अधिकतम करने में सक्षम बनाता है. बैंक के सामने प्रमुख जोखिम ऋण जोखिम, बाजार जोखिम और परिचालन जोखिम हैं.

21.1.3 हमारे बैंक ने एकीकृत जोखिम प्रबंधन प्रणाली के कार्यान्वयन की देखभाल के लिए, ऋण जोखिम प्रबंधन समिति, बाजार जोखिम प्रबंधन समिति/आस्ति देयताएं जोखिम प्रबंधन समिति और परिचालनगत जोखिम प्रबंधन समिति जैसी कार्यपालकों की तीन आंतरिक समितिओं का गठन किया है. बैंक में जोखिम प्रबंधन गतिविधियों पर बोर्ड पर्यवेक्षण, बोर्ड की जोखिम प्रबंधन समिति के माध्यम से किया जाता है.

21.1.4 बैंक ने आंतरिक पूंजी पर्याप्तता मूल्यांकन प्रक्रिया (आईसीएएपी) को लागू किया है ताकि यह उजागर होने वाले जोखिमों का आकलन किया जा सके और उन जोखिमों का प्रबंधन और कम करने और इन जोखिमों के सापेक्ष पूंजी पर्याप्तता का मूल्यांकन करने के लिए जोखिम प्रबंधन प्रक्रिया को लागू किया है. जोखिम आकलन को बढ़ाने के लिए और विषम परिस्थितियों में संभावित प्रभाव की बेहतर समझ के लिए, तनाव परीक्षण प्रक्रिया आयोजित की जाती है. तनाव परीक्षण बैंकों को संवेदनशील क्षेत्रों, यदि कोई हो, की पहचान करने में सक्षम बनाता है और उचित आकस्मिक योजनाएं विकसित करके इसके लिए तैयार करने में सक्षम बनाता है .

21.1.5 बैंक ने ऋण, बाजार, परिचालनगत जोखिम और सूचना सुरक्षा से जुड़ी **18** नीतियाँ लागू की हैं, जिनकी आरबीआई के जरूरी दिशा-निर्देशों और आंतरिक परिपत्रों को ध्यान में रखने के बाद सालाना आधार पर समीक्षा की जा रही है.

### 21.2 ऋण जोखिम

21.2.1 ऋण जोखिम के क्षेत्र में बैंक ने वर्ष 2006 में वाणिज्यिक ऋण क्षेत्र के अंतर्गत उधारकर्ताओं के लिए लागू रेटिंग मॉडल क्रियान्वित किए थे. ये रेटिंग मॉडल जोखिम निर्धारण मॉड्यूल (रैम) नाम के वेब आधारित इंटरप्राइज़ वाइड सेल्यूशन पर काम करता है. वर्तमान में रु. 25 लाख और उससे अधिक के एक्सपोज़र वाले उधारकर्ता का मूल्यांकन करने के लिए इस्तेमाल किया जाता है और मूल्यांकन नोट तैयार करते समय रेटिंग का आकलन करने में बैंक को समर्थ करता है. ऋण अधिकारियों द्वारा निर्धारित रेटिंग हेतु जोखिम प्रबंधकों द्वारा स्वतंत्र प्रमाणीकरण लागू किया है. यह पूँजी गणना के लिए बासेल-III तथा आईएनडी एएस लेखा मानकों के आईआरबी दृष्टिकोण में परिवर्तित होने हेतु डाटाबेस के सृजन में भी सहायक होगा.

21.2.2 बैंक ने पूँजी आकलन मॉडयूल (कैम) भी प्राप्त किया है, जिसे भारिबैं द्वारा निर्धारित अनुसार बासेल-III के मानकीकृत दृष्टिकोण के अंतर्गत ऋण जोखिम के पूँजीगत परिकलन के प्रयोजनार्थ इस्तेमाल किया जाता है. बैंक ऋण जोखिम के अंतर्गत एफआईआरबी (आधारभूत आंतरिक श्रेणीकरण पर आधारित दृष्टिकोण) में माइग्रेट होने के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक को आवेदन कर चुका है. वर्तमान में बैंक ऋण जोखिम के लिए मानकीकृत दृष्टिकोण अपना रहा है.

21.2.3 बैंक ने ग्रुप ऋण नीति बनाई है, जो परिचालन के उन सभी क्षेत्रों को शामिल करते हुए जहाँ ऋण जोखिम शामिल है, ऋण प्रबंधन हेतु नीतिगत दिशा-निर्देश निर्धारित करती है. इस नीति से बैंक जोखिम प्रबंधन क्षमताओं में वृद्धि कर सकता है जिससे बैंक अपने ऋण पोर्टफोलियो में स्थिर तथा स्वस्थ संवृद्धि दर्शा सकता है जिसके परिणामस्वरूप निष्पादन समग्र रूप से सुधरेगा. बैंक ने समूह उधारकर्ताओं, उद्योग, भौगोलिक क्षेत्रों के लिए विवेकपूर्ण सीमाएं निर्धारित की हैं जिन्हें बैंक की पूँजी से संबद्ध किया गया है. निदेशक मंडल नियमित रूप से विवेकपूर्ण सीमाओं की समीक्षा करता है. बैंक ने बहुस्तरीय ऋण अनुमोदन की व्यवस्था भी लागू की है जिसमें ऋण प्रस्ताव संबंधित मंजूरी प्राधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत करने से पहले ज्क्ल्ळिक ण्ड्राडुंट द्वारा मंजूर किए जाते हैं.

21.2.4 रु. 5 करोड़ और उससे अधिक के उधार खातों की ऑन-साइट ऋण लेखा परीक्षा लागू है.

21.2.5 बैंक ने दबावग्रस्त आस्तियों की निगरानी के लिए स्वतंत्र प्रभाग स्थापित किया है. प्रभाग के दो वर्टिकल हैं एक- रु.1 करोड़ और अधिक के अत्यधिक एक्सपोजर की निगरानी हेतु और दूसरा- रु.1 करोड़ से कम एक्सपोजर की निगरानी हेतु. यह प्रभाग मानक श्रेणी के तहत नए स्लिपेज को रोकने के लिए दबावग्रस्त ऋण खातों का सूक्ष्म

अनुवर्तन सुनिश्चित करने के लिए शाखाओं और आंचलिक कार्यालयों को मार्गदर्शन और सहयोग प्रदान करता है. स्लिपेज के लिए संभावित कारणों के साथ संभावित एनपीए की समयपूर्व पहचान के लिए सिस्टम परिचालित एक अग्रिम चेतावनी प्रणाली मानक आस्तियों की निगरानी / नए स्लिपेज को रोकने के लिए एक आदर्श साधन है.

21.2.6 बैंक ने पोर्टफोलियो स्तर पर ऋण जोखिम के मूल्यांकन हेतु, पोर्टफोलियो की गुणवत्ता सुधारने के लिए रणनीतियाँ अपनाने तथा कुछ उधारकर्ताओं या उद्योगों को एक्सपोज़र के संकेद्रन के संभाव्य प्रतिकूल प्रभाव को कम करने के लिए उद्योग जोखिम निर्धारण व पोर्टफोलियो विवेचन के कार्य की ज़िम्मेदारी भी ली है.

21.2.7 उधार खातों के रेटिंग माइग्रेशन पर अध्ययन किया जाता है तथा पोर्टफोलियो गुणवत्ता की सुरक्षा के लिए समुचित उपचारात्मक कार्रवाई की जाती है.

21.2.8 ऋण जोखिम से संबन्धित सभी मामलों पर विचार ऋण जोखिम प्रबंधन समिति की बैठकों में किया जाता है.

## 21.3 बाज़ार जोखिम

21.3.1 बाजार जोखिम बाजार की कीमतों /परिवर्ती के उतार-चढ़ाव से ऑन बैलेंस शीट तथा ऑफ बैलेंस शीट स्थितियों में उत्पन्न होने वाली हानियों का जोखिम है. परिवर्तनों का बैंक अर्जन और उसकी पूंजी पर सीधा प्रभाव होगा. इन परिवर्तनों का बैंक की चलनिधि और लाभप्रदता पर भी प्रभाव हो सकता है.

21.3.2 बैंक ने देशी ट्रेजरी, देश जोखिम प्रबंधन और कीमती धातु परिचालन में बाजार जोखिम के प्रबंधन हेतु बाजार जोखिम नीति कार्यान्वित की है. नीति में चलनिधि का प्रभावी माप, निगरानी और प्रबंधन, ब्याज दर, देशी ट्रेजरी लेनदेन, विदेशी विनिमय तथा ईक्विटी के साथ बैंक के इक्विटी और पण्य मूल्य जोखिम पर जोर दिया जाता है. व्यापार बही में बाज़ार जोखिम की उपयुक्त नियंत्रण व्यवस्था के अनुसार निगरानी तथा प्रबंधन किया जाता है. बाज़ार स्थिति, निधियन स्वरूप, अवधि, प्रतिपक्ष सीमाएँ तथा विभिन्न संवेदनशील मानदंडों पर निगरानी रखी जाती है. प्रोन्नत जोखिम प्रबंधन उपाय, जैसे जोखिम पर मूल्य (वीएआर), निवल एक दिवसीय खुली स्थिति सीमा (एनओओपी) तथा संशोधित समयावधि सीमा बाज़ार जोखिम के प्रबंधन में प्रयुक्त होते हैं.

21.3.3 बैंक बाजार जोखिम के लिए पूँजीगत प्रभार के परिकलन के लिए मानक अवधि दृष्टिकोण अपना रहा है.

## 21.4 आस्ति देयता प्रबंधन (एएलएम)

21.4.1 आस्ति देयता प्रबंधन कार्य में बैंक की विविध आस्तियों और देयताओं का प्रवाह, स्तर, मिश्रण, लागत तथा प्रतिफल की आयोजना करना, निर्दिष्ट करना व नियंत्रित करना शामिल है. आस्ति देयता प्रबंधन का प्राथमिक उद्देश्य जोखिम मिटाना नहीं है, बल्कि उसका प्रबंधन इस प्रकार करना है कि पुनर्मूल्यांकन जोखिम के कारण अर्जन में कमी, अर्जन जोखिम और आधार जोखिम न्यूनतम हो.

21.4.2 जोखिम प्रबंधन एवं नियंत्रण के एक अंग के रूप में बैंक ब्याज दर संवेदनशीलता (गैप विश्लेषण), आस्तियों एवं देयताओं की परिपक्वता और तरलता का विश्लेषण करने के लिए आस्ति देयता प्रबंधन प्रणाली का इस्तेमाल कर रहा है. बैंक द्वारा तरलता का मापन स्टॉक एण्ड फ्लो दृष्टिकोण के उपयोग से किया जाता है. इसके अलावा, ब्याज दर जोखिम प्रबंधन के लिए जोखिम पर अर्जन एवं अवधि जैसे मॉडल का इस्तेमाल किया जाता है. तिमाही आधार पर तरलता जोखिम तथा ब्याज दर जोखिम के दबाव का परीक्षण किया जाता है. बैंक व्यापार बही में जोखिम मापने के लिए जोखिम पर मूल्य (वीएआर) लागू करता है. आस्ति देयता प्रबंधन समिति (एएलसीओ) तरलता चलनिधि (एलसीआर) अनुपात की निगरानी करती है, जो बैंक की संभावित चलनिधि कठिनाईयों के प्रति लघु अवधि प्रतिरोध क्षमता को यह सुनिश्चित करते हुए बढ़ावा देती है कि उनके पास 30 दिन तक चलनेवाली भारी तनाव की स्थिति का सामना करने के लिए पर्याप्त मात्रा में उच्च गुणवत्ता चलनिधि आस्तियां (एचक्यूएलए) है. इसके साथ ही बैंक ने बैंक की विविध शाखाओं द्वारा प्रदान की गई निधि और प्रयुक्त की गई निधि के लिए चालू बाजार दर के आधार पर मूल्य निर्धारित करते हुए एक वैज्ञानिक दृष्टि से विकसित आंतरिक मूल्य अंतरण व्यवस्था कार्यान्वित की है. बाजार जोखिम प्रबंधन समिति/आस्ति देयता प्रबंधन समिति ब्याज दर परिदृश्य, जमाराशियों एवं अग्रिमें हेतु उत्पाद मूल्य-निर्धारण, वृद्धिशील आस्तियों एवं देयताओं का वाँछित परिपक्वता प्रोफाइल, बैंक निधियों हेतु माँग, बैंक का नकद प्रवाह, लाभप्रदता आयोजना एवं समग्र तुलन पत्र प्रबंधन की समीक्षा हेतु नियमित अंतराल में बैठक करती है.

21.4.3 जमा, अग्रिम एवं निवेश के बहिर्प्रवाह और अंत:प्रवाह को वर्गीकृत करना: बैंक संरचनागत तरलता विवरणों के विभिन्न वर्गों में विभिन्न आस्तियों और देयताओं को रखता है. समय - समय पर आस्ति देयता प्रबंधन पर भारिबैं के दिशानिदेशों के आलोक में जमाओं को खंडीकरण कर उसका परिपक्वता मूल्य और अग्रिमों की विभिन्न प्रकृति, निवेश को वर्गों में रखा जाता है अर्थात खरीदे गए और बट्टाकृत किए गए बिलों को उनकी परिपक्वता के आधार पर वर्गीकृत किया जाता है, कैश क्रेडिट/ ओवरड्राफ्ट को उनके लेनदेन की पद्धति अर्थात 1, 2-7 दिनों और 8-14 दिनों तथा 1-3 वर्षों के वर्ग में उसके कोर भाग को रखा जाता है, सावधि ऋण को उनके परिपक्वता के आधार पर विभिन्न वर्ग, एनपीए 3-5 वर्ष से अधिक अवमानक, संदिग्ध और क्षतिग्रस्त को 5 वर्ष से अधिक के वर्ग में भारिबैं द्वारा जारी एएलएम दिशा निदेशों के आलोक में तत्संबंधित परिपक्वता वर्ग/ विफलीकरण अवधि के अनुसार वर्गीकृत किया जाता है.

21.4.4 दिनांक 31.03.2020 को आस्तियों के अवशिष्ट परिपक्वता विच्छेद

| परिपक्वता बकेट्स | आरबीआई में नकद एवं शेष | बैंक में शेष एवं माँग मुद्रा तथा त्वरित सूचना पर | निवेश | अग्रिम | स्थायी आस्ति | अन्य आस्ति | सकल योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अगले दिन | 15,955.1 | 522.9 | 149,012.9 | 12,913.4 | - | 17,737.1 | 196,141.3 |
| 2-7 दिन | 83,786.8 | 3,646.3 | 15,076.6 | 33,584.9 | - | 29,177.4 | 165,272.0 |
| 8-14 दिन | 2,203.4 | 0.0 | 10,781.8 | 18,183.1 | - | 34,303.5 | 65,471.8 |
| 15-30 दिन | 2,640.0 | 7,703.5 | 7,631.3 | 59,034.6 | - | 4,680.1 | 81,689.4 |
| 31 दिन-2 माह | 2,111.2 | 0.0 | 15,613.7 | 12,244.4 | - | 3,705.5 | 33,674.9 |
| >2 माह-3 माह | 2,158.5 | 0.0 | 6,486.4 | 78,578.0 | - | 453.7 | 87,676.7 |
| >3 माह-6 माह | 3,577.5 | 756.7 | 28,619.1 | 46,309.1 | - | 2,973.9 | 82,236.1 |
| >6 माह- 1वर्ष | 9,173.6 | 0.0 | 79,634.0 | 314,328.5 | - | 8,468.8 | 411,604.9 |
| >1वर्ष-3वर्ष | 10,406.3 | 0.0 | 68,560.4 | 467,180.2 | - | 64,903.1 | 611,049.9 |
| >3वर्ष-5वर्ष | 2,453.3 | 0.0 | 14,806.2 | 110,219.8 | - | 12,529.7 | 140,009.0 |
| >5 वर्ष | 22,986.6 | 0.0 | 268,102.0 | 121,414.6 | 13,794.0 | 6,992.0 | 433,289.2 |
| कुल | 157,452.3 | 12,629.3 | 664,324.3 | 1,273,990.5 | 13,794.0 | 185,924.9 | 2,308,115.3 |
| किए गए प्रावधान एवं दावे | | | 11,763.0 | 131,420.5 | - | - | 143,183.5 |
| सकल निवेश/अग्रिम | | | 676,087.4 | 1,405,411.0 | - | - | 2,451,298.8 |

**21.5 बेंचमार्क दरों जैसे आधार दर और निधि की सीमांत लागत पर आधारित दर को लागू करना**

21.5.1 बैंक निधि की सीमांत लागत पर आधारित दर, जो कि अवधि आधारित होती हैं, की संगणना 1 अप्रैल 2016 से करता है. इन दरों की समीक्षा प्रत्येक माह की जाती है.

21.5.2 बैंक तिमाही आधार पर आधार दर की समीक्षा कर रही है.

**21.6 परिचालनगत जोखिम**

21.6.1 परिचालनगत जोखिम सभी कारोबार परिचालनों में अंतर्निहित है तथा परिचालनगत जोखिम का प्रबंधन सुदृढ एकीकृत जोखिम प्रबंधन प्रणाली का महत्वपूर्ण अंग है. कारोबार का आकार तथा जटिलता तथा बैंक के जोखिम दर्शन के परिप्रेक्ष्य में निरंतर प्रशिक्षण प्रक्रिया के माध्यम से क्षेत्र स्तर के कार्मिकों को ज्ञान देने पर जोर दिया जाता है.

21.6.2 बैंक ने परिचालनगत जोखिम के कारगर रूप से प्रबंधन के लिए परिचालनगत जोखिम प्रबंधन नीति कार्यान्वित की है. बैंक ने बिजनेस लाइन मैपिंग, लॉस डाटा कैप्चर, जोखिम नियंत्रण स्व-आकलन (आरसीएसए), मुख्य जोखिम संकेतक (केआरआई). वर्तमान में बैंक मूल संकेतक दृष्टिकोण के तहत परिचालन जोखिम के लिए पूंजी प्रभार परिकलित कर रहा है.

21.6.3 बैंक ने इंट्रानेट पोर्टल में इंसिडेंट रिपोर्टिंग मॉड्यूल को समाविष्ट किया है जिसमें कोई भी शाखा / कार्यालय किसी भी प्रकार की परिचालनगत जोखिम संबंधी घटना के बारे में पता लगते ही उसकी रिपोर्ट कर सकते हैं. त्वरित प्रतिक्रिया और निरंतर निगरानी के लिए आईआरएमडी घटना को विभिन्न संबंधित पक्षों को अग्रेषित करता है और क्रियात्मक प्रभाग / शाखाओं द्वारा घटना के निपटान के लिए कार्रवाई की जाती है.

21.6.4 बैंक ने इंट्रानेट पोर्टल में रिस्क एंड कंट्रोल सेल्फ असेस्मेंट (आरसीएसए) मॉड्यूल को समाविष्ट किया है जिसमें कर्मचारी बैंक की प्रणाली एवं क्रियाविधि में सुधार हेतु सुझाव दे सकता है.

21.6.5 परिचालनगत जोखिम संबंधी सभी मुद्दों की चर्चा परिचालनगत जोखिम प्रबंधन समिति में की जाती है.

**21.7 सूचना/ साइबर सुरक्षा**

कार्पोरेशन बैंक अपने ग्राहकों को सुरक्षित और विश्वस्त डिजिटल बैंकिंग अनुभव प्रदान करने हेतु प्रतिबद्ध है. बैंक की समस्त सूचना आस्तियों की गोपनीयता, अखंडता और उपलब्धता को प्राप्त करने हेतु और विनियामक, परिचालनात्मक तथा संविदागत आवश्यकताओं को पूरा करने को सुनिश्चित करने हेतु बैंक ने सशक्त प्रणाली और प्रक्रिया का कार्यान्वयन किया है जो बैंक की सूचना सुरक्षा नीति एवं सूचना सुरक्षा दिशा निदेशों में सुपरिभाषित है.

बैंकों में कार्यरत साइबर सुरक्षा पर भारिबैं के अधिसूचना दिनांक 02.06.2016 के अनुरूप हमारा बैंक साइबर सुरक्षा नीति तैयार करने में अग्रणी रहा है जिसमें साइबर सुरक्षा के अनुरक्षण हेतु दिशानिदेशों की रूपरेखा है और बैंक की जटिल कारोबार क्रियाओं तथा प्रक्रिया को प्रभावित करने वाले दुर्भावनापूर्ण साइबर से सम्बन्धित दुर्घटना की तुरंत पहचान, सूचना विनिमय, प्रतिक्रिया और सुधार - उसे कम करने तथा उससे उभरने के लिए तैयारी के रूप में एक समन्वित दृष्टिकोण के रूप में साइबर आपदा प्रबन्धन योजना तैयार की गई है.

वर्तमान साइबर खतरों के परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए बैंक ने विद्यमान सुरक्षा परिचालन केन्द्र (एसओसी) की क्षमताओं का उन्नत साइबर-एसओसी में उन्नयन किया है जिसके द्वारा बैंक की महत्वपूर्ण आस्तियों की निगरानी, उसका मूल्यांकन किया जा सके और 24*7 आधार पर उसकी रक्षा की जा सके.

सूचना/ साइबर सुरक्षा मानक के क्षेत्र में समय - समय पर भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी दिशानिदेशों का अनुपालन करते हुए बैंक ने संगठनों यथा इंडियन कम्प्यूटर रेस्पोंस टीम (सीईआरटी -लव), नेशनल क्रिटिकल इंफोर्मेशन इंफ्रास्त्रकचर प्रोटेक्शन सेंटर (एनसीआईपीसी) और इंस्टीच्यूट फोर डेवलपमेंट एंड रीसर्च टेक्नोलोजी (आईडीआरबीटी) द्वारा सुझाए गए श्रेष्ठ उपायों का भी कार्यान्वयन किया है.

बैंक सीईआरटी इन, भारिबैं और आईडीबीआरटी द्वारा आयोजित विभिन्न बैठकों एवं मंचों में सक्रिय रुप से भाग लेता है ताकि नवीनतम सुरक्षा तकनीक के बारे में अद्यतन जानकारी प्राप्त होती रहे और बैंक की सुरक्षा व्यवस्था का अनवरत उन्नयन किया जा सके.

बैंक ने बैंक की आईटी आस्तियों को साइबर जोखिमों से बचाने हेतु साइबर बीमा कवर प्राप्त किया है .

## 22. मानव संसाधन प्रबंधन एवं भर्ती

किसी भी संस्था में मानव संसाधन प्रबंधन का प्रमुख उद्देश्य कर्मचारियों का उच्च कार्य निषादन सुनिश्चित करना है जिससे उनकी व्यक्तिगत प्रगति के साथ- साथ संस्था के लक्ष्यों की प्राप्ति की जा सके. बैंक की प्रगति इसके मानव संसाधनों के कौशल और प्रभावशीलता पर निर्भर करती है .बैंक का यह प्रयास रहा है कि सभी क्षेत्रों और क्रियात्मक इकाईयों में हर समय समुचित मानव-शक्ति उपलब्ध रहे.

22.1 बैंक विभिन्न संवर्गो में स्टाफ की आवश्यकता की समीक्षा प्रत्येक वर्ष करता है और कारोबार वृद्धि, भविष्य में शाखा विस्तार/ युक्तिकरण और इस्तीफा, अधिवर्षिता / वीआरएस द्वारा सेवानिवृत्ति के कारण विभिन्न संवर्गों में होने वाली रिक्तियों का विश्लेषण करता है. 31 मार्च, 2020 को कर्मचरियों की कुल संख्या 18486 रही.

22.2 विशिष्ट श्रेणियों हेतु रोजगार के लिए बैंक आरक्षण संबंधी सरकारी नीति के अनुसार आरक्षण संबंधी दिशानिर्देशों का सख्त अनुपालन करता है और तदनुसार बैंकिंग कार्मिक चयन संस्थान (आईबीपीएस) को मांग प्रस्तुत करता है. 31 मार्च, 2020 को कुल कर्मचारियों की संख्या में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति का प्रतिनिधित्व 29.16% (5391) है. बैंक में अन्य आरक्षित प्रवर्गो का भी यथोचित प्रतिनिधित्व है. यथा 31 मार्च, 2020 को 26.67% (4930) स्टाफ अन्य पिछड़े वर्ग के कर्मचारी, 2.14% (396) शारीरिक रूप से विकलांग और 6.95% (1284) भूतपूर्व सैनिक बैंक की स्टाफ सूची में हैं.

## 23. मानव संसाधन विकास एवं प्रशिक्षण

सभी कर्मचारियों का प्रशिक्षण और विकास बैंक के लिए ध्यान देने हेतु एक प्रमुख क्षेत्र है. बैंक के मानव संसाधनों हेतु वांछनीय लक्ष्य प्राप्त करने हेतु सहायता करने में प्रशिक्षण प्रमुख कारक है. प्रशिक्षण व्यक्तियों को मुख्य योग्यताएँ प्रदान करने पर विशेष ध्यान देता है जिससे वह अपना कार्य का निष्पादन प्रभावी रूप से कर सकें. बहुत तेजी से बदल रहे बैंकिंग उद्योग में, विशेषत: ऐसी परिस्थिति में जब वरिष्ठ और अनुभवी बैंकर्स सेवानिवृत हो रहे हैं और नए उम्र के युवा पेशेवर जिम्मेवारी को लेने के लिए आगे आ रहे हैं, चुनौतियों का सामना करने के लिए कार्य दल को तैयार करने हेतु बैंक की भूमिका और दायित्व बढ गया है. बैंक न केवल नए सदस्यों का उद्योग के कियाकलाप के बारे में प्रारंभिक ज्ञान देकर स्वागत करता है अपितु उन्हें नियमित तौर पर प्रशिक्षित भी करता है जिससे जाने वाले वरिष्ठ अधिकारियों की लम्बी चुनौतीपूर्ण सेवा रिकार्ड द्वारा प्राप्त अनुभव की भरपाई की जा सके .

वित्त वर्ष 2019-20 के दौरान बैंक ने बैंक के मानव संसाधनों के उनकी वर्तमान भूमिका और बैंक की आवश्यकताओं पर आधारित कौशल विकास पर ध्यान दिया है. तदनुसार कुल 15353 स्टाफ सदस्यों को 40364 कार्यदिवसों में विभिन्न प्रकार का प्रशिक्षण दिया गया. जिनका विवरण निम्नवत है :

- **आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम**

| क्रम संख्या | कार्यक्रम की प्रकृत्ति | वित्त वर्ष 2019-20 के लिए वास्तविक |
|---|---|---|
| 1 | इन-हाउस | 518 |
| 2 | इन-कंपनी | 33 |
| 3 | वाह्य | 207 |
| 4 | विदेशी / ओवरसीज | 2 |
| **कुल** | | **760** |

- **प्रशिक्षित किए गए स्टाफ**

| क्रम संख्या | कार्यक्रम की प्रकृत्ति | वित्त वर्ष 2019-20 के लिए वास्तविक |
|---|---|---|
| 1 | इन-हाउस | 14071 |
| 2 | इन-कंपनी | 763 |
| 3 | वाह्य | 516 |
| 4 | विदेशी / ओवरसीज | 3 |
| **कुल** | | **15353** |

- **उपयोग किए गए कार्य-दिवस**

| क्रम संख्या | कार्यक्रम की प्रकृत्ति | वित्त वर्ष 2019-20 के लिए वास्तविक |
|---|---|---|
| 1 | इन-हाउस | 36575 |
| 2 | इन-कंपनी | 2377 |
| 3 | वाह्य | 1399 |
| 4 | विदेशी / ओवरसीज | 13 |
| **कुल** | | **40364** |

बैंक द्वारा प्रशिक्षित कुल 15353 स्टाफ सदस्यों में 4943 स्टाफ सदस्य अ.जा./ अ.ज.जा समुदाय के हैं और 3666 स्टाफ सदस्य अ.पि.व समुदाय के हैं .

**24. पदोन्नतियाँ:**

पदोन्नति प्रत्येक कर्मचारी के कैरियर में एक बड़ा मील का पत्थर है. प्रगति के लिए कर्मचारियों की आशाओं का ध्यान रखते हुए बैंक ने उच्च दायित्व निभाने हेतु कर्मचारियों को समुचित अवसर तथा कैरियर प्रगति प्रदान की है. बैंक ने वर्ष 2019-20 के दौरान 1321 कर्मचारियों को पदोन्नत किया, जिसमें 8 महा प्रबंधक, 23 उप महा प्रबंधक, 49 सहायक महा प्रबंधक, 117 मुख्य प्रबंधक, 272 वरिष्ठ प्रबंधक, 537 प्रबंधक, 251 सहायक प्रबंधक और 64 लिपिक शामिल हैं.

**25. निरीक्षण एवं लेखा परीक्षा**

**25.1** सरकार और भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार, बैंक ने जोखिम आधारित आंतरिक लेखापरीक्षा (आरबीआईए) की नीति अपनाई है. यह लेखापरीक्षा उचित जोखिम निर्धारण और आकलन, कारगर जोखिम नियंत्रण और प्रबंधन उपाय, नियंत्रण प्रणाली एवं प्रक्रिया तथा संसाधनों के इष्टतम उपयोग पर ध्यान केंद्रित करती है. इसका लक्ष्य कार्पोरेट अभिशासन उद्देश्यों की प्राप्ति में सहायक होने के साथ-साथ विनियामक तथा प्रणालीगत अनुपालन स्तर के बारे में प्रबंधन वर्ग को आश्वासन देना है.

**25.2** शाखाओं की आंतरिक लेखा-परीक्षा और पर्याप्त व कारगर रूप से अनुवर्तन पर ध्यान केंद्रित करने के लिए देश भर में महत्वपूर्ण केंद्रों में मंडल लेखा-परीक्षा कार्यालय स्थित हैं जो लेखापरीक्षा आयोजित करते हैं और ईएलबी के अतिरिक्त सभी शाखाओं की लेखापरीक्षा रिपोर्ट बंद करते हैं. लेखा-परीक्षा नीति के अनुसार प्र.का.-आईएडी में ईएलबी रिपोर्ट को बंद करते हैं. लेखा परीक्षा रिपोर्टों के महत्वपूर्ण निष्कर्ष/टिप्पणियों और रिपोर्ट को बंद करने पर चर्चा करने हेतु सीएओ के साथ मंडल लेखा परीक्षा समिति की मासिक बैठक आयोजित की जाती है.

**25.3** बैंक की सभी शाखाओं का आंतरिक निरीक्षण किया जाता है ताकि जोखिम पर अंकुश हो, कारगर नियंत्रण तंत्र हो और परिचालनों में दक्षता सुधरे. प्रत्येक शाखा की जोखिम बोध अनुभव के आधार पर जोखिम आधारित आंतरिक शाखा निरीक्षण 12 से 18 महीनों में एक बार किया जाता है. शाखा निरीक्षण की आवधिकता शाखा श्रेणी के साथ-साथ शाखा के पिछले निरीक्षण में आबंटित जोखिम श्रेणीकरण के आधार पर तय की जाती है. नई खोली गई शाखाओं का पहला निरीक्षण परिचालनों को शुरू करने के 6-9 महीनों के भीतर किया जाता है. वित्त वर्ष 2019-20 के दौरान 2021 शाखाओं की जोखिम आधारित आंतरिक लेखा परीक्षा की गई.

**25.4** 87 शाखाओं की जोखिम आधारित स्नैप लेखा-परीक्षा आयोजित की गयी.

**25.5** प्रबंधन लेखापरीक्षा: प्रधान कार्यालय, मंडल कार्यालय और आंचलिक कार्यालयों के सभी कार्यात्मक प्रभागों की प्रबंधन लेखा-परीक्षा वर्ष में एक बार की जाती है. अन्य कार्यालयों जैसे पूंजी बाजार शाखा, चिकमगलूर में कॉबसेटी, एसटीसी, अग्रणी बैंक कार्यालय, सीएमएस कोर केंद्र, एटीएम केंद्र, क्रेडिट कार्ड प्रभाग, म्यूजियम आदि का भी वर्ष में एक बार नियमित निरीक्षण किया जाता है. इसके अलावा ट्रेज़री शाखा, मुंबई, फॉरेक्स डीबी, कैप्स शाखाएं, करेंसी चेस्ट, सेवा शाखाएं, एआरएमबी, खुदरा हब, एलआईसी हब आदि का भी वार्षिक निरीक्षण किया जाता है.

**25.6** भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार जोखिम अवबोध और कारोबार की मात्रा के आधार पर अभिनिर्धारित शाखाओं/कार्यालयों में नियमित संगामी लेखा-परीक्षा की जाती है. 2019-20 के दौरान 50% जमाराशियां और 50% अग्रिम के न्यूनतम कवरेज के लिए भारिबैं के निर्धारण 70% की तुलना में बैंक के कुल कारोबार का 71% संभालने वाली 652 शाखाओं की सनदी लेखाकारों की बाहरी फर्म की सेवाएं लेते हुए संगामी लेखा परीक्षा करवाई गई. इसके अतिरिक्त निर्दिष्ट प्रधान कार्यालय कार्यात्मक प्रभाग, एफटीएस सेंटर, बेंगलूर, मुंबई में ट्रेज़री शाखा (निवेश, बहुमूल्य धातु कक्ष और फॉरेक्स कक्ष सहित) की भी संगामी लेखापरीक्षा की जाती है. प्रत्येक आंचलिक कार्यालय द्वारा प्रत्येक तिमाही में संगामी लेखा परीक्षकों की बैठक आयोजित की जाती है और इसमें सीएओ के प्रमुख और प्र.का. का कोई कार्यपालक (समय-समय पर वीडियो कॉनफ्रेसिंग के माध्यम से) अवश्य उपस्थित होते हैं.

**25.7** वर्ष 2019-20 के दौरान 1891 शाखाओं का ऑफ-साइट निगरानी लेखापरीक्षा की गयी.

**25.8** एटीएम वाल्ट्स, सेवा प्रदाता यूनिट्स (आईटी एवं गैर-आईटी) की लेखापरीक्षा वर्ष में एक बार की जाती है. न्यू कोर बैंकिंग सोल्यूशन की डाटा माइग्रेशन एश्योरेंश प्रक्रिया को सीईआरटी-आईएन के अंतर्गत पैनलबद्ध बाह्य लेखापरीक्षकों द्वारा किया जाता है. दिनांक 31.03.2019 को फिनेकल में परिवर्तित समस्त 2564 शाखाओं की माइग्रेशन लेखापरीक्षा पूरी कर ली गयी है. इस प्रभाग ने 21 सेवा प्रदाता लेखापरीक्षा, 327 आउटसोर्सिंग लेखापरीक्षा, 6 स्थानों पर डीबी प्रबंधन एवं ऑनसाइट आईटी वेंडर प्रबंधन की एसओपी अनुपालन लेखापरीक्षा की है. इस प्रभाग ने 18 एप्लिकेशनों जैसे सीबीएस, एफटीएस, कैप्स, एनईएफटी, आरटीजीएस, आईटीएमएस, यूपीआई इन्फ्रास्ट्रक्चर, स्विफ्ट, मोबाइल बैंकिंग आदि की आईएस लेखापरीक्षा की है और बैंक के 7 डाटा केन्द्रों को सीईआरटी-आईएन के अंतर्गत पैनलबद्ध बाह्य लेखापरीक्षकों से करवाया है.

**25.9** रु. 50 लाख और उससे अधिक ऋण सीमा वाले उधार खातों की संवितरणपूर्व लेखापरीक्षा की गयी. 2019-20 के दौरान रु 5 करोड़ और उससे अधिक के 182 ऋण सीमाओं की संवितरणपूर्व लेखापरीक्षा आईएडी-प्रधान कार्यालय किया जाता है.

**25.10** वित्त वर्ष 2019-20 के दौरान उस प्रभाग ने राजस्व लेखापरीक्षा आयोजित की और रु.35.06 करोड़ आय के रिसाव का पता लगाया गया.

**25.11** प्रभाग ने शाखाओं द्वारा रिपोर्टों की निर्धारित आंतरिक समय मानदंडों से पूर्व समाप्ति संबंधी उत्कृष्ट कार्य को मान्यता देने हेतु एक योजना प्रारम्भ की है. इस संबंध में शाखा प्रमुखों को कार्यपालक निदेशक द्वारा हस्ताक्षरित 158 प्रशंसा प्रमाण पत्र तथा महा प्रबंधक, आईएडी द्वारा

हस्ताक्षरित 793 प्रशंसा प्रमाण पत्र द्वारा सम्मानित किया जाता है. इस मापदंड द्वारा बैंक के हित सुरक्षित रखने की दिशा में अतिदेय लेखा परीक्षा रिपोर्टों में काफी कमी आई है तथा अनियमितताओं का समय पर सुधार भी हुआ है.

**25.12** समीक्षा कलैंडर के अनुसार विभिन्न कार्यसूची, अर्थात् लेखा परीक्षा योजना बनाम निष्पादन, संगामी लेखा परीक्षा रिपोर्टों के प्रमुख अवलोकन, ईएलबी के प्रमुख निरीक्षण तथा लेखा परीक्षा के निष्कर्ष, आय रिसाव, अन्य बातों के साथ-साथ सूचनार्थ तथा निदेशों के अनुपालन हेतु कार्यपालकों की लेखा परीक्षा समिति तथा बोर्ड की लेखा परीक्षा समिति के समक्ष प्रस्तुत की जा रही है.

**25.13** निरीक्षकों/ क्षेत्र स्तरीय अधिकारियों को प्रभावी लेखा-परीक्षा कार्यभार संभालने हेतु आंतरिक परिपत्रों द्वारा शिक्षित किया जाता है. वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान लेखा परीक्षक एसटीसी, मंगलूरु में आयोजित प्रशिक्षण में उपस्थित हुए, इसके अलावा उनमें से कुछ को प्रतिष्ठित संस्थानों में बाहरी प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए नामांकित किया गया है.

## 26. ऋण निगरानी

26.1 बैंक ने महा प्रबंधक के स्वतंत्र प्रभार के अन्तर्गत मानक आस्तियों की निगरानी हेतु एक अलग विभाग बनाया है. प्रभाग के दो वर्टिकल हैं एक एक करोड़ के ऊपर के बड़े एक्सपोजर की निगरानी और दूसरा एक करोड़ से कम के एक्सपोजर की निगरानी. इसके अतिरिक्त, सहायक महा प्रबंधक / उप महा प्रबंधक के पद के कार्यपालक के नेतृत्व में दबावग्रस्त खातों की निगरानी तथा एनपीए खातों के अनुवर्तन हेतु वर्टिकल की स्थापना सभी छह मंडल कार्यालयों में की गई है. यह प्रभाग शाखाओं और आंचलिक कार्यालयों को विभिन्न जानकारी देता है जिससे मानक श्रेणी के दबावग्रस्त ऋण खातों को नई स्लिपेज बनने से रोके जाने हेतु कड़ी निगरानी सुनिश्चित की जा सके. स्लिपेज के कारण सहित संभाव्य एनपीए की शीघ्र पहचान हेतु एक सिस्टम संचालित ऋण चेतावनी साफ्टवेयर साधन स्थापित किया गया है जो मानक आस्तियों की प्रभावी निगरानी/ नई स्लिपेज रोकने हेतु एक बहुत आदर्श माध्यम है. ऋण खातों में पाए गए दबाव के समाधान हेतु तथा उसके उन्नयन के लिए आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु प्रभाग ऋण प्रभाग तथा आंचलिक कार्यालयों/ मंडल कार्यालयों से निकट संबंध बनाए रखता है .

## 27. विधि सेवा

27.1 बैंक के विधि सेवा प्रभाग की बैंक द्वारा किए गए विभिन्न वाणिज्यक क्रियाकलापों में महत्वपूर्ण भूमिका है. यह बहुविध कार्य करता रहा है जैसे प्रतिभूति के रूप में अचल संपत्तियों के संबंध में कानूनी राय की संवीक्षा तथा अनुमोदन, बैंक गारंटियों तथा प्रति गारंटियों का मसौदा तैयार करना/अनुमोदन करना, बैंक गारंटियाँ लागू किए जाने तथा अन्य मामलों के संबंध में सलाह देना, मामला निर्दिष्ट दस्तावेज़ों की तैयारी, विभिन्न न्यायालयों/ट्रिब्युनलों/प्राधिकारियों आदि के समक्ष दर्ज किए जाने वाले वाद पत्र / अभिवचन का मसौदा तैयार करना/अनुमोदन करना; विभिन्न राज्यों के विभिन्न उच्च न्यायालयों और उच्चतम न्यायालय से संबंधित मामलों में भी परामर्श देना, प्रधान कार्यालय के विभिन्न प्रभागों द्वारा संदर्भित समझौता ज्ञापनों/करारों का अनुमोदन करना, बैंक की बकाया को वसूल करने हेतु आवश्यक कदम उठाने के लिए शाखाओं को सूचित करना सरफेसी अधिनियम एवं मुकदमा दायर खातों के संबंध में शाखाओं को परामर्श देना, ऋण प्रलेखों की विधिक लेखा परीक्षा एवं स्वत्व विलेख पर आवधिक विधिक लेखा-परीक्षा पर परामर्श, सूचना का अधिकार अधिनियम के संबंध में तथा आरटीआई के तहत नागरिकों से प्राप्त अपीलों को निपटाने में परामर्श देना, उपभोक्ता फोरमों एवं अन्य सांविधिक प्राधिकारियों से संबंधित मामलों, आयकर, बिक्री कर व अन्य प्राधिकारियों से कुर्की आदेशों से संबंधित मामलों पर परामर्श देने की दिशा में भी कार्य करता रहा है. इस प्रभाग ने मृतक जमाकर्ताओं से संबंधित दावों के निपटान हेतु सरलीकृत प्रक्रिया को विकसित किया है. विधि सेवा प्रभाग प्रभाग प्रलेखीकरण संबंधी विभिन्न पहलुओं पर और मैन्युअलों को संशोधित करने/अद्यतन करने में संगठन एवं पद्धति प्रभाग को परामर्श भी देता है. विधि अधिकारी नियमित तथा निरंतर आधार पर विभिन्न कानूनी मामलों को भी संभालता है और शाखाओं/आंचलिक कार्यालयों/तथा प्रशासनिक कार्यालयों को समय सीमा के भीतर कानूनी मार्गदर्शन/स्पष्टीकरण देता है तथा बैंक के क्रियाकलाप के समस्त पहलूओं में बैंक की हित की रक्षा के लिए कदम उठाता है. विधि सेवा प्रभाग अधिवक्ताओं का पैनल बनाने/पैनल से निकालने/निष्पादन की समीक्षा करने का भी कार्य करता है.

### 27.2 लोक अदालत

विधि सेवा प्रभाग देश के विभिन्न भागों में लोक अदालत के साथ समन्वय करता है. 01.04.2019 से 31.03.2020 की अवधि के दौरान यह प्रभाग विभिन्न अंचलों में राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित कर सका, जिसके ब्योरे निम्नवत् हैं :

| लोक अदालत के ब्योरे | प्रेषित खातों की संख्या | शामिल राशि (रु.) करोड़ में | निपटाए गए खातों की संख्या | निपटाई गई राशि (रु) करोड़ में | नकद वसूली (रु.) करोड़ में |
|---|---|---|---|---|---|
| जुलाई 2019 | 6526 | 134.75 | 527 | 8.34 | 1.94 |
| अगस्त 2019 | 1605 | 15.50 | 108 | 1.34 | 0.29 |
| सितंबर 2019 | 8124 | 177.24 | 642 | 9.42 | 1.47 |
| अक्तूबर 2019 | 486 | 7.28 | 172 | 1.17 | 0.08 |
| नवंबर 2019 | 468 | 6.50 | 70 | 0.48 | 0.06 |
| दिसंबर 2019 | 8795 | 158.51 | 940 | 10.04 | 2.35 |
| फरवरी 2020 | 6372 | 127.36 | 576 | 12.56 | 2.35 |
| **कुल** | **32376** | **627.14** | **3035** | **43.35** | **8.54** |

27.3 **ऋण संवितरण पूर्व विधिक लेखा परीक्षा**

प्रका परिपत्र सं 23/2015 दिनांकित 07.01.2015 के अनुसार ऋण संवितरण पूर्व विधिक लेखा परीक्षा करने की निम्नतम सीमा को बढाकर रु. 50.00 लाख कर दिया गया है. रु. 50.00 लाख से अधिक के सभी निधि आधारित और गैर निधि आधारित खातों का ऋण संवितरण पूर्व विधिक लेखा परीक्षा की जाती है. ऋण संवितरण पूर्व विधिक लेखा परीक्षा बैंक के पैनलबद्ध अधिवक्ताओं द्वारा करवाई जाती है. विशेष मामलों में, आवश्यक होने पर बैंक के विधि अधिकारियों द्वारा विधिक लेखा परीक्षा की जाती है. शाखाओं को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि विधिक लेखा परीक्षा में अगर कोई कमी निकाली गई है तो ऋण संवितरण के पूर्व उसे दूर कर लिया जाना चाहिए.

27.4 **आवधिक विधिक लेखा परीक्षा**

प्रधान कार्यालय परिपत्र संख्या 792/2014 के अनुसार रु. 5.00 करोड़ एवं अधिक के ऐसे ऋण जिनमें अचल संपत्तियाँ प्रतिभूति के तौर पर ली गई हैं उनके लिए आवधिक विधिक लेखा परीक्षा अर्थात् हक विलेखों की उप पंजीयक कार्यालय में जाँच प्रत्येक दो वर्ष में की जानी है. प्रधान कार्यालय परिपत्र 652/2019 दिनांक 31.10.2019 के अनुसार आवधिक विधिक लेखापरीक्षा की सीमा घटाकर रु. 3.00 करोड़ एवं अधिक कर दी गई है .

**28. सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005**

बैंक ने सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अनुपालन में प्रधान कार्यालय में सहायक जन सूचना अधिकारी (एपीआईओ), जन सूचना अधिकारी (पीआईओ) और अपील प्राधिकारी (एए) नामित किए हैं और प्रत्येक आंचलिक कार्यालय और मंडल कार्यालय में जन सूचना अधिकारी और अपील अधिकारी नामित किए हैं. ग्राहक सेवा प्रभाग, प्रधान कार्यालय ने सूचना का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत अपेक्षित अन्य संबंधित जानकारी के साथ एपीआईओ, पीआईओ और एए के नाम बैंक की वेबसाइट पर प्रदर्शित किए गए हैं. बैंक उक्त अधिनियम के प्रावधानों का सभी स्तरों पर अनुपालन कर रहा है और जनता से प्राप्त सभी आवेदनों और अपीलों को निर्धारित समयावधि के अंतर्गत निपटा रहा है.

**29. ई- समाचारपत्र**

विधि सेवा प्रभाग ‘एलएसडी फ्लैश’ के माध्यम से विभिन्न विधिक मामलों पर फ्लेश संसूचित कर रहा है.

**30. कार्प नीति**

विधि सेवा प्रभाग ने बैंक तथा उसके कारोबार को प्रभावित करने वाले सभी विधिक मुद्दों हेतु एकल बिंदु संदर्भ बनाने के मिशन के साथ ‘कार्प नीति’ नामक वेब पोर्टल विकसित किया. ‘कार्प नीति’ में प्रभाग द्वारा जारी परिपत्र, पैनलबद्ध वकीलों की सूची, विभिन्न ई-न्यूज़लेटर, महत्वपूर्ण अधिनियम/ नियम आदि शामिल हैं.

**31. सुरक्षा**

1 सभी शाखाओं और एटीएम को सुरक्षा उपस्करों की दृष्टि में 100 % अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु बैंक ने आवश्यक कदम उठाए हैं. शाखाओं/ एटीएमों में लगाए गए सीसीटीवी/ डीवीआर की कार्यकुशलता की नियमित निगरानी एफटीएस, बेंगलुरु में स्थापित फैसिलिटी मैनेजमेंट सर्विस द्वारा किया जाता है ताकि उनके कार्य न करने के समय को कम किया जा सके. समुचित रिकार्ड रखने हेतु रोस्टर द्वारा डीवीआर की जांच की जाती है और एफटीएस में सर्विस इंजीनियरों द्वारा उपचारात्मक कार्रवाई की जाती है.

**32. अनुपालन**

32.1 भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशों के अनुरूप बैंक ने उप महा प्रबंधक के स्तर के कार्यपालक के अधीन अनुपालन प्रभाग स्थापित किया गया है, जो भारतीय रिज़र्व बैंक के निदेशों के अनुसार बैंक के मुख्य अनुपालन अधिकारी (सीसीओ) के तौर पर प्रतिनिधित्व करते हैं.

32.2 अनुपालन प्रभाग भारिबैं /भाबैंसं/नाबार्ड/सेबी/आईआरडीए/सीवीसी/ बीसीएसबीआई इत्यादि से प्राप्त संबंधित दिशानिर्देशों और अनुदेशों का उत्साह और वास्तविक रूप से अनुपालन सुनिश्चित करता है ताकि बैंक द्वारा सामना की जानेवाली अनुपालन जोखिम के प्रभावी प्रबंधन में उच्च प्रबंधन को सहायता हो सके. बैंक सभी विनियामक प्रस्तुतियों के लिए कल प्रविष्टि / निकास बिंदु के तौर पर भी कार्य करता है.

32.3 इसके साथ ही अनुपालन प्रभाग कार्यात्मक प्रभागों में अनुदेशों का प्रसार सुनिश्चित करता है, उचित आंतरिक अनुदेश और नियंत्रण में सहायता करता है, आंतरिक और बाह्य लेखापरीक्षकों के साथ संपर्क रखता है. जोखिम और पूँजी के आकलन हेतु पर्यवेक्षी कार्यक्रम (एसपीएआरसी) के अन्तर्गत वर्ष 2015-16 हेतु बैंक को जोखिम आधारित पर्यवेक्षण हेतु कवर किया गया है. अनुपालन प्रभाग पर्याप्त और प्रतिनिधि अनुपालन परीक्षण निष्पादित कर निगरानी और परीक्षण अनुपालन करता है .

**32.4 जोखिम आधारित पर्यवेक्षण** :

32.4.1 जोखिम धारित पर्यवेक्षण (आरबीएस) प्रकोष्ठ, जिसके प्रमुख सहायक महा प्रबंधक हैं, आरबीआई द्वारा वार्षिक पर्यवेक्षण निरीक्षण (आईएसई) का समन्वय कर रहा है. आरबीआई द्वारा आईएसई के सुचारु आयोजन के लिए आईएसई विवरणियों की टिप्पणियों का परवर्ती अनुपालन सुनिश्चित करना और आरबीआई द्वारा बताई गई आवधिक पूछताछ/ मदों पर ध्यान देना आरबीएस प्रकोष्ठ के प्रमुख कार्य हैं.

32.4.2 आरबीएस प्रकोष्ठ तिमाही बैठकों और मासिक डाटा की आरबीआई को प्रस्तुति के लिए कार्यात्मक प्रभागों के साथ समन्वय करता है.

32.4.3 वर्ष के दौरान आरबीएस प्रकोष्ठ को निरीक्षण एवं लेखा परीक्षा प्रभाग से असंबद्ध किया गया है और अनुपालन प्रभाग के अंदर लाया गया है जिससे कार्यान्वयन का बेहतर तालमेल बन सके.

**33. सतर्कता तंत्र :**

बैंक सार्वजनिक धन के संरक्षक हैं और इसलिए ईमानदारी, अखंडता, पारदर्शिता और सत्यनिष्ठा के उच्चतम मानकों को बनाए रखते हैं. एक बैंकिंग संगठन अनिवार्य रूप से आपसी विश्वास, अखंडता और आत्मविश्वास के दर्शन पर काम करता है. कर्मचारियों के बीच जागरूकता पैदा करना और उन्हें प्रभावी ढंग से व्यस्त रखना संगठन

की उत्पादकता को बढ़ाता है. कर्मचारियों में इस तरह का आत्मविश्वास और अखंडता बनाए रखने के लिए सतर्कता एक प्रभावी प्रबंधन उपकरण है.

एक प्रगतिशील संस्थान के रूप में, कॉर्पोरेशन बैंक में एक मजबूत मानक परिचालन प्रक्रिया (एसओपी) है और कर्मचारियों के लिए सुपरिभाषित भूमिका और जिम्मेदारियां हैं. हमारा बैंक पूर्ण पारदर्शिता के साथ परिचालन के विभिन्न क्षेत्रों में मूल्यवान प्रणालीगत सुधार का सुझाव देने में सक्रिय भूमिका निभा रहा है. बैंक की सतर्कता प्रणाली पूरी ईमानदारी बनाए रखते हुए पारदर्शी तरीके से बैंक के मानदंडों के अनुसार अधिकृत निर्णय लेने पर जोर देती है. हमने अधिकृत निर्णयों को सही परिप्रेक्ष्य में देखा हैं और यह सुनिश्चित किया है कि सभी श्रेणी के अधिकारियों और कर्मचारियों जिन्होने निर्णय के परिणाम की परवाह किए बिना ईमानदारी और विश्वास के साथ काम किया, उन्हे नैसर्गिक न्याय मिले. हमने अपनी कार्य संस्कृति में ईमानदारी, निष्ठा, पारदर्शिता और सत्यनिष्ठा को आत्मसात करने की कोशिश की है ताकि हमारे ग्राहकों द्वारा हमारे प्रति दिखाये गए भरोसे और विश्वास को सम्मान मिले.

बैंक में सतर्कता कार्य मुख्य रूप से दंडात्मक कार्रवाई करने के बजाय रोकथाम और पता लगाने की प्रकृति में हैं. सतर्कता तंत्र एक प्रहरी की भूमिका निभाता है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि किसी भी व्यक्तिगत प्राप्ति या लाभ के लिए निर्धारित प्रणालियों और प्रक्रियाओं से छेड़छाड़ न की जाए.

बैंक ने सतर्कता तंत्र के तहत निम्नलिखित पहल की है :

- बैंक ने अपनी ''विसल ब्लोअर पॉलिसी'' बनाई है जिसका उद्देश्य कर्मचारियों की सहायता से अप्रिय घटनाओं को पहचानना है और समय पर सुधारात्मक कदम उठाते हुए प्रारंभिक चरण में ही उसे रोकना/ बैंक की रक्षा करना है. इस नीति में इस तंत्र का इस्तेमाल करनेवाले कर्मचारियों को परेशान किए जाने के विरुद्ध पर्याप्त पूर्वोपाय भी हैं.
- निवारक सतर्कता पर तिमाही न्यूज़लेटर ''जागृती'' नियमित रूप से प्रकाशित करके बैंक की सभी शाखाओं/कार्यालयों के बीच परिचालित की जा रही है. उक्त न्यूज़लेटर में हमारे स्टाफ सदस्यों को सजग करने के उद्देश्य से कपट के नवीनतम मामलों का सारांश तथा कपटियों द्वारा अपनाई गई कार्य पद्धति को प्रकाशित किया जाता है.
- अंचल कार्यालय द्वारा उच्च जोखिम प्रवण क्षेत्रों को कवर करने वाले निवारक सतर्कता लेखापरीक्षा को शाखाओं में संचालित किया जा रहा है, जिसमें प्रत्येक शाखा को वर्ष में दो बार लेखापरीक्षा के अधीन किया जाना है और एक रिपोर्ट सतर्कता प्रभाग को प्रस्तुत की जानी है.
- सीवीसी के दिशानिर्देशों के अनुसार, बैंक के कर्मचारियों के सदस्यों के लिए निबंध प्रतियोगिता, केस स्टडी प्रतियोगिता और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन करके बैंक अक्टूबर-नवंबर के दौरान हर साल ''सतर्कता जागरूकता सप्ताह'' मनाता रहा है. एक आउटरीच गतिविधि के रूप में, कॉलेज के छात्रों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाती हैं. भ्रष्टाचार और भ्रष्ट आचरण को मिटाने के लिए जनता के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए, ग्रामीणों और शहरी केंद्रों में ''सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा'' कर्मचारियों और ''ग्राम सभाओं'' द्वारा ली जाती है.
- एक उन्नत सतर्कता सलाहकार तंत्र बनाया गया है जिसमें कार्यपालक निदेशक की अध्यक्षता में महा प्रबंधक एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी और महा प्रबंधक, मानव संसाधन प्रबंधन (काप्रप्र) का दल तिमाही में एक बार शीघ्र पूछताछ प्रक्रिया / प्रतिक्रिया (कार्रवाई) के समय में कमी कर औद्योगिक संबंध वातावरण को सुधारने हेतु चर्चा सत्र आयोजित करता है. यह मंच एक निवारक सत्र के रूप में कार्य करता है जो गंभीर समस्याओं की पहचान करता है और त्वरित हस्तक्षेप / शीघ्र सुधारात्मक कार्रवाई की सुविधा देता है.
- ई-लर्निंग पोर्टल : बैंक ने एक निवारक सतर्कता तंत्र विकसित किया है, जिसमें शाखाओं को प्रत्येक तिमाही में निवारक सतर्कता बैठकें बुलाने के लिए निर्देशित किया गया है, जिसमें स्टाफ सदस्यों को बैंक के सतर्कता प्रभाग, भारतीय बैंक की एसोसिएशन के साथ-साथ सतर्कता प्रभाग द्वारा जारी परिपत्र पढ़ने और चर्चा करने एवं अपने कार्य अनुभवों की जानकारी साझा करने की आवश्यकता होती है ताकि पूरे बैंक में सतर्कता और जागरूकता उत्पन्न हो.

## 34. आईएनडी एएस कार्यान्वयन

भारिबैं द्वारा जारी दिशा निदेशों और भारत में सामान्यत: स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों (इंडियन जीएएपी) के अनुसार भारत में बैंकों द्वारा अपना वित्तीय विवरण तैयार किया जा रहा है. जनवरी, 2016 में कार्पोरेट मामलों के मंत्रालय ने अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों, बीमा कंपनियों और गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) हेतु अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग मानक (आईएफआरएस) के अनुसरण में नई भारतीय लेखांकन मानक ( इंड एएस ) के कार्यान्वयन हेतु रोडमेप जारी किया है. भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने अपने गश्ती पत्र दिनांकित 11.02.2016 के द्वारा सूचित किया है कि बैंकों को 1 एप्रिल, 2018 प्रारम्भ से लेखांकन अवधि के लिए बिशेष विवरणों हेतु भारतीय लेखांकन मानदंडों (आईएनडी एएस) का अनुपालन करना हैं.

पहले भारिबैं के दिशानिदेशों के अनुसार भारतीय लेखांकन मानक (आईएनडी एएस) का अनुपालन को बैंकिंग विनियमन एक्ट 1949 में आवश्यक सांविधानिक सुधार साथ ही कई बैंकों में उस स्तर की तैयारी हेतु एक वर्ष के लिए लंबित रखा गया.

अब, आरबीआई ने अपने परिपत्र RBI/2018-19/146/DBR.BP.BC. NO. 29/21.07.001/2018-19 दिनांकित 22 मार्च 2019 द्वारा सूचित किया कि भारतीय रिजर्ब बैंक द्वारा अनुसंसित सांविधानिक सुधार भारत सरकार के पास विचारार्थ है. तदनुसार, यह निश्चित किया गया कि आईएनडी एएस के अनुपालन को अगली सूचना तक रोका जाए.

आरबीआई निर्देशों के अनुसार बैंक ने इंड एएस कार्यान्वयन के लिए परिचालन समिति गठित की है. उक्त परिचालन समिति में कार्यपालक निदेशक ( परिचालन समिति के प्रमुख) 31.10.2017 को भारिबैं द्वारा

निर्देशित और वित्तीय प्रबंधन प्रभाग, ऋण प्रभाग, एकीकृत जोखिम प्रबंधन प्रभाग, सूचना प्रौद्योगिकी प्रभाग, वसूली प्रभाग, निरीक्षण एवं लेखा परीक्षा प्रभाग तथा ट्रेजरी और निवेश प्रभाग के महा प्रबंधक शामिल होते हैं. उक्त समिति बैंक में इंड एएस कार्यान्वयन की प्रगति की निगरानी करता है और उक्त कार्यान्वयन के जटिल पहलूओं यथा: इंड एएस तकनीकी आवश्यकता, प्रणाली और प्रक्रिया, वाणिज्यिक प्रभाव, लोग और परियोजना प्रबंधन पर मार्गदर्शन प्रदान करता है.

आरबीआई निर्देशों के अनुसार, बैंक को जून 2018 से मार्च 2020 हेतु आईएनडी एएस प्रारूप प्रस्तुत किया है.

बैंक इंड एएस कार्यान्वयन से संबंधित विभिन्न पहलूओं हेतु आरबीआई और आईबीए से लगातार संपर्क में है.

**35. अवसर :**

बैंक की कार्यात्मक इकाइयों के साथ अखिल भारतीय उपस्थिति है जिसमें 2432 शाखाएँ और 2623 एटीएम हैं जो देश के सभी हिस्सों में फैली हुई हैं, जिसमें 34 क्षेत्रीय कार्यालय और 4 वृत्त कार्यालय हैं, जो इसके कार्यों की देखरेख करते हैं.

ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में बैंक की शाखाओं की बढ़ती उपस्थिति बैंक को कृषि और प्राथमिकता क्षेत्र, एसएमई और खुदरा क्षेत्र में अपने निवेश को सुधार कर थोक व्यापार के साथ ही खुदरा पोर्टफोलियो में एक संतुलित वृद्धि दर्ज करने के लिए बड़ा अवसर प्रदान करती है|

एक उच्च क्षमता वाला कार्यबल, नेटवर्क का बेहतर प्रसार, उत्पादों और सेवाओं का अनूठा सेट, प्रतिस्पर्धी ग्राहक सेवा और एक उन्नत तकनीक युक्त वातावरण ने लोगों के बीच एक प्रमुख स्थान प्राप्त करने में बैंक की मदद की.

बेहतर ग्राहक अनुभव देने के लिए कई प्रक्रियाओं का डिजिटलीकरण बैंक का फोकस क्षेत्र रहा है. बैंक में डिजिटल सेवाओं की विस्तृत श्रृंखला है, जिसमें इंटरनेट बैंकिंग, न्यू मोबाइल बैंकिंग एप्लिकेशन कॉर्प ई, एसएमएस बैंकिंग, ई-पास बुक, टैबलेट बैंकिंग आदि शामिल हैं.

बैंक ने फिनाकल सॉफ्टवेयर के साथ कोर बैंकिंग सॉल्यूशन के नवीनतम व सबसे आधुनिक संस्करण को अपना कर एक प्रौद्योगिकी परिवर्तन की पहल की है. इससे बैंक को ग्राहकों की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने, अपने कारोबार का विस्तार करने, तकनीकोन्मुख उत्पादों और सेवाओं को पेश करने और नए ग्राहकों से व्यापार प्राप्त करने में मदद मिलेगी|

**36. चेतावनियाँ :**

दुनिया भर में आर्थिक परिस्थिति अस्थिर होती जा रही है. अस्थिरता ही अब सामान्य बात हो चली है और बैंकों को इन बदलते मैक्रो आर्थिक वातावरण के अनुकूल होने और अनिश्चित परिचालन वातावरण में अवसरों को खोजने के लिए क्षमताओं का निर्माण करने की आवश्यकता है.

परिसंपत्ति की गुणवत्ता और तनावग्रस्त परिसंपत्तियों के समाधान का प्रबंधन न केवल महत्वपूर्ण है बल्कि यह स्वस्थ प्रदर्शन के स्तर को सुधारने और प्राप्त करने के लिए बैंकिंग क्षेत्र के लिए प्रमुख फोकस क्षेत्र बन गया है.

भविष्य की विकास आवश्यकताओं, पूंजी मानदंडों के कार्यान्वयन, उच्च प्रावधानों आदि को ध्यान में रखते हुए, अतिरिक्त पूंजी जुटाना एक चुनौती होगी.

निकट भविष्य में मध्यम और वरिष्ठ प्रबंधन स्तर पर अनुभवी व्यक्तियों की सेवानिवृत्ति के लिए विकल्प तलाशने की आवश्यकता है, जो शीर्ष प्रबंधन की रणनीति को व्यावहारिक कार्य योजनाओं में बदलने के लिए महत्वपूर्ण है.

बैंक, किसी भी अन्य उद्योग की तरह, अपने दैन्दिनी परिचालन में ऋण, बाजार और परिचालन जोखिमों का सामना करते हैं, ब्याज अर्जन में कमी बैंक की लाभप्रदता संरचना को प्रभावित करती है.

विनियामक दिशा-निर्देशों, नीतियों, सरकार / नियामक आदि द्वारा प्रावधानों में कोई भी बदलाव बैंक के निष्पादन को प्रभावित कर सकता है. वसूली प्रबंधन, आस्ति देयता प्रबंधन और जोखिम प्रबंधन की प्रभावशीलता के निष्पादन पर अपने प्रभाव हो सकते हैं.

तीव्र प्रतिस्पर्धा और नयी ईकाइयों की प्रवेश से व्यापार वृद्धि, मार्जिन और लाभप्रदता प्रभावित होने की संभावना है.

**37. भविष्य के लिए रोड मैप**

भारत सरकारने आंधा बैंक और कॉर्पोरेशन बैंक को युनियन बैंक ऑफ इंडिया योजना, 2020 के तहत राजपत्र अधिसूचना दिनांक 4 मार्च, 2020 के अनुसार समामेलित कर दिया है. तदनुसार, कॉर्पोरेशन बैंक और आंधा बैंक को 1 अप्रैल, 2020 से युनियन बैंक ऑफ में समामेलित कर दिया है.

**निदेशक मंडल के लिए और उनकी ओर से**

**(राजकिरण रै जी.)**
**प्रबंध निदेशक एंव मुख्य कार्यपालक अधिकारी**

स्थान: मुंबई
दिनांक: 31.07.2020

# कार्पोरेट अभिशासन पर रिपोर्ट

## 1. बैंक में कार्पोरेट अभिशासन

बैंक का यह विश्वास है कि सुदृढ़ कार्पोरेट अभिशासन निवेशक की आस्था को बढ़ाने और बनाए रखने के लिए अहम है. एक ज़िम्मेदार कारोबारी संस्था के रूप में बैंक; विवेक, खुलापन, निष्पक्षता, व्यावसायिकता, प्रकटन द्वारा पारदर्शिता, नैतिक प्रथाओं आदि पर आधारित ठोस कार्पोरेट प्रथाओं के प्रति कटिबद्ध है जिससे ईमानदारी तथा जिम्मेदारी के साथ निष्पादन किया जा सके, निवेशकों और हितधारकों के आत्मविश्वास में वृद्धि हो और दीर्घावधि सफलता सुनिश्चित हो. कार्पोरेशन बैंक में कार्पोरेट अभिशासन विनियामक अपेक्षाओं का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए ही नहीं बल्कि लाभप्रद वातावरण के साथ ग्राहक की आवश्यकताओं के अनुकूल रहकर भी विकसित किया गया है. बैंक ग्राहक संतुष्टि तथा शेयरधारकों के मूल्य में वृद्धि के दोहरे उद्देश्यों के साथ ईज दिशानिर्देशों का भी अनुपालन करते हुए एक जिम्मेदार बैंक के रूप में उत्कृष्टता हेतु अथक प्रयास कर रहा है. कार्पोरेशन बैंक का सदाचार ग्राहकों के साथ दिखता है जिसके केंद्र बिंदु में शेयरधारक है.

## 2. बैंक का दार्शनिक सिद्धांत

2.1 बैंक का दर्शन उसके कार्पोरेट आदर्श वाक्य 'सर्व जना: सुखिनो भवंतु' अर्थात् 'सभी की समृद्धि' से दिशानिदेशित है जिससे समाज और अर्थव्यवस्था की उन्नति सुनिश्चित होती है. बैंक का दृढ़ विश्वास है कि सुदृढ कार्पोरेट अभिशासन प्रथाओं से इसके अपने लक्ष्यों की पूर्ति और उद्देश्यों की प्राप्ति हो जाती है जिससे उसकी छवि में वृद्धि होती है, जो आगे चलकर शेयरधाकों के लिए हितकारी होता है और उनका विश्वास जीतने की क्षमता को बढ़ाता है. उत्तम कार्पोरेट अभिशासन शीर्ष से आरंभ होता है और नीचे की ओर सतत बढ़ता है. निदेशक मंडल और प्रबंधन उपयुक्त निर्णय लेते हैं और उत्कृष्टता के उच्चतम मानकों को प्राप्त करने हेतु बैंक का मार्गदर्शन करते हैं.

## 3. निदेशक मंडल

3.1 निदेशक मंडल का गठन समय-समय पर यथा संशोधित राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन और विविध प्रावधान) योजना, 1980 के साथ पठित बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1980 के अनुसार किया गया है, जो कि समय समय पर संशोधित किया गया है और यथा लागू सेबी (एलओडीआर) अधिनियम, 2015 के संबंधित प्रावधान के साथ पठित और इसमें विविध व्यावसायिक अनुभव वाले व्यक्तियों का प्रतिनिधित्व है. वर्ष 2019-20 की समाप्ति पर रिपोर्ट के अनुसार निदेशक मंडल में 07 निदेशक हैं जिनमें 5 गैर-कार्यपालक निदेशक हैं तथा उनमें से एक महिला निदेशक सहित 3 को स्वतंत्र निदेशक माना गया है. समाज के विभिन्न क्षेत्रों से आनेवाले ये निदेशक, मंडल को, बैंकिंग व्यवसाय प्रबंधन, वित्तीयन , ट्रेजरी & फोरेक्स, ऋण, मानव संसाधन प्रबंधन एवं सूचना प्रोद्योगिकी सहित विशेषज्ञता और विपुल अनुभव-युक्त ज्ञान प्रदान करते हैं. रिपोर्टाधीन वित्त वर्ष के दौरान निदेशक मंडल की 18 बैठकें आयोजित की गईं.

3.2 बैंक परिचालन के कुछ महत्वपूर्ण कार्य-क्षेत्रों में विशेष तथा संकेंद्रित ध्यान देने के लिए और उचित दिशा प्रदान करने, प्रभावी निगरानी करने तथा बैंक के कार्यों में नियंत्रण रखने और नए क्षेत्रों पर ध्यान देकर तथा बैंक के समग्र विकास की आवश्यकता हेतु निदेशक मंडल ने विभिन्न समितियों का गठन किया है. विभिन्न समितियों के ब्योरे और वर्ष 2019-20 दौरान प्रत्येक समिति द्वारा आयोजित बैठकों की कुल संख्या निम्नानुसार है:

| क्र. सं. | बोर्ड की समितियों के नाम | आयोजित बैठकों की कुल संख्या |
|---|---|---|
| 1. | प्रबंधन समिति (एमसी) | 17 |
| 2. | लेखा-परीक्षा समिति (एसीबी) | 10 |
| 3. | विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) | 04 |
| 4. | शेयरधारक संबंध समिति (एसआरसी) | 04 |
| 5. | सूचना प्रौद्योगिकी समिति (आईटीसी) | 12 |
| 6. | जोखिम प्रबंधन समिति (आरएमसीबी) | 09 |
| 7. | उच्च मूल्य के कपटों की निगरानी समिति (एलवीएफ) | 08 |
| 8. | शेयर अंतरण समिति (एसटीसी) | 11 |
| 9. | ग्राहक सेवा समिति (सीएससी) | 04 |
| 10. | नामांकन समिति (एनआरसी) | 01 |
| 11. | बैंक के वरिष्ठ कार्यपालकों की आंतरिक पूँजी पर्याप्तता मूल्यांकन समिति (आईसीएएपी)* | 04 |
| 12. | ऋण अनुमोदन समिति (सीएसी)* | 24 |
| 13. | मानव संसाधन समिति (एचआरसी) | 09 |
| 14. | वसूली निगरानी समिति (आरएमसी) | 07 |
| 15. | प्रतिभूति आबंटन समिति (एसएसी) | 01 |
| 16. | प्रधान कार्यालय स्तरीय ऋण समिति (एचएलसीसी* | 22 |
| 17. | इरादन चूककर्ताओं हेतु समीक्षा समिति | 02 |
| 18. | शाखाओं में डिजिटल भुगतान के प्रचार एवं कारोबार वृद्धि हेतु बोर्ड की उप समिति | 02 |
| 19 | निदेशक मंडल की निष्पादन मूल्यांकन समिति (पीईसी) | 01 |

* भा.रि.बै./सरकारी निदेश के अनुसार इस समिति में कुछ सदस्य बैंक के उच्च कार्यपालक अर्थात्, महा प्रबंधक हैं.

3.3 बोर्ड की समितियों के विवरण आगे के पृष्ठों में दिए गए हैं. निदेशक मंडल और उसकी समितियों ने नियमित अंतरालों में बैठकें कीं तथा

नैतिक प्रथाओं और व्यावसायिक प्रबंधन द्वारा निष्पादन के उच्च मानक सुनिश्चित करने हेतु विवेकपूर्ण और दक्ष तरीके से अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए बैंक का मार्गदर्शन किया.

3.4 नीति निरूपण, निष्पादन समीक्षा एवं विश्लेषण तथा नियंत्रण जैसी जिम्मेदारियाँ निदेशक मंडल द्वारा निभाई जाती हैं. निदेशक मंडल ने बैंक द्वारा निर्धारित नीतियों के अनुरूप बैंक के कार्यपालकों और कार्यपालकों की समितियों को विभिन्न अधिकार प्रत्यायोजित किए हैं. भारत सरकार, वित्त मंत्रालय और भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा समय-समय पर जारी दिशानिर्देशों के अनुसार निदेशक मंडल द्वारा ऐसे प्रत्यायोजित अधिकारों की आवधिक रूप से समीक्षा की जाती है और बैंक के कारगर कार्य-संचालन हेतु उनमें आवश्यक संशोधन किया जाता है.

3.5 बैंक की नीतियों की समीक्षा वार्षिक आधार पर की जाती है और बदलते परिदृश्य और बाजार मांगों के अनुरूप उनमें आवश्यक आशोधन किए जाते हैं.

3.6 **2019-20 के दौरान निदेशकों, निदेशक मंडल एवं अन्य समिति की बैठकों में उनकी उपस्थिति संबंधी ब्योरे निम्नवत हैं:**

**सूची संलग्न**

प्र.नि. एवं मु.का.अ. - भारत सरकार द्वारा नियुक्त प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी

का.नि. - भारत सरकार द्वारा नियुक्त कार्यपालक निदेशक

गै.का.नि - भारत सरकार/भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा नामित गैर-कार्यपालक निदेशक

अ.नि. - भारत सरकार द्वारा नामित अधिकारी कर्मचारी निदेशक

शे .नि. - शेयरधारकों द्वारा निर्वाचित निदेशक - स्वतंत्र निदेशक

स.ले.नि - सनदी लेखाकार निदेशक - स्वतंत्र निदेशक

स्वनि - स्वतंत्र निदेशक

3.7 वर्ष 2019-20 के दौरान, निदेशक मंडल की निम्नलिखित दिनांक पर 18 बैठकें हुईं:

(दिनांक, माह व वर्ष प्रारूप में तारीखें)

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 29.04.2019 | 17.05.2019 | 30.05.2019 | 29.06.2019 | 02.08.2019 | 03.08.2019 | 23.08.2019 | 16.09.2019 |
| 18.10.2019 | 06.11.2019 | 22.11.2019 | 24.12.2019 | 20.01.2020 | 07.02.2020 | 28.02.2020 | 05.03.2020 |
| 17.03.2020 | 30.03.2020 | | | | | | |

3.8 निदेशक मंडल का कोई भी निदेशक 10 से अधिक समितियों का सदस्य नहीं है अथवा जिन सभी कंपनियों में वे निदेशक हैं, पाँच से अधिक समितियों के अध्यक्ष के रूप में कार्य नहीं करते हैं. (इस उद्देश्य हेतु केवल दो समितियों, अर्थात् लेखा परीक्षा समिति, शेयरधारक संबंध समिति और पारिश्रमिक समिति को लिया गया है) . कोई भी निदेशक बैंक के किसी दूसरे निदेशक का रिश्तेदार नहीं है.

3.9 यथा 31.03.2020को निदेशकों के संक्षप्ति प्रोफाइल नीचे प्रस्तुत है:

**3.9.1 श्रीमती पी वी भारती, प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी**

श्रीमती पी वी भारती ने 1 फरवरी 2019 को कार्पोरेशन बैंक के प्रबंध निदेशक तथा मुख्य कार्यपालक अधिकारी के रूप में कार्यभार ग्रहण किया. प्रबंध निदेशक तथा मुख्य कार्यपालक अधिका का पदभार ग्रहण करने से पहले वे केनरा बैंक की कार्यपालक निदेशक थी.

वे विज्ञान में स्नातक के साथ ही शिक्षाशास्त्र में स्नातक हैं. उन्होंने कला (अर्थशास्त्र) में स्नातकोत्तर किया है. पेशे से एक बैंकर होने के नाते वे भारतीय बैंकर संस्थान के प्रमाणित एसोसियट सदस्य (सीआईआइबी) हैं एवं NIBM, पुणे से बैंकिंग एवं फाइनेंस में इंटीग्रेटेड कोर्स किया है .

श्रीमती पी वी भारती 1982 में केनरा बैंक में अधिकारी के रूप में बैंकिंग उद्योग से जुड़े और देश के विभिन्न भागों में स्थित बैंक के विभिन्न शाखाओं एवं प्रशासनिक कार्यालयों में विभिन्न पदों पर कार्य किया. महा प्रबंधक के तौर पर उन्होंने बैंक में मुख्य जोखिम अधिकारी के रूप में कार्य किया. वह एक अनुभवी बैंकर हैं तथा उन्हें शाखाओं, आंचलिक कार्यालयों, मंडल कार्यालयों, प्रधान कार्यालय में मानव ससाधन, ऋण प्रबंधन, खुदरा बैंकिंग वसूली, फारेक्स परिचालन, जोखिम प्रबंधन, सूचना प्रोद्योगिकी और प्रशासन सहित बैंकिंग परिचालन के विशाल क्षेत्र के विभिन्न महत्वपूर्ण दायित्व निभाने का 38 वर्षों का अनुभव है .

वे 15.09.2016 को केनरा बैंक में कार्यपालक निदेशक के तौर पर नियुक्त हुए जहाँ वह मानव संसाधन , कार्पोरेट ऋण, खुदरा बैंकिंग, ऋण निगरानी, वसूली, जोखिम प्रबंधन, सूचना एवं प्रोद्यौगिकी, लेखा एवं निरीक्षण, वैश्विक बैंकिंग, ट्रेजरी आदि जैसे महत्वपूर्ण दायित्वों की प्रभारी थी .

उन्होंने अपने कैरियर के दौरान विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया. वे बैंकों द्वारा मूल्यांकक को सूची में शामिल करने की प्रक्रिया के मानकीकरण हेतु आईबीए के कार्यकारी समूह के बैंक द्वारा नामित सदस्य थी. वे केनरा बैंक एवं उनके कई अनुषंगी कंपनियों एवं एक संयुक्त उपक्रम- मै? कमर्शियल इंडो बैंक एलएलसी ,मॉस्को के बोर्ड में थी. वर्तमान में वे भारत सरकार द्वारा इंडिया इन्फ्र इन्फ्रास्ट्रकचर फाइनेंस कंपनी लिमिटेड (आईआईए?सीएल) के बोर्ड में अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक(एससीबी) के नामित निदेशक के रूप में नियुक्त की गई. वे एक कुशल वक्ता हैं एवं उन्होने विभिन्न सेमीनारों, सम्मेलनों, मंत्रालय द्वारा आयोजित पैनल परिचर्चा एएसएसओसीएचएएम, क्रिसिल आदि में कई पुरस्कार प्राप्त किए है.

श्रीमती भारती उद्योग क्षेत्र में अपनी परिणाम उन्मुखता एवं व्यावहारिक दृष्टिकोण, टीमवर्क तथा त्वरित निर्णय के कारण जानी जाती है. वे देश के भीतर और देश के बाहर की कई प्रतिष्ठित संस्थाओं के प्रशिक्षण कार्यक्रमों में शामिल हुई है. उन्होने अपने बैंकिंग कैरियर में कई पुरस्कार एवं सराहना प्राप्त किया है जिसमें बैंकिंग में उत्कृष्टता हेतु ''आर्यभट्ट इंटरनेशनल अवार्ड-2017'' का ''झांसी रानी'' पुरस्कार शामिल है.

श्रीमती पी वी भारती का कार्यकाल उनकी सेवानिवृति की अवधि प्राप्त करने से दिनांक 31.03.2020 को समाप्त हो गया.

**3.9.2 श्री गोपाल मुरली भगत (सेवानिवृति की अवधि प्राप्त करने से दिनांक 23 अगस्त 2019 को निदेशक मंडल से उनका कार्यकाल समाप्त हो गया.)**

श्री गोपाल मुरली भगत ने 24 अगस्त, 2016 को कार्पोरेशन बैंक में कार्यपालक निदेशक का पदभार सँभाला. कार्यपालक निदेशक का पदभार सँभालने से पहले वे बैंक ऑफ इंडिया में महाप्रबंधक थे.

श्री गोपाल मुरली भगत; स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त, भारतीय बैंकर संस्थान के प्रमाणित एसोशिएट (सीएआईआईबी) और ट्रेजरी, निवेश और जोखिम प्रबंधन में डिप्लोमा प्राप्त हैं. वे, शाखाओं, आंचलिक कार्यालय और साथ ही प्रधान कार्यालय स्तर पर विभिन्न प्रशासनिक और कार्यात्मक क्षमता में 34 से अधिक वर्षों का समृद्ध अनुभव प्राप्त एक अनुभवी बैंकर हैं. आपने 1984 में अधिकारी के रूप में अपने बैंकिंग कैरियर की शुरुआत की और बैंक ऑफ इंडिया में महा प्रबंधक-ट्रेजरी के पद पर पदोन्नत हुए. आपने उक्त बैंक में घरेलू अनुषंगियों और संयुक्त व्यवसायों का प्रबंधन और निगरानी की. आप कुछ कंपनियों के निदेशक मंडल में नामिती निदेशक भी रहे.

खुदरा, ऋण, ट्रेजरी और समुद्रपारीय केंद्र (सिंगापुर) में अंतरराष्ट्रीय बैंकिंग में अपनी विशेषज्ञता के मद्देनजर आपने अपने कैरियर के दौरान विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया. वे कार्प बैंक सेक्यूरिटीज़ लि. , बैंक के पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी के निदेशक भी हैं.

श्री भगत ने 23 अगस्त, 2019 को बैंक के निदेशक मंडल में 3 वर्ष का कार्यकाल पूरा कर लिया है.

**3.9.3 श्री विरुपाक्ष मिश्रा, कार्यपालक निदेशक**

श्री बिरुपाक्ष मिश्रा ने 26 दिसम्बर, 2018 को कार्पोरेशन बैंक के कार्यपालक निदेशक के रूप में कार्यभार ग्रहण किया.

श्री बिरुपाक्ष मिश्रा, स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त, भारतीय बैंकर संस्थान के प्रमाणित एसोशिएट (सीएआईआईबी) हैं. उन्होने 1984 में परिवीक्षाधीन अधिकारी के रूप में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया में कार्यभार ग्रहण किया एवं शाखा प्रमुख, क्षेत्र प्रमुख, अंचल प्रमुख, एवं महाप्रबंधक के रूप में कॉर्पोरेट कार्यालय स्तर पर विभिन्न कार्यात्मक क्षमता में 34 से अधिक वर्षों का समृद्ध अनुभव प्राप्त एक अनुभवी बैंकर हैं. आपने देश के विभिन्न भागों में कार्य किया और लंबी अवधि तक बैंक के ऋण एवं ऋण निगरानी पोर्टफोलियो को संभाला. कार्पोरेशन बैंक में कार्यपालक निदेशक का पद संभालने से पहले उन्होंने सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया में अंतिम 2 वर्ष एवं 6 महीने से अधिक समय तक आईटी वर्टिकल का नेतृत्व किया.

श्री बिरुपाक्ष मिश्रा को दिनांक 01.04.2020 से समामेलित यूनियन बैंक आफ इंडिया के निदेशक मंडल में कार्यपालक निदेशक नियुक्त किया गया है.

**3.9.4 श्री आलोक तिवारी, सरकार नामिती निदेशक (मनीष गुप्ता की जगह जिनका कार्यकाल दिनांक 04 मार्च 2020 को समाप्त हो गया)**

श्री आलोक तिवारी को 05 मार्च, 2014 से बैंक के बोर्ड में सरकार नामित निदेशक के रूप में केंद्र सरकार द्वारा नामित किया गया है.

श्री आलोक तिवारी वित्तीय सेवाएं विभाग, वित्त मंत्रालय में उपसचिव रुप में दिनांक 15.11.2019 से कार्यरत हैं. 23.10.1978 को जन्मे श्री तिवारी इलाहाबाद के रहने वाले हैं. वे यू पी कैडर के 2007 के आएएस अधिकारी हैं. उन्होंने आईआईटी कानपुर से मेकानिकल इंजीनियरिंग में बीटेक किया है. सरकार में कार्य करने का उनका 13 वर्षों का अनुभव है. उन्होंने लंदन स्कूल आफ इकानामिक्स और पालिटिकल साइंस(एलएसई) से अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त की है. डीएफएस में तैनाती के पहले उन्होंने विभिन्न स्तरों पर अपनी सेवाएँ दी हैं जैसे मुख्य विकास अधिकारी, लखनऊ, जिला मजिस्ट्रेट एवं कलेक्टर, कन्नौज, उत्तर पर्देशके माननीय राज्यपाल के विशे, सचिव, जिला मजिस्ट्रेट एवं कलेक्टर, मथुरा, वित्त विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार, लखनऊ में विशेष सचिव विशेष सचिव उत्तर प्रदेश सरकार , चुनाव विभाग एवं अतिरिक्त मुख्य चुनाव अधिकारी , अतिरिक्त मुख्य चुनाव अधिकारी एवं विशेष सचिव उत्तर प्रदेश सरकार, चुनाव विभाग तथा भारत सरकार कैबिनेट सचिवालय नई दिल्ली में उप सचिव.

**3.9.5 श्री पी के पांडा (भारिबैंक नामिती निदेशक)**

श्री पी. के. पांडा को 26 अप्रैल, 2019 से अगले आदेशों तक भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा बैंक के निदेशक मंडल में भारतीय रिज़र्व बैंक का प्रतिनिधित्व करने वाले एक निदेशक के रूप में नामित किया गया है.

श्री पी.के.पांडा भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) के प्रधान मुख्य महाप्रबंधक थे. वर्तमान में वह सेंटर फॉर एडवांस्ड फाइनेंशियल रिसर्च एंड लर्निंग (CAFRAL), मुंबई के वरिष्ठ कार्यक्रम निदेशक का पद संभाल रहे हैं. वे पुणे स्थित भारतीय रिज़र्व बैंक, कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर बैंकिंग के प्रिंसिपल भी थे. उनके पास आरबीआई में केंद्रीय बैंकिंग और वित्तीय क्षेत्र पर्यवेक्षण में इकतीस से अधिक वर्षों का अनुभव है.

वे उस टास्क फोर्स के सदस्य भी थे जिसने बैंकिंग पर्यवेक्षण पर बैसल समिति, बेसल, स्विट्जरलैंड के मानक कार्यान्वयन समूह के लिए 'सुपरवाइजरी कॉलेजों पर कुशल कार्यप्रणाली सिद्धांत' का मसौदा तैयार किया था.

वे 2012 से 2015 तक रेजिडेंट सलाहकार वित्तीय क्षेत्र पर्यवेक्षण के रूप में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के साथ थे. वे 2011-12 के दौरान बैंक ऑफ इंडिया में भारतीय रिजर्व बैंक के नामित निदेशक भी रहे. वह अनलिस्टेड कंपनी होम क्रेडिट इंडिया फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड के बोर्ड में भी हैं.

**3.9.6 श्री के श्रीनिवास मूर्ति (सनदी लेखाकार निदेशक)**

श्री के श्रीनिवास मूर्ति को 27 दिसंबर, 2017 से 3 साल के लिए बैंक के बोर्ड में सनदी लेखाकार वर्ग के तहत अंशकालिक गैर अधिकारी निदेशक के रूप में नामित किया गया है.

वर्ष 1993 में अर्हता प्राप्त,वे पेशे से एक सनदी लेखाकार हैं. सूचना प्रणाली लेखापरीक्षा में डिप्लोमा होने के साथ वे एक प्रमाणित संगामी

लेखापरीक्षक भी हैं और आईसीएआई द्वारा आयोजित इंटरनेशनल टैक्सेशन में प्रमाणपत्र कोर्स भी पूरा किया है.

उन्हें आयकर-घरेलू तथा इंटरनेशनल टैक्सेशन दोनो में दो दशको से अधिक का अनुभव है . वे आयकर मामले में कॉर्पोरेट एवं गैर कॉर्पोरेट संस्थाओं को सुझाव,आयोजना एवं अनुपालन सेवा देते हैं . उन्हें विभिन्न प्राधिकारियों के समक्ष मामलों को प्रस्तुत करने का उनके पास व्यापक अनुभव है .

कम्पनी अधिनियम, सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम, बैकों, बीमा कंपनी की,न्यास, सोसाइटी एवं लाभ रहित संगठन के सी एवं एजी लेखापरीक्षा आयकर अधिनियम के तहत कर लेखापरीक्षा, स्टाक लेखापरीक्षा, संगामी लेखापरीक्षा एवं आतंरिक लेखापरीक्षा के तहत उनके पास कानूनी एवं कॉर्पोरेट की आंतरिक लेखापरीक्षा का व्यापक अनुभव है .

वित्त वर्ष 2019-20 के दौरान उन्होंने काफराल, मुंबई द्वारा बैंकों के निदेशक मंडल के गैर-कार्यकारी निदेशकों हेतु आयोजित प्रशिक्षण में भाग लिया है.

### 3.9.7 श्री प्रदीप कुमार जैन (शेयरधारक निदेशक)

56 वर्षीय श्री प्रदीप कुमार जैन मुंबई के निवासी हैं. उन्होंने वाणिज्य एवं अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर किया है एवं लाइसेंसधारी- भारतीय बीमा संस्था, सीएआईआईबी, भाग-I हैं . वर्तमान में वे भारतीय जीवन बीमा निगम के कार्यपालक निदेशक (निवेश:निगरानी एवं लेखा) हैं और उन्हें दबावग्रस्त आस्तियों के नियंत्रण और प्रबंधन विभिन्न पुनर्संरचना योजनाओं के तहत प्रस्तावों की प्रोसेसिंग,चूककर्ता कपंनियों के विरूद्ध विधिक कार्रवाई तथा आईआरडीए के विभिन्न निवेश संबंधी विनियमों / भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा वित्तीय संस्थाओं के अनुदेशों के अनुपालन की जिम्मेदारी है. उन्होंने बैंक में 07.09.2020 तक तीन साल की अवधि के लिए 08.09.2017 से बैंक के शेयरधारक निदेशक के रूप में कार्यभार संभाला है.

इससे पहले प्रभारी वरिष्ठ मंडल प्रबंधक के रूप में,मंडल खातो को समय पर अंतिम रूप देने तथा लेखा परीक्षा के लिए जिम्मेदार थे . उन्होंने मडंल/अंचल/केन्द्रीय कार्यलय स्तर पर समूह बीमा योजना सहित बीमा पॉलिसियों के विपणन तथा सर्विसिंग क्रियकलापों दोनो की निगरानी एवं नियंत्रण पर कार्य किया है .

उनके पास क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (आरआरबी) (संयोजक-केनरा बैंक) एवं जनवरी 1981 से नवंबर 1984 तक सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया में भी काम करने का अनुभव हैं .

उन्होंने आईडीआरबीटी, हैदराबाद में बैंक के बोर्ड सदस्यों हेतु आईटी एवं साइबर सेक्यूरिटी पर आयोजित सर्टिफिकेशन प्रोग्राम में बैंक के प्रतिनिधि के रूप में भाग लिया.

### 3.9.8 सुश्री चित्रा गौरी लाल (शेयरधारक निदेशक)

सुश्री चित्रा गौरी लाल, 69 वर्ष आयु, उत्तर प्रदेश के नोएडा की निवासी हैं. उन्होंने एम. एससी (वित्तीय अध्ययन) में स्नातकोत्तर पदवी प्राप्त की है, उन्होंने समाजिक शास्त्र में एम फिल किया है, जन प्रशासन में मास्टर डिप्लोमा प्राप्त हैं तथा फिजिक्स में एम एससी किया है. उनके पास 39 वर्षों का प्रचुर अनुभव है. इन्होंने भारतीय सीमा और केंद्रीय उत्पाद शुल्क में 1974 में कार्यभार ग्रहण किया और भारत सरकार की विशेष सचिव बनीं और केंद्रीय उत्पाद व सीमा शुल्क केंद्रीय बोर्ड की सदस्य बनीं और इसी पद से नवंबर, 2010 में सेवानिवृत्त हुईं. उनके पास राजस्व विभाग के साथ- साथ मंत्रालय में विभिन्न स्तर पर काम करने का प्रचुर और विविध अनुभव है. इसके साथ ही उन्होंने केंद्रीय प्रतिनियुक्ति के आधार पर वाणिज्य मंत्रालय, सांख्यिकी और आयोजना मंत्रालय, कृषि मंत्रालय में मध्यम तथा वरिष्ठ प्रबंधन दोनों स्तर पर विभिन्न क्षमतओं में काम किया है. अपने कैरियर के दौरान उन्होंने बाथ, विश्वविद्यालय, यूके में प्रशिक्षण प्राप्त किया है, जहां से उन्होंने वित्तीय अध्ययन पर दूसरी मास्टर पदवी प्राप्त की. इन्होंने कुछ महत्वपूर्ण रिपोर्ट भी लिखी है उनमें से एक है भारतीय सांख्यिकीय व्यवस्था में आधुनिकीकरण और दूसरी है सेवा बी व सी केडर समूह की पुनर्सरचना. इन्होंने बैंक में 25.08.2017 तक तीन साल की अवधि के लिए 26.08.2014 से बैंक के शेयरधारक निदेशक के रूप में कार्यभार संभाला है और 08.09.2017 से तीन साल की अवधि के लिए 07.09.2020 तक पुन: शेयरधारक निदेशक के रूप में चुनी गयी हैं . वे अनलिस्टेड कंपनी मेसर्स प्योरअर्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर लि. के बोर्ड में पूर्णकालिक निदेशक के रूप में एवं मै? लावा इंटरनेशनल लिमिटेड में स्वतंत्र निदेशक के रूप में भी रही. उन्होंने मुंबई में नवंबर 2016 के दौरान ऽ मेकिंग ऑफ ए हाई परफार्मेस ग़्झडंरु पर प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया.

वित्त वर्ष 2019-20 के दौरान, उन्होंने निदेशक मंडल में महिलाएँ एवं व्यवसाय नेतृत्व पर आईएफसी, मुंबई द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया.

### 3.9.9 श्री मनीष गुप्ता (सरकार नामिती निदेशक) (बैंक के निदेशक मंडल में दिनांक 04 मार्च 2020 को उनका कार्यकाल पूरा हो गया)

श्री मनीष गुप्ता जी को 16 अप्रैल, 2014 से बैंक के बोर्ड में सरकार नामित निदेशक के रूप में केंद्र सरकार द्वारा नामित किया गया है.

श्री मनीष गुप्ता वित्तीय सेवाएं विभाग, वित्त मंत्रालय में निदेशक के रूप में कार्यरत है. वर्तमान में वे सर्तकता अनुभाग और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक के प्रभारी हैं . श्री गुप्ता आईआरएसईई (इंडियन रेलवे सर्विस ऑफ इलेक्ट्रिकल इंजिनियर्स) के अधिकारी हैं और उनके पास भारत सरकार में काम करने का 23 वर्षों से अधिक अनुभव है. इससे पहले उन्होंने भारतीय रेलवे में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है. उन्होंने कॉलेज ऑफ इंजिनियरिंग एण्ड टेकनोलोजी, नई दिल्ली से स्नातक पदवी प्राप्त की है और आईआईटी रुड़की से मेजरमेंट और इंस्ट्रयुमेंटेशन (स्वर्ण पदक) में मास्टर पदवी प्राप्त की है. इसके साथ ही उन्होंने 2009 में राष्ट्रीय वित्तीय प्रबंधन संस्थान, फरिदाबाद से वित्तीय प्रबंधन में विशेषज्ञता के साथ एमबीए की पदवी पूरी की है.

बैंक के निदेशक मंडल में दिनांक 04 मार्च 2020 को उनका कार्यकाल पूरा हो गया.

### 3.9.10 श्री एम. भगवंता राव (गैर अधिकारी निदेशक): ( दिनांक 29.02.2020 को बैंक में अंशकालिक गैर-अधिकारी निदेशक के रूप में उनका कार्यकाल समाप्त हो गया)

श्री एम. भगवंता राव, आयु 65 वर्ष, को 01 मार्च, 2019 से एक वर्ष की

अवधि हेतु भारत सरकार द्वारा बैंक के निदेशक मंडल में गैर अधिकारी निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया.

श्री एम. भगवंता राव पहले अगस्त 2011 से 31 मई 2014 अर्थात सेवानिवृत्ति तक स्टेट बैंक ऑफ हैदराबाद के प्रबंध निदेशक के रूप में अपनी सेवा दे चुके हैं. उन्होंने अपना कैरियर 1977 में भारतीय स्टेट बैंक में परिवीक्षाधीन अधिकारी के रूप में शुरू किया. उन्होने भारतीय स्टेट बैंक के केंद्रीय कार्यालय, मुंबई में महाप्रबंधक के रूप में भी कार्य किया साथ ही स्टेट बैंक इंस्टीट्यूट फॉर रुरल डेव्लपमेंट (एसबीआईआरडी) हैदराबाद, के प्रधानाचार्य के रूप में भी कार्य किया है.

उन्हें 28 जनवरी, 2016 से 27 जनवरी 2019 तक की तीन वर्ष की अवधि हेतु भारत सरकार द्वारा विजया बैंक के निदेशक मंडल में अंशकालिक गैर अधिकारी निदेशक के रूप में भी नियुक्त किया गया. वे अनलिस्टेड कंपनी मे श्रीमान माधवा सिद्धांतोन्नाहिनी परमानेंट निधि लिमिटेड में निदेशक के रूप में रहे.

### 3.9.12 यथा 31.03.2019 को गैर कार्यपालक निदेशकों की शेयरधारिता का विवरण

सुश्री चित्रा गौरी लाल द्वारा 500 ईक्विटी शेयर एवं श्री प्रदीप कुमार जैन द्वारा 100 ईक्विटी शेयर धारण करने के अलावा, यथा 31.03.2019 को अन्य गैर कार्यपालक निदेशकों द्वारा कोई अन्य शेयर धारण नहीं किया गया है.

## 4. निदेशक मंडल की समितियां

### 4.1 निदेशक मंडल की लेखा-परीक्षा समिति

बोर्ड की लेखा-परीक्षा समिति (एसीबी) का गठन और परिचालन बैंक हेतु लागू सीमा तक सेबी (सूचीबद्ध देयता और आवश्यक प्रकटन) के विनियम 17 से 27 तक पठित भारतीय रिज़र्व बैंक के निदेशों, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के दिशानिदेशों द्वारा शासित होता है. मंडल की लेखा-परीक्षा समिति बैंक में संपूर्ण लेखा-परीक्षा कार्य, जिसमें बैंक के भीतर का आंतरिक लेखा-परीक्षा तथा निरीक्षण का आयोजन, परिचालन और गुणवत्ता नियंत्रण कार्य सम्मिलित है, को निर्देशन प्रदान करने के अलावा परिचालन का पर्यवेक्षण भी करती है और बैंक के सांविधिक/ बाह्य लेखा-परीक्षा कार्य और भारतीय रिज़र्व बैंक के निरीक्षणों का अनुवर्ती कार्य करती है.

लेखा-परीक्षा समिति ऐसे विषयों में आंतरिक लेखा-परीक्षकों द्वारा की गई जाँच-पड़ताल के निष्कर्षों की समीक्षा करती है जहाँ कपट का संदेह होता है या आंतरिक नियंत्रण प्रणाली की अनियमितता या विफलता देखी जाती है तथा वहाँ नियंत्रण प्रणाली को अधिक सुदृढ़ बनाने हेतु सुझाव देती है. जहाँ तक बाह्य लेखा-परीक्षा का संबंध है, यह समिति, वार्षिक लेखों और रिपोर्टों तथा तिमाही वित्तीय समीक्षा को अंतिम रूप देने से पहले, लेखा नीतियों और कार्य-प्रणालियों में परिवर्तनों, ड्राफ्ट लेखा परीक्षा रिपोर्ट में टिप्पणी, लेखा-मानकों और स्टॉक एक्सचेंज/विधिक अपेक्षाओं के अनुपालन पर ध्यान देते हुए सांविधिक केंद्रीय लेखा परीक्षकों से विचार-विमर्श करती है.

निदेशक मंडल की लेखा-परीक्षा समिति में वर्तमान में 31.03.2020 तक बोर्ड के 5 सदस्य हैं. वे हैं, बैंक के श्री बिरुपाक्ष मिश्रा, कार्यपालक निदेशक , श्री आलोक तिवारी, भारत सरकार द्वारा नामित निदेशक (दिनांक 05.03.2020 से मनीष गुप्ता की जगह पर), श्री प्रमोद कुमार पांडा,भारिबैं नामिती निदेशक(26.04.2019 से), श्री के श्रीनिवास मुर्ती, सनदी लेखाकर प्रवर्ग निदेशक, श्री प्रदीप कुमार जैन(11.09.2017 तक), शेयरधारक निदेशक . श्री के श्रीनिवास मुर्ती , सीए वर्ग के निदेशक द्वारा समिति की अध्यक्षता की जाती है. सेबी (सूचीबद्ध देयता और आवश्यक प्रकटन) विनियम, 2015 के विनियम 17 से 27 के अनुसार श्री एस. के. दाश, कंपनी सचिव, बोर्ड सचिवालय एवं निवेशक सेवा विभाग, लेखा परीक्षा समिति के भी सचिव हैं.

### 4.2 प्रबंधन समिति

प्रबंधन समिति का गठन राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन और विविध प्रावधान) योजना, 1980 के यथा संशोधित प्रावधानों के अनुसार किया गया. 31.03.2020 को समिति में संप्रति 4 निदेशक हैं, श्रीमती पी वी भारती, प्रबंध निदेशक व मुख्य कार्यपालक अधिकारी, श्री बिरुपाक्ष मिश्रा, कार्यपालक निदेशक, श्री प्रमोद कुमार पांडा, भारिबैं नामिती निदेशक (दिनांक 26.04.2019 से भारिबैं नामिति निदेशक), सुश्री चित्रा गौरी लाल (शेयरधारक निदेशक 11.03.2019 से). प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी समिति की बैठकों की अध्यक्षता करते हैं. निदेशक मंडल की ऋण अनुमोदन समिति के गठन के बाद प्रबंधन समिति ने एकल उधारकर्ता के लिए रु. 250 करोड़ और उधारकर्ता समूह के लिए रु. 500 करोड़ से अधिक के ऋण प्रस्तावों के संबंध में निदेशक मंडल के अधिकारों का प्रयोग किया, जो ऋण अनुमोदन समिति को प्रत्यायोजित अधिकारों से बाहर थे.

### 4.3 ऋण अनुमोदन समिति

भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, वित्तीय सेवाएं विभाग, नई दिल्ली की अधिसूचना संदर्भ सं. 13/1/2006-बीओ.1 दिनांकित 31 जनवरी 2012 द्वारा प्राप्त निदेशों के अनुसार बैंक के निदेशक मंडल ने दिनांक 01.03.2012 को आयोजित अपनी बैठक में निदेशक मंडल की ऋण अनुमोदन समिति गठित की. ऋण अनुमोदन समिति ऐसे ऋण प्रस्ताव के संबंध में निदेशक मंडल के अधिकारों का प्रयोग करेगी जहाँ समग्र एक्सपोज़र रु. 250 करोड़ से अधिक न हो. प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी सहित बैंक के अधिकारियों को प्रत्यायोजित अधिकारों से परे आने वाले ऋण प्रस्तावों और निदेशक मंडल की प्रबंधन समिति द्वारा विचार किए जा रहे ऋण प्रस्तावों पर रु. 250 करोड़ की निर्दिष्ट सीमा तक ऋण अनुमोदन समिति द्वारा विचार किया जाएगा और ऐसी सीमा से अधिक के ऋण प्रस्तावों पर निदेशक मंडल की प्रबंधन समिति द्वारा विचार किया जाएगा. उपर्युक्त को देखते हुए, ऋण अनुमोदन समिति ऐसे ऋण प्रस्ताव के संबंध में निदेशक मंडल के अधिकारों का प्रयोग करेगी जहाँ एकल उधारकर्ता को समग्र ऋण रु. 250 करोड़ से अधिक न हो तथा उधारकर्ता समूह हेतु रु. 500 करोड़ से अधिक न हो. उक्त समिति को (i) रु. 1.00 करोड़ तक का त्याग निहित अर्ली मॉर्टालिटी मामलों सहित ऋण समझौता/बट्टे खाते डालने के प्रस्तावों पर विचार करने तथा (ii) निदेशक मंडल की प्रबंधन समिति द्वारा दी गई मंजूरियों के संबंध में अनुमोदन करने/आशोधन करने/ मंजूरी शर्तों में अशोधन/नों की अनुमति देने तथा उनके द्वारा दी गई मंजूरी की शर्तों में आशोधन करने का भी अधिकार होगा.

इस समिति के सदस्य हैं - श्रीमती पी वी भारती, प्रबंध निदेशक व मुख्य कार्यपालक अधिकारी, श्री बिरुपाक्ष मिश्रा, कार्यपालक निदेशक, ऋण प्रभाग, वित्तीय प्रबंधन प्रभाग और ऋण निगरानी प्रभाग के प्रभारी महाप्रबंधक, प्रभारी महा प्रबंधक/कों ऋण प्रभाग, प्रभारी महाप्रबंधक प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र/रिटेल लेंडिंग, प्रभारी महाप्रबंधक वसूली समझौते/बट्टे खाते वाले प्रस्तावों संबंधी मामले यदि समिति के समक्ष प्रस्तुत कार्यसूची में शामिल हों तब उपस्थित होंगे, प्रभारी महा प्रबंधक दबावग्रस्त आस्तियाँ प्रभाग, प्रभारी महा प्रबंधक ऋण निगरानी प्रभाग (आमंत्रित सदस्य के रूप में ). इसके अलावा, भारत सरकार ,वित्त मंत्रालय, वित्तीय सेवाएं विभाग, से प्राप्त दिनांक 3 अप्रैल 2012 के निदेशों के अनुसार 1 मई, 2012 से आंचलिक कार्यालय और मंडल कार्यालय स्तर पर ऋण अनुमोदन समितियाँ गठित की गई हैं. ये समितियाँ ऐसे मंजूरी अधिकारों का प्रयोग करेंगी जो शाख़ा प्रबंधकों के प्रत्यायोजित ऋण अधिकारों से परे हैं परन्तु ऐसी समितियों की अध्यक्षता करने वाले कार्यपालकों को प्रत्यायोजित अधिकारों के अंतर्गत हैं. जो प्रस्ताव मंडल कार्यालयों के महा प्रबंधकों को प्रत्यायोजित ऋण अधिकारों के परे हैं, उन्हें प्रधान कार्यालय स्तरीय ऋण समिति/निदेशक मंडल की ऋण अनुमोदन समिति/प्रबंधन समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा.

### 4.4 प्रधान कार्यालय स्तरीय ऋण समिति:

ऋण/वसूली प्रस्तावों पर सुचारु और सामयिक निर्णय सुनिश्चित करने के लिए दिनांक 27.06.2013 से प्रधान कार्यालय में कार्यपालक निदेशक के अधीन प्रधान कार्यालय स्तरीय ऋण समिति गठित की गई है. यह समिति एकल उधारकर्ता के मामले में रु. 75 करोड़ और उधारकर्ता समूह के बारे में रु. 150 करोड़ तक की ऋण सुविधाओं की मंजूरी और समझौता/बट्टा खाते डालने वाले खातों में रु. 50 लाख तक की त्याग राशि की मंजूरी पर विचार करेगी. श्री बिरुपाक्ष मिश्रा, कार्यपालक निदेशक और ऋण, वित्त, जोखिम प्रबंधन और ऋण निगरानी, खुदरा ऋण प्रभाग और प्राथमिकता-प्राप्त क्षेत्र विकास के प्रभारी महा प्रबंधक उक्त समिति के सदस्य हैं. वसूली एवं कैप्स के महा प्रबंधक, उनके प्रभाग से संबंधित कार्यसूची पर विचार करते समय समिति की बैठक में उपस्थित होंगे. प्रभारी महाप्रबंधक, दबावग्रस्त आस्तियाँ प्रबंधन वर्टिकल (एसएएमवी) तथा प्रभारी महा प्रबंधक ऋण निगरानी प्रभाग आमंत्रित सदस्य के रूप में उपस्थित रहेंगे. प्रधान कार्यालय स्तरीय ऋण समिति को विनिर्दिष्ट ऋण सीमाओं से अधिक राशि के ऋण प्रस्तावों को बोर्ड की ऋण अनुमोदन समिति के समक्ष रखा जाएगा.

### 4.5 विभागीय पदोन्नति समिति

विभागीय पदोन्नति समिति में 3 निदेशक अर्थात् श्रीमती पी वी भारती, प्रबंध निदेशक व मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्री आलोक तिवारी, भारत सरकार नामिती निदेशक (मनीष गुप्ता के स्थान पर दिनांक 05 मार्च 2020 से) और श्री प्रमोद कुमार पांडा, 26.04.2019 से भारिबैं नामिती निदेशक सदस्य हैं. यह समिति बैंक के अनुशासन संबंधी मामलों को देखती है . प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी समिति की बैठकों की अध्यक्षता करते हैं.

### 4.6 शेयरधारक का संबंध समिति

सेबी (सूचीबद्ध देयताएं और आवश्यक प्रकटन) विनियम, 2015 के विनियम 20 के अनुसार गैर कार्यपालक निदेशक की अध्यक्षता में और ऐसे अन्य सदस्यों के तहत शेयरधारक, डिबेंचर धारक और अन्य सुरक्षा धारक की शिकायतों के निवारण पर ध्यान देने के लिए बोर्ड की एक 'शेयरधारक' संबंध 'समिति' का गठन किया गया था. संप्रति समिति में 4 सदस्य हैं अर्थात् श्री बिरुपाक्ष मिश्रा, कार्यपालक निदेशक , के श्रीनिवासमूर्ति, सनदी लेखाकार वर्ग से निदेशक, श्री प्रदीप कुमार जैन और सुश्री चित्रा गौरी लाल शेयरधारक निदेशक. सुश्री चित्रा गौरी लाल, शेयरधारक निदेशक समिति की बैठकों की अध्यक्षता करती हैं. सेबी (सूचीबद्ध देयताएं और आवश्यक प्रकटन) विनियम, 2015 के विनियम 6 के अनुसार श्री एस.के. दाश, बैंक के बोर्ड सचिवालय तथा निवेशक सेवा विभाग के प्रभारी कंपनी सचिव सेबी (सूचीबद्ध देयताएं और आवश्यक प्रकटन) विनियम, 2015 के प्रावधानों के अनुपालन के उद्देश्य हेतु अनुपालन अधिकारी हैं.

इस वर्ष के दौरान शेयरधारकों से 716 शिकायतें प्राप्त हुई. तथापि, 31 मार्च, 2020 की स्थिति के अनुसार उनमें कोई भी शिकायत निपटान के लिए लंबित नहीं थी. यदि शेयरधारक से अतिरिक्त जानकारी की आवश्यकता नहीं होती है तो सामान्यत: सात दिनों की अवधि के भीतर शिकायतों का निपटान किया जाता है. वर्ष 2018-19 की तुलना में, प्राप्त, निपटायी गई और वर्ष 2019-20 के अंत में लंबित शिकायतों को दर्शाने वाली तालिका नीचे प्रस्तुत है.

| शिकायतों की प्रकृति | 2019-20 | | | 31.03.18 को लंबित | 2018-19 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | प्राप्त | निपटायी | 31.03.20 को लंबित | | प्राप्त | लंबित | 31.03.19 को लंबित |
| धन वापसी/लाभांश की अप्राप्ति | 245 | 245 | - | - | 169 | 169 | - |
| शेयर प्रमाण पत्र की अप्राप्ति | 05 | 05 | - | - | 53 | 53 | - |
| अंतरण हेतु भेजे गए शेयर प्रमाण पत्र की अप्राप्ति | 262 | 262 | - | - | 423 | 423 | - |
| शेयर प्रमाण पत्र खो जाना | 70 | 70 | - | - | 68 | 68 | - |
| विविध | - | | - | - | - | - | - |
| स्टाक एक्सचेंजों के ज़रिए प्राप्त | - | | - | - | 0 | 0 | - |
| सेबी, स्कोर्स के ज़रिए प्राप्त | - | | - | - | 03 | 03 | - |
| **कुल** | 582 | 582 | **-** | **-** | 716 | 716 | - |

यद्यपि निवेशक शिकायतों के निवारण हेतु संप्रति लिया जानेवाला औसत समय युक्ति-संगत है, फिर भी, बैंक, निवेशक शिकायतों का उत्तर देने में उच्चतर मानकों को स्थापित करने हेतु समय अंतराल को और भी घटाने के लिए प्रयासरत है. सेबी के समर्पित वेबसाईट स्कोर्स के माध्यम से प्राप्त निवेशक शिकायतों का इलेक्ट्रानिक रूप से निराकरण किया गया है.

**4.7 सूचना प्रौद्योगिकी समिति**

तेज़ी से बदलते कारोबार परिदृश्य और ग्राहकों की आवश्यकताओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ने के लिए बैंक ई-गवर्नेंस के अंतर्गत विविध सूचना प्रौद्योगिकी पहल करता रहा है. इन परियोजनाओं का त्वरित कार्यान्वयन करने तथा ग्राहक सुविधा एवं संतुष्टि को बढ़ाने की दृष्टि से नवोन्मेषी प्रौद्योगिकी आधारित उत्पाद प्रदान करने की संभाव्यताओं का पता लगाने हेतु बैंक का मार्गदर्शन करने के लिए सूचना प्रौद्योगिकी समिति का गठन किया गया है.

इस समिति में 5 सदस्य हैं अर्थात् श्रीमती पी वी भारती, प्रबंध निदेशक व मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्री बिरुपाक्ष मिश्रा कार्यपालक निदेशक, श्री के श्रीनिवास मूर्ति ,सनदी लेखाकार वर्ग से निदेशक, श्री प्रदीप कुमार जैन और सुश्री चित्रा गौरी लाल, शेयरधारक निदेशक समिति के सदस्य हैं. श्रीमती पी वी भारती, प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी समिति की बैठकों की अध्यक्षता करती हैं.

**4.8 जोखिम प्रबंधन समिति**

निदेशक मंडल की जोखिम प्रबंधन समिति पर्याप्त जाँच और संतुलन, पारदर्शिता और प्रकटन, सुदृढ जोखिम प्रबंधन प्रणालियाँ, जोखिम नियंत्रण पद्धतियाँ, शीघ्र चेतावनी प्रणालियाँ और चूक से बचने के लिए तुरंत सुधारात्मक कार्रवाइयाँ करने के लिए गठित की गयी थी. हाल ही में पीएसबी गवर्नेंस रिफॉर्म्स के हिस्से के रूप में बोर्ड समिति प्रणाली को मजबूत करने हेतु सरकार ने अपनी संसूचना दिनांकित 30 अगस्त 2019 के माध्यम से जोखिम एपेटाइट फ्रेमवर्क शामिल करके जोखिम प्रबंधन समिति के दायरे में वृद्धि की है. इस समिति में 5 निदेशक हैं और श्रीमती पी वी भारती,प्रबंध निदेशक व मुख्य कार्यपालक अधिकारी इसकी अध्यक्षता करती हैं. समिति के अन्य सदस्य हैं, श्री बिरुपाक्ष मिश्रा बैंक के कार्यपालक निदेशक, श्री के श्रीनिवास मुर्ती,सनदी लेखाकार निदेशक, श्री प्रदीप कुमार जैन तथा सुश्री चित्रा गौरी लाल शेयरधारक निदेशक.

**4.9 उच्च मूल्य के कपटों की निगरानी समिति**

एक करोड़ रूपए एवं अधिक के कपटों की गहन निगरानी करने के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार उच्च मूल्य के कपटों की निगरानी हेतु बोर्ड की एक समिति का गठन किया गया. इस समिति में 5 निदेशक हैं और श्रीमती पी वी भारती,प्रबंध निदेशक व मुख्य कार्यपालक इसकी अध्यक्षता करते हैं. समिति के अन्य सदस्य हैं, श्री बिरुपाक्ष मिश्रा बैंक के कार्यपालक निदेशक, श्री आलोक तिवारी (मनीष गुप्ता के स्थान पर दिनांक 05मार्च 2020 से), सरकार नामिती निदेशक, श्री प्रदीप कुमार जैन तथा सुश्री चित्रा गौरी लाल शेयरधारक निदेशक.

**4.10 शेयर अंतरण समिति**

शेयरों के अंतरण, रीमेटिरियलाइजेशन तथा डुप्लिकेट शेयर प्रमाणपत्रों को जारी करने के संबंध में शेयरधारकों के अनुरोधों पर विचार करने के उद्देश्य से प्रचलित नियमों के अनुरूप निदेशक मंडल ने बोर्ड की एक 'शेयर अंतरण समिति' गठित की है. समिति में 2 सदस्य हैं अर्थात् श्रीमती पी वी भारती,प्रबंध निदेशक व मुख्य कार्यपालक अधिकारी, इसकी अध्यक्षता करती हैं अथवा उनकी अनुपस्थिति में कार्यपालक निदेशक श्री बिरुपाक्ष मिश्रा बैंक के कार्यपालक निदेशक इसकी अध्यक्षता करते हैं. श्री के श्रीनिवास मूर्ति , सनदी लेखाकार प्रवर्ग निदेशक, समिति के अन्य सदस्य हैं.

**4.11 ग्राहक सेवा समिति**

भारतीय रिज़र्व बैंक के निदेशों के अनुसार तथा व्यक्तिगत ग्राहक के अधिकारों के संरक्षण तथा बेहतर ग्राहक सेवा प्रदान करने की दृष्टि से बैंक ने ग्राहक सेवा समिति का गठन किया. समिति में वर्तमान तिथि में 4 सदस्य हैं. श्रीमती पी वी भारती,प्रबंध निदेशक व मुख्य कार्यपालक अधिकारी , जो समिति की बैठकों की अध्यक्षता करती हैं, श्री बिरुपाक्ष मिश्रा बैंक के कार्यपालक निदेशक, श्री प्रदीप कुमार जैन तथा सुश्री चित्रा गौरी लाल, निदेशक समिति के सदस्य है.

**4.12 नामांकन एवं पारितोषिक समिति**

बोर्ड की निर्धारित बैठकों की जानकारी के लिए सभी निदेशकों को उचित सूचना दी गई थी, बैठकों के लिए कार्यसूची और कार्यसूची पर विस्तृत नोट्स न्यूनतम 7 दिन पूर्व ही भेजे गए थे और कार्यसूची की मदों पर बैठक से पहले अधिक जानकारी और स्पष्टीकरण प्राप्त करने और बैठक में सार्थक भागीदारी के लिए एक प्रणाली मौजूद है.

समीक्षाधीन अवधि के दौरान, बैंक के निदेशक मण्डल की बैठक एवं संकल्प सहित निर्णय सर्वसम्मति से किए गए थे और कार्यवृत्तों की समीक्षा करते समय निदेशक मण्डल के किसी सदस्य द्वारा कोई असंतोषजनक विचार नहीं देखा गया था.

हम आगे रिपोर्ट करते हैं कि लागू कानूनों, नियमों, विनियमों और दिशानिर्देशों के अनुपालन की निगरानी सुनिश्चित करने के लिए बैंक के आकार और संचालन के साथ बैंक में पर्याप्त प्रणाली और प्रक्रियाएं हैं.

हम आगे रिपोर्ट करते हैं कि लेखा परीक्षा की अवधि के दौरान,

(i) बैंक ने 30 सितंबर, 2019 को आयोजित बैठक में, अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कॉर्पबैंक सिक्योरिटीज लिमिटेड (एक असूचीबद्ध संस्था) के बाय बैक प्रस्ताव को कुल चुकता इक्विटी शेयर पूंजी के 25% तक स्वीकार किया.

(ii) बैंक ने बासल III कंप्लेंट टियर II बॉन्ड्स (सीरीज़ II) जारी कर रु 1000 करोड़ कुल ₹ 500 करोड़ रुपये तक ग्रीन शू ऑप्शन के साथ ₹ 500 करोड़ तक जमा किये हैं.

तदनुसार, बैंक के प्रतिभूति आवंटन समिति के बोर्ड ने 8 नवंबर, 2019 को हुई अपनी बैठक में संबंधित बांड निवेशकों को 8.93% प्रति वर्ष की दर से कूपन के साथ बांड आवंटित किए हैं.

(iii) (क) भारत सरकार ने 30 अगस्त, 2019 को 10 सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को चार समामेलित संस्थाओं में समामेलन करने की घोषणा की थी. तदनुसार, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा कॉर्पोरेशन बैंक और आंध्रा बैंक (अंतरक बैंक) को समर्थित किया गया.

इसके साथ ही, निदेशक मंडल ने 16 सितंबर, 2019 को हुई उनकी बैठक में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में कॉर्पोरेशन बैंक के सैद्धांतिक समामेलन की मंजूरी प्रदान की थी. इस कारण, भारतीय रिजर्व बैंक से परामर्श के पश्चात, भारत सरकार ने दिनांक 4 मार्च, 2020 की राजपत्र अधिसूचना के माध्यम से यूनियन बैंक ऑफ़ इंडिया योजना, 2020 में आंध्रा बैंक और कॉर्पोरेशन बैंक के समामेलन को अधिसूचित किया. केंद्र सरकार द्वारा बदलते माहौल में अधिक कुशल और बड़े सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक बनाने एवं बढ़ती अर्थव्यवस्था की क्रेडिट आवश्यकताओं को पूरा करने और व्यापार के पैमाने पर परिचालन दक्षता को प्राप्त करने के लिए समामेलन को अनुमोदित किया गया है.

(ख) आंध्रा बैंक (''अंतरक बैंक-1'') कॉर्पोरेशन बैंक (''अंतरक बैंक-2'') एवं यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (अंतरिती बैंक) (सामूहिक, ''संबंधित बैंक'') के निदेशक मंडल ने 5 मार्च 2020 को हुई उनकी संबंधित बैठक में केंद्र सरकार द्वारा दिनांक 4 मार्च, 2020 को जारी राजपत्र अधिसूचना के माध्यम से यूनियन बैंक ऑफ इंडिया योजना, 2020 में आंध्रा बैंक और कॉर्पोरेशन बैंक के समामेलन (''योजना'') के निर्देशित प्रक्रिया के अनुरूप इक्विटी शेयर एक्सचेंज (एसडब्लूएपी) को अग्रतर अनुमोदित किया और निम्नांकित वर्णित एक्सचेंज अनुपात को बोर्ड द्वारा अनुमोदित किया गया:

रिकॉर्ड तिथि पर कॉर्पोरेशन बैंक के ₹ 2 अंकित मूल्य के पूर्ण प्रदत्त प्रत्येक 1000 इक्विटी शेयरों हेतु यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के प्रत्येक ₹ 10 अंकित मूल्य के 330 इक्विटी शेयर

**कथित समामेलन 15 अप्रैल, 2020 को प्रभावी हो गया है और बैंक एक सूचीबद्ध इकाई नहीं रह गया है और इसलिए स्टॉक एक्सचेंज अनुपालन 31 मार्च, 2020 को समाप्त तिमाही और वित्तीय वर्ष के लिए प्रस्तुत नहीं किए गए.**

(iv) भारतीय रिजर्व बैंक ने धारा 47 ए (1) (सी) के तहत दी गई शक्ति का प्रयोग करते हुए बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 46 (4) (i) और धारा 51 (1) के साथ, संपत्ति के वर्गीकरण और नियत दस्तावेजों के संबंध में धोखाधडी की रिपोर्टिंग में देरी के लिए बैंक पर ₹ 1.5 करोड़ (एक करोड़ पचास लाख रूपये मात्र) का जुर्माना लगाया है.

इसके अलावा, भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा साइबर सुरक्षा फ्रेमवर्क तथा धोखाधडी वर्गीकरण तथा रिपोर्टिंग संबंधी दिशा - निर्देशों के विनियामक अनुपालन की कमी के लिए बैंक पर ₹ 1 करोड़ (एक करोड़ रूपये मात्र) का जुर्माना लगाया गया.

पुन: भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा धोखाधडी की सूचना देने में देरी के कारण बैंक पर ₹ 50 लाख रुपये का जुर्माना (पचास लाख रूपये मात्र) भी लगाया गया था.

(v) बैंक ने दिनांक 29 जून, 2019 को आयोजित अपनी वार्षिक आम बैठक में एक विशेष प्रस्ताव पास किया, ताकि देश और विदेश में पेशकश प्रलेख या विवरणिका या ऐसे अन्य दस्तावेजों के रूप में एक या अधिक प्रतियों में आबंटित किया जा सके:

(क) बैंक के ऐसे इक्विटी शेयरों की संख्या अंकित मूल्य **₹** 2 प्रत्येक नकद हेतु ( चाहे बाजार मूल्य या निर्गम मूल्य या आधार मूल्य के छूट या प्रीमियम पर) की संख्या जोकि विद्यमान प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी के साथ कुल अधिकृत पूंजी **₹** 3000 करोड़ के अंदर होगी, अधिनियम की धारा 3(2ए) के अनुसार बैंक की मौजूदा अधिकृत पूंजी की अधिकतम सीमा, या संशोधन (यदि कोई), जिसे भविष्य में अधिनियम में शामिल किया जा सके,के तहत बढ़ाई गई प्राधिकृत पूंजी, ऐसी स्थिति में हमेशा भारत सरकार की बैंक में प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी 51% से कम नहीं रहेगी;

(ख) स्थायी ऋण विलेखों, परिवर्तनीय डिबेंचर परंतु गौण डिबेंचर पर सीमित नहीं सहित, स्थायी गैर- संचयी अधिमान शेयर

(संचयी या गैर-संचयी) आदि, निजी तौर पर शेयर आबंटन/ सार्वजनिक निर्गम आधारित, एक या एक से अधिक हिस्सों जोकि भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा पहचान की गई एवं वर्गीकृत टियर I या टियर II पूंजी की ऐसी संख्या;

(ग) बैंक ने सूचना ज्ञापन की शर्तों के तहत निम्नलिखित ऋण विलेखों पर ब्याज का भुगतान किया है:

| क्र सं | भुगतान हेतु देय तिथि | विलेख का प्रकार | भुगतान की राशि (₹ में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 31.03.2019 (वास्तविक भुगतान तिथि 02.04.2019) | लोवर टियर II बॉन्ड सीरीज III (2) पर वार्षिक ब्याज भुगतान | 44,25,00,000 |
| 2 | 29.04.2019 | अपर टियर II बॉन्ड सीरीज III (7) पर वार्षिक ब्याज भुगतान | 48,12,50,000 |
| 3 | 14.11.2019 | बासेल III अनुवर्ती टियर II बॉन्ड (शृंखला I) पर वार्षिक ब्याज का भुगतान | 40,10,00,000 |

(घ) बैंक ने सूचना ज्ञापन की शर्तों एवं भारतीय रिजर्व बैंक के अनुमोदन के तहत निम्नलिखित ऋण विलेखों का भुगतान किया है:

| क्र सं | भुगतान हेतु देय तिथि | विलेख का प्रकार | भुगतान की राशि (₹ में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 06.05.2019 | ₹ 500 करोड़ के अपर टियर II बॉन्ड शृंखला III (3) | 541,25,00,000 |
| 2 | 28.05.2019 | ₹ 500 करोड़ के अपर टियर II बॉन्ड शृंखला III (4) | 541,85,00,000 |
| 3 | 31.05.2019 | ₹ 500 करोड़ के लोवर टियर II बॉन्ड शृंखला III (2) | 507,39,52,053 |
| 4 | 10.07.2019 | ₹ 300 करोड़ के अपर टियर I बॉन्ड शृंखला I (2) | 327,45,00,000 |
| 5 | 11.08.2019 (वास्तविक भुगतान की तिथि 13.08.2019) | ₹ 100 करोड़ के अपर टियर I बॉन्ड शृंखला I (3) | 109,09,95,902 |
| 6 | 26.08.2019 | ₹ 100 करोड़ के अपर टियर I बॉन्ड शृंखला I (4) | 109,10,00,000 |
| 7 | 11.08.2019 (वास्तविक भुगतान की तिथि 13.08.2019) | ₹ 300 करोड़ के अपर टियर II बॉन्ड शृंखला III (6) | 325,48,89,041 |
| 8 | 10.08.2019 (वास्तविक भुगतान की तिथि 13.08.2019) | ₹ 250 करोड़ के अपर टियर II बॉन्ड शृंखला III (5) | 271,29,86,301 |

**कृते आर.एस.पाडिया एंड एसोसिएटेस**

**राजश्री पाडिया**
कंपनी सचिव
एफएससी : 6804; सीपी : 7488

यूडीआईएन : एफ006804बी000376580

दिनांक : 24.06.2020
स्थान : मुंबई

**नोट :** कोविड -19 के प्रकोप के कारण, जिसे विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा एक वैश्विक महामारी भी घोषित किया गया है एवं उसके परिणामस्वरूप भारत सरकार ने 24 मार्च, 2020 को 21 दिन के कड़े लॉकडाउन की घोषणा की, वायरस के प्रसार को रोकने के लिए इसे देशभर में 19 दिन आगे विस्तारित किया गया. मामलों के बढ़ने के कारण लॉकडाउन को आगे 30 जून, 2020 तक विस्तारित किया गया.

अत: सचिवीय लेखापरीक्षा हेतु अनुपालन दस्तावेज इलेक्ट्रोनिक माध्यम से प्राप्त किए गए, आवश्यकता अनुसार सत्यापित किए गए एवं बैंक से प्राप्त स्पष्टीकरण के आधार पर पूर्ण किए गए.

## परिशिष्ट 'ए'

### 31 मार्च, 2020 को समाप्त वित्तीय वर्ष हेतु सचिवीय लेखापरीक्षा रिपोर्ट

प्रति,

**सदस्य,**
**यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (पूर्व कॉर्पोरेशन बैंक के लिए)**

ऊपर वर्णित तिथि को हमारी सचिवीय लेखा परीक्षा रिपोर्ट इस पत्र के साथ पढ़ा जाए.

1. कॉर्पोरेशन बैंक (बैंक) के लिए लागू सभी कानूनों, नियमों, विनियमों, मानकों के प्रावधानों के अनुपालन का दायित्व बैंक के प्रबंधन का है. हमारी जांच, सचिवीय लेखापरीक्षा रिपोर्ट जारी करने के उद्देश्य हेतु रिकॉर्ड के सत्यापन एवं प्रक्रियाओं के परीक्षण जांच तक सीमित थी.

2. सचिवीय रिकॉर्ड के रखरखाव का उत्तरदायित्व बैंक के प्रबंधन का है. हमारा उत्तरदायित्व जहां भी आवश्यक हो, स्पष्टीकरण के साथ - साथ बैंक द्वारा हमारे लिए बनाए गए संबंधित रिकॉर्ड के आधार पर सचिवीय लेखापरीक्षा रिपोर्ट जारी करना है.

3. हमने सचिवीय रिकॉर्ड की विषयवस्तु के शुद्धता के बारे में उचित आश्वासन प्राप्त करने के लिए लेखा परीक्षा की उपयुक्त प्रथाओं और प्रक्रियाओं का पालन किया है. परीक्षण के आधार पर यह सुनिश्चित करने के लिए सत्यापन किया गया कि सचिवीय रिकॉर्ड में परिलक्षित तथ्य सही हैं. हम विश्वास करते हैं कि हमने जिन प्रक्रियाओं और प्रथाओं का पालन किया है, हमारी राय प्रकट करने का एक उचित आधार प्रदान करते हैं.

4. हमने बैंक के वित्तीय रिकॉर्ड लेखा बहियों की शुद्धता और उपयुक्तता की जांच नहीं की है .

5. जहां कहीं आवश्यक रहा है, विधि, नियमों एवं विनियमनों एवं घटी हुई घटनाओं आदि के अनुपालन के बारे में हमने प्रबंधन प्रतिनिधित्व प्राप्त किया है.

6. सचिवीय ऑडिट रिपोर्ट न तो बैंक की भविष्य की व्यवहार्यता के लिए एक आश्वासन है और न ही प्रभावकारिता या प्रभावशीलता, जिसके लिए प्रबंधन ने बैंक के मामलों का संचालन किया है.

**कृते आर.एस.पाडिया एंड एसोसिएटेस**

**राजश्री पाडिया**
कंपनी सचिव
एफएससी : 6804; सीपी : 7488

यूडीआईएन : एफ006804बी000376580

दिनांक : 24.06.2020
स्थान : मुंबई

**नोट :** कोविड -19 के प्रकोप के कारण, जिसे विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा एक वैश्विक महामारी भी घोषित किया गया है एवं उसके परिणामस्वरूप भारत सरकार ने 24 मार्च, 2020 को 21 दिन के कड़े लॉकडाउन की घोषणा की, वायरस के प्रसार को रोकने के लिए इसे देशभर में 19 दिन आगे विस्तारित किया गया. मामलों के बढ़ने के कारण लॉकडाउन को आगे 30 जून, 2020 तक विस्तारित किया गया.

अत: सचिवीय लेखापरीक्षा हेतु अनुपालन दस्तावेज इलेक्ट्रोनिक माध्यम से प्राप्त किए गए, आवश्यकता अनुसार सत्यापित किए गए एवं बैंक से प्राप्त स्पष्टीकरण के आधार पर पूर्ण किए गए.

# सचिवीय अनुपालन रिपोर्ट

## 31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष के लिए पूर्व कार्पोरेशन बैंक (अब यूनियन बैंक ऑफ इंडिया) की वार्षिक सचिवीय अनुपालन रिपोर्ट

[सेबी के परिपत्र क्रमांक सेबी सीआईआर/सीएफडी/सीएमडी1/27/2019 दिनांक 08 फरवरी, 2019 के साथ पठित सेबी (सूचीयन दायित्व और प्रकटीकरण अपेक्षाएँ, 2015) के विनियमनों के नियमन 24 ए के संबंध में]

प्रति,

**सदस्य,**
**यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (पूर्व कार्पोरेशन बैंक)**

**1.** हमने जांच की

(ए) पूर्व कार्पोरेशन बैंक (''सूचीबद्ध संस्था'') द्वारा उपलब्ध कराए गए सभी दस्तावेजों एवं रिकॉर्ड और स्पष्टीकरण की जो कि पैरा 2 के अधीन सूचीबद्ध विशिष्ट विनियमन के अनुपालन से उत्पन्न हुए है.

(बी) उपर्युक्त के संबंध में सूचीबद्ध संस्था द्वारा स्टॉक एक्सचेंज में दर्ज /प्रस्तुत दस्तावेज

(सी) सूचीबद्ध संस्था की वेबसाइट,

(डी) इससे संबंधित जो भी अन्य कोई दस्तावेज /फाइल है जिसकी सहायता से यह प्रमाणीकरण किया गया है.

जो कि 31 मार्च 2020 को समाप्त वर्ष (''समीक्षाधीन अवधि'') के लिए निम्नलिखित प्रावधानों के अनुपालन से संबंधित हैं:

(ए) भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड अधिनियम,1992 ('सेबी अधिनियम') एवं उसके अंतर्गत जारी विनियमन, परिपत्र, दिशानिर्देश और

(बी) प्रतिभूति अनुबंध (नियमन) अधिनियम, 1956 (''एससीआरए''), और उसके अंतर्गत बनाए गए नियम और भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (''सेबी'') द्वारा उसके अंतर्गत जारी विनियमन, परिपत्र, दिशानिर्देश

**2.** विशिष्ट विनियमन, जिनके प्रावधान एवं उसके अंतर्गत जारी परिपत्रों / दिशानिर्देशों की जांच की गयी हैं, उनमें निम्नलिखित शामिल हैं: -

(ए) भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सूचीयन दायित्व और प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियमन 2015

(बी) भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (पूंजी निर्गम एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियमन 2018

(सी) भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (शेयर एवं अधिग्रहणों का भौतिक अधिग्रहण) विनियमन 2011.

(डी) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (प्रतिभूतियों का बाइबैक) विनियमन, 2018

(इ) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (अंश आधारित कर्मचारी लाभ) विनियमन, 2014

(एफ) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (ऋण प्रतिभूतियों का निर्गम एवं सूचीयन) विनियमन, 2008;

(जी) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (अपरिवर्तनीय एवं प्रतिदेय अधिमानी शेयरों का निर्गम एवं सूचीयन) विनियमन, 2013; (समीक्षाधीन वर्ष के दौरान बैंक के लिए लागू नहीं)

(एच) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (इनसाइडर ट्रेडिंग का निषेध) विनियमन, 2015;

मुझे प्रस्तुत दस्तावेजों एवं रिकॉर्ड तथा बैंक द्वारा दी गयी जानकारी एवं स्पष्टीकरण की जांच एवं सत्यापन के आधार पर हम रिपोर्ट करते है कि -

(1) नीचे उल्लिखित विनियमन को छोड़कर सूचीबद्ध संस्था ने उपरोक्त विनियमनों के प्रावधानों एवं उसके अंतर्गत जारी परिपत्रों / दिशानिर्देशों का पालन किया हैं.

(2) उन रिकॉर्ड की जांच पर प्रतीत होता है कि सूचीबद्ध संस्था ने उपरोक्त विनियमन के प्रावधानों और उसके अंतर्गत जारी परिपत्रों/दिशानिर्देशों का समुचित रिकॉर्ड रखा हैं.

(3) उपरोक्त अधिनियम /विनियमन के अंतर्गत सेबी या स्टॉक एक्सचेंज द्वारा (सेबी द्वारा विभिन्न परिपत्रों के जरिए जारी मानक परिचालन कार्यपद्धति के अधीन सहित) और उसके अंतर्गत जारी परिपत्रों /दिशानिर्देशों के अनुरूप सूचीबद्ध संस्था/उसके प्रमोटर /निदेशक / महत्वपूर्ण सहायक के खिलाफ की गयी कार्रवाई का ब्यौरा निम्नानुसार हैं:

| क्र सं. | जिनके द्वारा कार्रवाई की गयी | अतिक्रमण का ब्यौरा | की गयी कार्रवाई का ब्यौरा उदाहरण दंड, चेतावनी पत्र, डिबारमेंट आदि. |
|---|---|---|---|
| 1. | भारतीय रिजर्व बैंक | बैंक के कुछेक दस्तावेजों के संबंध में आस्ति वर्गीकरण में विचलन एवं धोखाधडी की रिपोर्टिंग में विलंब हेतु बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 46 (4)(i) एवं धारा 51(1) के साथ धारा 47 ए(1)(सी) को पढ़ा जाए. | ₹ 1.5 करोड़ (रूपये एक करोड़ पचास लाख मात्र) दंड |

| क्र सं. | जिनके द्वारा कार्रवाई की गयी | अतिक्रमण का ब्यौरा | की गयी कार्रवाई का ब्यौरा उदाहरण दंड, चेतावनी पत्र, डिबारमेंट आदि. |
|---|---|---|---|
| 2. | भारतीय रिजर्व बैंक | साइबर सिक्योरिटी फ्रेमवर्क और धोखाधडी वर्गीकरण एवं रिपोर्टिंग पर भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी दिशानिर्देशों के विनियामक अनुपालन में कमी | ₹ 1 करोड़ (रूपये एक करोड़ मात्र) दंड |
| 3. | भारतीय रिजर्व बैंक | धोखाधडी की रिपोर्टिंग में विलंब | ₹ 50 लाख (रूपये पचास लाख मात्र) दंड |

(घ) विगत रिपोर्टों में पायी गयी टिप्पणी के संबंध में कंपनी द्वारा कार्रवाई की अपेक्षा नहीं है.

(ड) भारत सरकार ने 30 अगस्त, 2019 को 10 सार्वजनिक क्षेत्र बैंक को चार समामेलित संस्था में समामेलित करने की घोषणा की है. तदनुसार, कार्पोरेशन बैंक एवं आंध्रा बैंक (अंतरक बैंक) को यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने एंकर किया.

भारत सरकार ने गजेट अधिसूचना दिनांकित 4 मार्च, 2020 के जरिए यूनियन बैंक ऑफ इंडिया योजना, 2020 में आंध्रा बैंक एवं कार्पोरेशन बैंक के समामेलन की अधिसूचना दी है.

संबंधित समामेलन 1 अप्रैल, 2020 से प्रभावी है और अब बैंक, सूचीबद्ध संस्था नहीं है एवं अत: 31 मार्च, 2020 को समाप्त तिमाही एवं वित्तीय वर्ष के लिए स्टॉक एक्सचेंज अनुपालन प्रस्तुत नहीं किए गए.

**कृते आर.एस.पाडिया एंड एसोसिएटेस**

**राजश्री पाडिया**
कंपनी सचिव
एफएससी : 6804; सीपी : 7488

यूडीआईएन : एफ006804बी000376756

दिनांक : 24.06.2020
स्थान : मुंबई

**नोट:** कोविड 19 महामारी के कारण जो कि विश्व स्वास्थ्य संस्था द्वारा वैश्विक पैनडमिक भी घोषित किया गया है और फलस्वरूप भारत सरकार ने 24 मार्च 2020 को 21 दिन का लॉकडाउन घोषित किया. बाद में यह लॉकडाउन देशभर में 19 दिन तक बढ़ाया गया ताकि वाइरस न फैल पाए. साथ ही, मामलों में हुई वृद्धि के कारण लॉकडाउन को 30 जून, 2020 तक बढ़ा दिया गया.

अत: सचिवीय अनुपालन लेखापरीक्षा के लिए अनुपालन दस्तावेज इलेक्ट्रोनिक माध्यम से प्राप्त किए गए, आवश्यक दस्तावेजों के साथ सत्यापित किया गया एवं बैंक से प्राप्त स्पष्टीकरण के आधार पर अद्यतन किया गया.

# निदेशकों की गैर-अयोग्यता का प्रमाण-पत्र

(सेबी (सूचीबद्ध दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियमन 34(3) और अनुसूची V के पैरा सी खंड (10) (i) के अनुसार)

प्रति,

**यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (पूर्व कार्पोरेशन बैंक हेतु)**
**के सदस्यगण**

हमने पूर्व कार्पोरेशन बैंक, प्रधान कार्यालय, मंगला देवी मंदिर रोड, मेंगलूरू - 575001 (जो यहाँ "बैंक" के रूप में संदर्भित है) के निदेशकों से प्राप्त संबंधित रजिस्टरों, रिकार्ड, फॉर्म्स, विवरण एवं प्रकटन की जांच की है, जो कि भारतीय प्रतिभूति विनिमय बोर्ड (सूचीबद्ध दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियमन 34(3) और अनुसूची V के पैरा सी उप खंड (10) (i) के अनुसार) प्रमाण-पत्र जारी करने के उद्देश्य से हमारे समक्ष प्रस्तुत किया गया।

हमारी राय और हमारी सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार और आवश्यक सत्यापन (पोर्टल www.mca.gov.in) पर निदेशकों की पहचान संख्या (डीआईएन सहित) और बैंक एवं उसके अधिकारियों द्वारा दी गई आवश्यक सूचना एवं स्पष्टीकरण के सत्यापन के आधार पर, हम प्रमाणित करते हैं कि भारतीय प्रतिभूति विनिमय बोर्ड/ कंपनी मामलों के मंत्रालय/ वित्त मंत्रालय/ भारतीय रिजर्व बैंक या ऐसे अन्य सांविधिक प्राधिकारी द्वारा वित्तीय वर्ष 31 मार्च, 2020 की समाप्ति पर बैंक के निदेशक के रूप में नियुक्त या कार्यरत बैंक के निदेशक मण्डल के किसी निदेशक को नियुक्त होने या बनाए रखने से नहीं रोका गया है या अयोग्य नहीं ठहराया गया है।

बोर्ड में प्रत्येक निदेशक की नियुक्ति / निरंतरता के लिए पात्रता को सुनिश्चित करना बैंक के प्रबंधन की जिम्मेदारी है. हमारी जिम्मेदारी है कि हम अपने सत्यापन के आधार पर इन पर एक राय व्यक्त करें. यह प्रमाणपत्र न तो भावी व्यवहार्यता का आश्वासन है और न ही उस दक्षता या प्रभावशीलता का, जिसके साथ प्रबंधन ने बैंक के मामलों का संचालन किया है.

**कृते आर.एस.पाडिया एंड एसोसिएटेस**

**राजश्री पाडिया**
कंपनी सचिव
एफएससी : 6804; सीपी : 7488

यूडीआईएन : एफ006804बी000376580

दिनांक : 24.06.2020
स्थान : मुंबई

# बेसल III (स्तंभ ) प्रकटन

नए पूंजी पर्याप्तता ढांचे संबधी दिशानिर्देश बेसल III (स्तंभ 3) के तहत 31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष हेतु समेकित आधार पर प्रकटन ।

भारतीय रिजर्व बैंक बेसल III दिशानिर्देशों के अनुसार 31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष हेतु स्तंभ 3 का प्रकटन बैंक की वेबसाईट के मुख्य पृष्ठ पर विनियामक प्रकटन के तहत अलग से प्रस्तुत किया गया है । इसकी लिंग है :http://www.corpbank.com

इस भाग के निम्नवत प्रकटन शामिल है:

- बेसल 3 - 31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष हेतु स्तंभ 3 प्रकटन ।
- यथा 31 मार्च, 2020 को पूंजी संरचना और समाधान।
- यथा 31 मार्च, 2020 को विनियामक पूंजी लिखतों की मुख्य विशेषताएं।
- यथा 31 मार्च, 2020 को लीवरेज अनुपात प्रकटन।
- यथा 31 मार्च, 2020 को चलनिधि कवरेज अनुपात प्रकटन।

# स्वतंत्र लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट

**सेवा में,**

**यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के सदस्यों (पूर्ववर्ती कार्पोरेशन बैंक)**

**एकल वित्तीय विवरणों पर रिपोर्ट**

**अभिमत**

1. हमने 31 मार्च, 2020 तक के यूनियन बैंक ऑफ इंडिया [पूर्ववर्ती कार्पोरेशन बैंक (बैंक)] के संलग्न एकल वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा की है, जिनमें यथा 31 मार्च 2020 का तुलन-पत्र और इसी तिथि को समाप्त वर्ष का लाभ-हानि लेखा और नकदी प्रवाह विवरण तथा महत्वपूर्ण लेखा-नीतियों का सार एवं अन्य व्याख्यात्मक सूचना शामिल हैं. इनमें हमारे द्वारा लेखा परीक्षित 20 शाखाओं और सांविधिक शाखा लेखा-परीक्षकों द्वारा लेखा परीक्षित 1440 शाखाओं को शामिल किया गया है. बैंक ने, हमारे द्वारा लेखा परीक्षित शाखाओं तथा अन्य लेखा परीक्षकों द्वारा लेखा परीक्षित शाखाओं का चयन भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी मार्गनिर्देशों के अनुरूप किया है. इसमें उन 1048 शाखाओं जिनकी लेखा-परीक्षा नहीं की गई है का तुलन-पत्र और लाभ-हानि खाता तथा नकदी प्रवाह की विवरणियों को भी शामिल किया गया है. इन अलेखापरीक्षित शाखाओं में अग्रिम का 5.46 प्रतिशत, जमाराशियों का 16.48 प्रतिशत, ब्याज आय का 6.78 प्रतिशत तथा ब्याज व्यय का 15.71 प्रतिशत समाहित है.

2. हमारी राय में और अपनी जानकारी एवं हमें दिए गए स्पष्टीकरण के अनुसार उपर्युक्त एकल वित्तीय विवरण बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 द्वारा अपेक्षित जानकारी बैंक को देती है और वे सामान्य रूप से भारत में स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों के अनुरूप में है और साथ में यह भी प्रदान करती हैं:

क. टिप्पणियों के साथ पढा जाने वाला तुलनपत्र सभी आवश्यक जानकारियों को समाहित करते हुए पूर्ण एवं सत्य तुलन पत्र दर्शाता है और बैंक में 31 मार्च 2020 के कार्यकलापों को सत्य वं स्पष्ट रूप में दर्शाता है;

ख. टिप्पणियों के साथ पढ़ा जाने वाला लाभ और हानि विवरण के मामले में हानि का वास्तविक शेष; तथा

ग. उसी दिन को समाप्त वर्ष की नकदी प्रवाह विवरणी के मामले में सत्य एवं स्पष्ट स्थिति.

**अभिमत का आधार**

3. हमने भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) के द्वारा जारी लेखापरीक्षा के मानकों के अनुसार अपनी लेखापरीक्षा की है. उन मानकों के तहत अपनी जिम्मेदारियों को आगे हमारी रिपोर्ट के वित्तीय विवरण अनुभाग की लेखापरीक्षा हेतु लेखापरीक्षक की जिम्मेदारियों में बताया गाया है. हम आईसीएआई के द्वारा जारी आचार संहिता के अनुसार समूह से स्वतंत्र हैं और साथ ही नैतिक अपेक्षाओं को भी पूरा करते हैं जो भारत में अपनी वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा के लिए संगत है और हमने इन अपेक्षाओं और आचार संहिता के अनुसार हमारी अन्य नैतिक उत्तरदायित्वों को पूरा किया है. हमारा विश्वास है कि जो लेखापरीक्षा साक्ष्य हमने प्राप्त किया है, वे हमारी अभिमत के लिए पर्याप्त और उचित आधार प्रदान करता है.

**मामले का महत्व**

4. हम ध्यान आकृष्ट कराना चाहते हैं :

(i) भारत सरकार के राजपत्र अधिसूचना संख्या CG-DL-E-04032020-216535 दिनांक 04 मार्च 2020 के द्वारा यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के साथ ई-कॉरपोरेशन बैंक के 1.4.2020 से समामेलन के बारे में अनुसूची 18C के टिप्पणी संख्या 20 की ओर.

(ii) COVID-19 महामारी के प्रभाव के बारे में संलग्न एकल वित्तीय विवरणियों की अनुसूची 18 की टिप्पणी संख्या 4.4 की 9 की ओर, जो बैंक के व्यावसायिक संचालन पर प्रचलित अनिश्चितताओं को दर्शाती है. हमें सूचित किया गया है कि बैंक इस स्थिति और इसके प्रभाव का मूल्यांकन कर रहा है.

(iii) उभयनिष्ठ एक्सपोजर के संबंध में आय मान्यता, संपत्ति वर्गीकरण और प्रावधान के संबंध में आरबीआई के निर्देश के अनुसार हार्मोनाइजेशन के लिए किए गए प्रावधान के बारे में अनुसूची 18 ए की टिप्पणी संख्या 4.6 की ओर;

(iv) कर्मचारी लाभ (पेंशन निधि) हेतु किए गए अतिरिक्त प्रावधान के संबंध में अनुसूची 18 बी की टिप्पणी संख्या 3 की ओर;

(v) पूर्व मूल्यांकन वर्षों के संबंध में आयकर की ओर किए गए अतिरिक्त प्रावधान के बारे में अनुसूची 18 बी की टिप्पणी संख्या 8सी की ओर;

(vi) आस्थगित कर परिसंपत्ति के व्युत्क्रमण के संबंध में अनुसूची 18 बी की टिप्पणी संख्या 8 C की ओर;

(vii) 31 मार्च 2020 को समाप्त वर्ष के दौरान पहचाने गए कुछ धोखाधड़ी खातों से संबंधित प्रावधान के आस्थगन और आरबीआई परिपत्र के अनुसार, बाद के तिमाहियों में लाभ और हानि खाते में उनके समायोजन से संबंधित अनुसूची 18C की टिप्पणी संख्या 12 की ओर, इन मामलों में हमारी राय में संशोधन नहीं है.

## 5. लेखा परीक्षा की प्रमुख मदें

प्रमुख लेखा परीक्षा मामले वे मामले हैं, जो हमारी पेशेवर राय में, 31 मार्च 2020 को समाप्त हुए वर्ष के लिए एकल वित्तीय विवरणों की हमारी लेखा परीक्षा में सबसे अधिक महत्वपूर्ण थे. इन मामलों का, संपूर्ण एकल वित्तीय विवरणों की हमारी लेखा परीक्षा और उन पर हमारी राय के संदर्भ में निराकरण किया गया था और हम इन मामलों पर एक अलग राय प्रदान नहीं करते हैं. हमने अपनी रिपोर्ट में मुख्य लेखा परीक्षा मदों के नीचे दिए गए मामलों को संसूचित करना निश्चित किया है:

| क्रम संख्या | प्रमुख लेखापरीक्षा मदें | लेखापरीक्षा में कैसे निराकरण किया गया |
|---|---|---|
| 1 | **अग्रिमों का वर्गीकरण, आय की मान्यता, गैर-निष्पादित आस्तियों की पहचान और उनके लिए प्रावधान**<br><br>**(अनुसूची 17 में लेखा नीति संख्या 3 और नोट 4 के साथ पठित 18 ए का संदर्भ लें)**<br><br>अग्रिमों को आरबीआई निर्देशों (आईआरएसी मानदंडों) और अग्रिमों के निष्पादक और गैर-निष्पादक अग्रिमों में वर्गीकरण से संबंधित दिशानिर्देश प्रदान करने से संबन्धित आरबीआई द्वारा जारी किए गए अन्य परिपत्रों और दिशानिर्देशों के अनुसार समय-समय पर मानक, उप-मानक, संदिग्ध और हानिगत आस्तियों में वर्गीकृत किया जाता है.<br><br>बैंक कोर बैंकिंग सॉल्यूशन (CBS) के तहत काम कर रहा है. बड़ी मात्रा में लेनदेन के परिचालन और वित्तीय रिपोर्टिंग प्रक्रियाएं फ्रंट एंड और बैक एंड पर सूचना प्रौद्योगिकी प्रणाली पर निर्भर हैं. बैंक अपने अग्रिमों से संबंधित सभी लेनदेन सूचना प्रौद्योगिकी प्रणाली अर्थात कोर बैंकिंग सॉल्यूशन में लेखांकित करता है जो निष्पादक व गैर-निष्पादक अग्रिमों की भी पहचान करता है. इसके अलावा एनपीए वर्गीकरण और प्रावधान की गणना भी इसी प्रणाली के माध्यम से की जाती है. अगर व्यक्तिगत रूप से या कुल मिलाकर, विवेकपूर्ण मानदंडों का ठीक से पालन नहीं किया जाता है तो इन अग्रिमों का वहन मूल्य (प्रावधानों के निवल) भौतिक रूप से गलत हो सकता है.<br><br>बैंक की कुल संपत्ति का 55.50 प्रतिशत हिस्सा अग्रिमों में निहित है.<br><br>अग्रिमों की राशि के महत्व को ध्यान में रखते हुए, वित्तीय विवरणियों में, नियामक आवश्यकताओं, प्रतिभूतियों के मूल्यांकन में शामिल अनुमान / निर्णय, आगे के वर्गीकरण और उसमें प्रावधान को हमारी लेखा परीक्षा रिपोर्ट में एक प्रमुख लेखा परीक्षा मद माना गया है. | हमारी लेखा परीक्षा प्रक्रियाओं में बैंक के कोर बैंकिंग सॉल्यूशन (सीबीएस) सॉफ्टवेयर, आरबीआई के बैंक के आंतरिक निदेशों और दिशानिर्देशों की समझ और परिसंपत्ति वर्गीकरण के संबंध में प्रक्रियाएं शामिल हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि रिपोर्ट किए गए वित्तीय विवरण उचित और विश्वसनीय हैं.<br><br>हमारे लेखापरीक्षा दृष्टिकोण में आंतरिक नियंत्रणों की परिचालन प्रभावशीलता परीक्षण शामिल हैं जो निम्नवत हैं : -<br><br>आय मान्यता और आस्ति वर्गीकरण और अग्रिमों से संबंधित प्रावधान के बारे में आरबीआई दिशानिर्देशों का पालन करने के संदर्भ में बैंक की आंतरिक नियंत्रण प्रणाली का मूल्यांकन और आलोचनात्मक विश्लेषण.<br><br>किसी भी अग्रिम खाते में अतिदेय, असंतोषजनक आचरण या कमजोरी का पता लगाने के लिए हमने नमूना जाँच के आधार पर अग्रिम खातों के दस्तावेजों, संचालन / निष्पादन और निगरानी तथा शाखा / प्रासंगिक प्रभागों की लेखापरीक्षा के अनुसार आरबीआई के विवेकपूर्ण मानदंडों के अनुसार वर्गीकरण का परीक्षण किया. शाखा सांविधिक लेखापरीक्षकों द्वारा अंकेक्षित शाखाओं के संबंध में, हमने उनकी रिपोर्टों पर निर्भरता रखी है.<br><br>हमने एनपीए की पहचान की प्रक्रिया और संदर्भित आय के व्युत्क्रमण एवं प्रावधान के निर्माण का आकलन और मूल्यांकन किया |
| 2 | **प्राथमिकता और गैर-प्राथमिकता क्षेत्र में अग्रिमों का वर्गीकरण**<br><br>**(संदर्भ- वित्तीय विवरणियों की टिप्पणी 9 के साथ पठित अनुसूची 18 सी)**<br><br>बैंक ने लेखा परीक्षा के तहत वर्ष के दौरान प्राथमिकता और गैर-प्राथमिकता क्षेत्र के बीच उधारकर्ताओं के खातों का पुन: वर्गीकरण किया है.<br><br>नतीजतन, हमने इसे एक प्रमुख लेखा परीक्षा मद माना है. | हमने बैंक द्वारा क्षेत्रवार वर्गीकरण की प्रणाली की प्रभावकारिता का आकलन किया है.<br><br>हम क्षेत्रवार वर्गीकरण के लिए शाखा और आंचलिक विवरणी, शाखा लेखा परीक्षक की रिपोर्टों पर निर्भर रहे.<br><br>हमने क्षेत्रवार वर्गीकरण की रिपोर्टिंग की शुद्धता का निर्धारण करने के लिए प्राथमिकता क्षेत्र के वर्गीकरण में उत्पाद-वार खातों का नमूना चुना है.<br><br>प्राथमिकता / गैर-प्राथमिकता वाले क्षेत्र अग्रिमों की पहचान की प्रणाली की समीक्षा और पुनर्मूल्यांकन की आवश्यकता है. |

| | | |
|---|---|---|
| 3 | **निवेश का वर्गीकरण और मूल्यांकन, गैर-निष्पादक निवेश के लिए पहचान और प्रावधान**<br><br>**(संदर्भ- वित्तीय विवरणियों की टिप्पणी 2 के साथ पठित अनुसूची 18 ए)**<br><br>निवेश में बैंक द्वारा विभिन्न सरकारी प्रतिभूतियों, बांड, डिबेंचर, शेयर, वेंचर कैपिटल फंड और म्यूचुअल फंड की इकाइयां, एआरसी की सुरक्षा प्राप्तियां, अनुषंगियों में निवेश और अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियों में निवेश शामिल हैं. निवेश को तीन श्रेणियों में वर्गीकृत किया जाता है - हेल्ड टू मैच्योरिटी, एविलेवल फॉर सेल और हेल्ड फॉर ट्रेडिंग.<br><br>ये आरबीआई के परिपत्रों और निर्देशों द्वारा शासित होते हैं. भारतीय रिजर्व बैंक के ये निर्देश, अन्य बातों के साथ, निवेश का मूल्यांकन, निवेशों का वर्गीकरण, गैर-निष्पादक निवेशों की पहचान, आय की गैर-मान्यता और तत्संबंधी प्रावधान को शामिल करते हैं.<br><br>गैर-निष्पादक निवेश की पहचान और मूल्यांकन एवं परिणामी समायोजन अनुसूची 17 की लेखांकन नीति संख्या 4 में निहित है.<br><br>निवेश बैंक की कुल संपत्ति का 28.94 प्रतिशत है.<br><br>एकल वित्तीय विवरणियों में निवेश के मूल्य के महत्व को देखते हुए, इसे एक प्रमुख लेखा परीक्षा मद माना गया है. | भारतीय रिजर्व बैंक के परिपत्र / निर्देशों / बैंक की निवेश नीतियों के संदर्भ में, निवेश के बारे में हमारे लेखापरीक्षा दृष्टिकोण में आंतरिक नियंत्रण की समीक्षा, गैर-निष्पादक निवेशों की पहचान, वर्गीकरण एवं मूल्यांकन के संबंध में लेखा परीक्षा प्रक्रियाएं,<br><br>आरबीआई दिशानिर्देशों /बैंक द्वारा अपनाई जा रही लेखा नीतियाँ के अनुसार निवेश से संबंधित प्रावधान / मूल्यह्रास की समीक्षा शामिल थी.<br><br>हमने इन निवेशों का उचित मूल्य निर्धारित करने के लिए विभिन्न स्रोतों से जानकारी एकत्र करने के लिए अपनाई गई प्रक्रिया की समीक्षा और मूल्यांकन किया.<br><br>हमने प्रत्येक श्रेणी के भीतर निवेश के चयनित नमूने के मूल्यांकन, प्रावधान और मूल्यह्रास को सत्यापित करने के लिए लेखा परीक्षा प्रक्रियाएं की.<br><br>हमने एनपीआई की पहचान की प्रक्रिया, यथा-लागू आय के व्युत्क्रमण एवं पर्याप्त प्रावधान की सुनिश्चितता का आकलन और मूल्यांकन किया. |
| 4 | **प्रत्यक्ष कर कानूनों के तहत लंबित मुकदमों के संबंध में प्रावधान और आकस्मिक देयताओं का आकलन.**<br><br>**(संदर्भ- अनुसूची 18 बी की टिप्पणी 9 का संदर्भ लें)**<br><br>अपीलीय प्राधिकारियों के समक्ष लंबित कर मुकदमों के आकलन में उच्च स्तर के निर्णय की आवश्यकता है. बैंक का मूल्यांकन प्रत्येक मामले, न्यायिक नियम और स्वतंत्र कर-सलाहकारों की विशेषज्ञ सलाह के तथ्यों पर आधारित है. कर निर्धारण अधिकारियों, अपीलीय अधिकारियों द्वारा आरोपित किसी भी प्रतिकूलता से बैंक के लाभ / हानि पर काफी असर पड़ सकता है.<br><br>इन मामलों के परिणाम से जुड़ी अनिश्चितताओं के मद्देनजर उपरोक्त क्षेत्र की पहचान एक प्रमुख लेखा परीक्षा मद के रूप में की गई है. | अपीलीय प्राधिकारियों के समक्ष लंबित कर निर्धारण / मुकदमों की वर्तमान स्थिति की समझ प्राप्त की.<br><br>रिपोर्ट के तहत वित्तीय वर्ष के दौरान प्राप्त मूल्यांकन आदेशों / अपीलीय आदेशों / न्यायालय के आदेशों की जांच की गई.<br><br>कानूनी परिप्रेक्ष्य और स्वतंत्र कर कंसल्टेंट्स से प्राप्त कर सलाह से मुद्दों का मूल्यांकन किया.<br><br>पूर्ण रूप से आकलित मामलों के अनुसरण और मूल्यांकन अधिकारियों / अपीलीय अधिकारियों के समक्ष बैंक द्वारा दी गयी प्रस्तुतियाँ से उठने वाले मुद्दों पर बैंक की कर टीम के साथ चर्चा की.<br><br>साथ ही आयकर अधिकारियों द्वारा बैंक के खिलाफ किए गए दावों, जिन्हे देयता के रूप में नहीं लिया गया है और इस तरह के दावों के खिलाफ विवादित कर के भुगतान की विवरणी की समीक्षा की. |

| | | |
|---|---|---|
| 5 | **COVID-19 प्रकोप के आलोक में संशोधित लेखा परीक्षा प्रक्रियाएँ**<br><br>हमारे लेखापरीक्षा की अवधि के दौरान COVID-19 महामारी के प्रकोप और परिणामस्वरूप केंद्र सरकार / राज्य सरकार / स्थानीय अधिकारियों द्वारा लागू राष्ट्रव्यापी तालाबंदी और यात्रा प्रतिबंधों के कारण, हम भौतिक रूप से ऑडिट प्रक्रियाओं को पूरा करने के लिए शाखाओं, अंचल कार्यालयों और प्रधान कार्यालय की यात्रा नहीं कर सके. जहां भौतिक पहुंच संभव नहीं थी वहाँ लेखा परीक्षा को दूरस्थ रूप से किया गया था.<br><br>जहाँ भी हम विभिन्न स्थानों पर जाने में सक्षम नहीं थे, बैंक द्वारा डिजिटल माध्यम, ईमेल और संबंधित एप्लिकेशन सॉफ्टवेयर (फिनेकल) के लिए दूरस्थ पहुँच के माध्यम से आवश्यक रिकॉर्ड / रिपोर्ट / दस्तावेज / प्रमाण पत्र हमें उपलब्ध कराए गए थे. हम अधिकांश शाखा कार्यालयों और क्षेत्रों का दौरा नहीं कर सके. जैसा कि हमें सूचित किया गया है, अधिकांश शाखा लेखा परीक्षक भी उन्हें आवंटित शाखाओं में नहीं जा सकते हैं और तदनुसार उन्होंने संशोधित लेखा परीक्षा प्रक्रियाओं को भी अपनाया है. इस अवस्था में, हमने रिपोर्ट किए गए वर्ष के लिए उपलब्ध कराए गए दस्तावेजों, रिपोर्टों और रिकॉर्ड, जिनपर हमने लेखापरीक्षा हेतु लेखापरीक्षा प्रमाण के रूप में निर्भर किया, के आधार पर लेखापरीक्षा प्रक्रिया की है.<br><br>चूंकि हम संबंधित शाखाओं / अंचलों / प्रधान कार्यालय में बैंक के अधिकारियों के साथ बैठकों के माध्यम से भौतिक रूप से / व्यक्तिगत रूप से / लेखापरीक्षा साक्ष्य एकत्र नहीं कर सके; हमने लेखापरीक्षा प्रक्रिया को यहां प्रमुख लेखा परीक्षा मद के रूप में चिन्हित किया है. | हमने अपनी लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं को इस प्रकार संशोधित किया है: -<br><br>जहां बैंक के कार्यालयों का दौरा किया जाना संभव नहीं था वहाँ ई-मेल के माध्यम और संबंधित सॉफ्टवेयर (फिनेकल) के लिए दूरस्थ पहुंच के द्वारा से आवश्यक रिकॉर्ड / दस्तावेजों / रिपोर्टों की जांच / सत्यापन इलेक्ट्रॉनिक रूप से की गयी.<br><br>दस्तावेजों की स्कैन की गई प्रतियों, प्रमाणपत्रों, रिपोर्टों, वित्तीय विवरणों, और संबंधित रिकॉर्डों को इलेक्ट्रॉनिक रूप से रिमोट एक्सेस / ईमेल के माध्यम से हमें उपलब्ध कराया गया.<br><br>वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग, स्केनड प्रतियों, ईमेल द्वारा दस्तावेज, टेलीफ़ोनिक वार्तालाप और संचार के अन्य समान तरीकों के माध्यम से परिचर्चा और लेखा परीक्षा प्रमाण इकट्ठा करना.<br><br>विचार-विमर्श, डिजिटल रिकॉर्ड की प्राप्ति, टेलीफोन पर बातचीत और ई मेल के माध्यम से लेखापरीक्षा की टिप्पणियों का निदान किया गया. |
| 6 | **सूचना प्रौद्योगिकी प्रणाली (फिनेकल) आधारित वित्तीय रिपोर्टिंग प्रक्रिया.**<br><br>बैंक कोर बैंकिंग सॉल्यूशन (CBS) के तहत काम कर रहा है. बड़ी मात्रा में लेनदेन के परिचालन और वित्तीय रिपोर्टिंग प्रक्रियाएं फ्रंट एंड और बैक एंड पर सूचना प्रौद्योगिकी प्रणाली पर निर्भर हैं.<br><br>बैंक के एकीकृत ट्रेजरी प्रबंधन सहित सभी लेनदेन के लिए कोर बैंकिंग में प्रभावी डेटा कैप्चरिंग और रिपोर्टिंग के लिए डिज़ाइन किए गए पर्याप्त जांच बिन्दु, मानक, प्रक्रियाएं और नियंत्रण हैं.<br><br>हमने इसे एक प्रमुख लेखा परीक्षा मद के रूप में माना है, क्योंकि नियंत्रण की कमी और इनपुट त्रुटियों के परिणामस्वरूप प्रबंधन और नियामकों को डेटा की गलत रिपोर्टिंग होती है. | हमने यह सुनिश्चित करने के लिए कि समेकित वित्तीय विवरण उचित और विश्वसनीय हैं, कोर और ट्रेजरी से प्राप्त जानकारी और डेटा की समीक्षा और मूल्यांकन किया.<br><br>हमारे लेखापरीक्षा दृष्टिकोण में आंतरिक नियंत्रणों की परिचालन प्रभावशीलता परीक्षण शामिल हैं, जो निम्नवत हैं : -<br><br>वर्ष के दौरान आयोजित आईएस लेखा परीक्षा को प्राप्त करना और समीक्षा करना.<br><br>बैंक के आईटी नियंत्रण वातावरण, आईटी नीतियों और बोर्ड के सामने रखे गए नोटों सहित लेखा परीक्षा अवधि के दौरान महत्वपूर्ण परिवर्तनों की समझ प्राप्त करना.<br><br>परीक्षण के आधार पर वित्तीय रिपोर्टिंग के लिए महत्वपूर्ण आईटी प्रणालियों पर बैंक के सामान्य आईटी नियंत्रणों के डिजाइन, कार्यान्वयन और परिचालन प्रभावशीलता की समीक्षा की.<br><br>ऑडिट के लिए महत्वपूर्ण स्वचालित और मैन्युअल व्यापार चक्र नियंत्रण और सिस्टम जनित रिपोर्टट की नमूना जाँच की. |

## एकल वित्तीय विवरणियों एवं उन पर लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट के अतिरिक्त सूचना

6. जो अधिशासन शासन के प्रभारी हैं वे अन्य सूचनाओं के लिए जिम्मेदार हैं. अन्य सूचनाओं में कार्पोरेट शासन विवरणी शामिल है (लेकिन एकल वित्तीय विवरणियां और लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट शामिल नहीं है).

एकल वित्तीय विवरणियों पर हमारे विचार अन्य सूचनाओं एवं बासेल III प्रकटीकरण के अंतर्गत पिलर 3 प्रकटीकरण को शामिल नहीं करते हैं और हम किसी प्रकार का कोई निश्चित निष्कर्ष व्यक्त नहीं करते हैं.

एकल वित्तीय विवरणियों की लेखापरीक्षा के संबंध में हमारा दायित्व ऊपर निदेशित अन्य सूचनाओं को पढ़ना और ऐसा करने में यह विचार करना है कि अन्य सूचनाएं भौतिक रूप से एकल वित्तीय विवरणियों या लेखापरीक्षा से प्राप्त हमारी जानकारी के साथ अनमेल तो नहीं हैं या अन्य किसी रूप से भौतिक रूप से गलत लगती हैं.

यदि हमारे किए गए कार्य द्वारा, हमें यह निष्कर्ष मिलता है कि इस अन्य सूचना के संबंध में कोई गलतबयानी है, तो हमें उस तथ्य को रिपोर्ट करने की आवश्यकता है. इस संबंध में हमें कुछ भी रिपोर्ट नहीं करना है.

## एकल वित्तीय विवरणों के लिए प्रबन्धन और अभिशासन के दायित्व

7. जो अभिशासन के लिए उत्तरदायी हैं, वे इन एकल वित्तीय विवरणों, जो आईसीएआई द्वारा जारी लेखांकन मानकों सहित भारत में सामान्य रूप से स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों तथा बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 29 के प्रावधानों एवं समय समय पर भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) द्वारा जारी परिपत्रों व दिशानिर्देशों के अनुसार बैंक की वित्तीय स्थिति, वित्तीय निष्पादन और नकदी प्रवाह की उचित स्थिति दर्शाती है, को तैयार करने के लिए जिम्मेदार है. इस जिम्मेदारी में बैंक की आस्तियों की सुरक्षा के लिए और कपट एवं अन्य अनियमितताओं को रोकने व उसका पता लगाने के लिए अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार पर्याप्त लेखांकन रिकार्ड का रखरखाव; उचित लेखांकन नीतियों का चयन और कार्यान्वयन; निर्णय और आकलन करना जो उचित और विवेकपूर्ण हैं; और पर्याप्त आंतरिक वित्तीय विवरणियों की रूपरेखा बनाना, कार्यान्वयन और रखरखाव, जो कि लेखांकन के रिकार्ड की सटीकता और पूर्णता सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी ढंग से कार्य करते हैं जो वित्तीय विवरणों की तैयारी और प्रस्तुति के लिए संगत है और सही और उचित स्थिति दर्शानेवाली है और चाहे कपट या त्रुटि के कारण होने वाली गलय बयानों से मुक्त है, भी शामिल है.

वित्तीय विवरणों की तैयारी में जिनके पास अभिशासन का दायित्व है वह बैंक के उसके स्वरूप में बने रहने, यथा लागू, कार्यशील संस्था से जुड़ी मामलों का प्रकटन करने तथा जब तक प्रबंधन समूह का परिसमापन, संचालन रोकना नहीं चाहता है या ऐसा करने के लिए कोई वास्तविक विकल्प नहीं है, तब तक कार्यशील संस्था आधार पर लेखांकन का उपयोग करने की समूह की क्षमता का मूल्यांकन करने के लिए उत्तरदायी हैं.

## वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा के लिए लेखा परीक्षक की जिम्मेदारियाँ

8. हमारा उद्देश्य इस बारे में उचित आश्वासन प्राप्त करना है कि वित्तीय विवरण चाहे कपट या त्रुटि के कारण होने वाली गलत बयानों से पूर्ण रूप से मुक्त है और लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट शामिल करना है जिसमें हमारा अभिमत भी शामिल हैं. उचित आश्वासन उच्च स्तरीय आश्वासन है, परंतु यह गारंटी नहीं है कि एसए के अनुसार की गयी लेखापरीक्षा में गलत बयान होने पर उसका पता लगाया जाएगा.. गलत बयान कपट या त्रुटि के कारण हो सकती है और इस वित्तीय विवरणियों के आधार पर उपयोक्ता के वित्तीय निर्णयों पर व्यक्तिगत रूप से या समग्र रूप से प्रभावित करता है तो उसे गंभीर माना जाएगा.

एसएएस के अनुसार लेखापरीक्षा के दौरान हमने पेशेवर निर्णय लिया है और पूरे लेखापरीक्षा में पेशेवर संशयात्मकता को बनाए रखा. हमने निम्न कार्य भी किया है :

- ङ वित्तीय विवरणों में प्रमुख रूप से गलत बयान, चाहे वे कपट या त्रुटि के कारण हों, के जोखिमों की पहचान और उनका आकलन करते हैं, उन जोखिमों के लिए लेखापरीक्षा प्रणाली तैयार करते हैं और कार्यान्वित करते हैं तथा हमारे अभिमत के आधार बनने के लिए पर्याप्त और उचित लेखापरीक्षा साक्ष्य प्राप्त किया है. कपट के कारण होने वाली गलय बयान का पता नहीं लगाने का जोखिम त्रुटि के कारण होनेवाली जोखिम से अधिक होता है क्योंकि धोखाधड़ी में मिलीभगत, जालसाजी, जानबूझकर चूक, गलत बयानी, या आंतरिक नियंत्रण का उल्लंघन शामिल हो सकता है.
- ङ परिस्थितियों के अनुसार जो सही हो उसके लिए लेखापरीक्षा प्रणाली तैयार करने के संबंध में आंतरिक नियंत्रण के लिए एक समझ तैयार करना परंतु बैंक के आंतरिक नियंत्रण पर के प्रभावी होने पर विचार व्यक्त करने के उद्देश्य से नहीं.
- ङ उपयोग की गई लेखांकन नीतियों की उपयुक्तता और प्रबंधन द्वारा किए गए लेखांकन आकलनों और संबंधित प्रकटनों की विश्वसनीयता का मूल्यांकन किया है.
- ङ हम प्रबंधन की चालू लेखांकन आधारों के उपयोग की उपयुक्तता और प्राप्त लेखापरीक्षा साक्ष्य के आधार पर क्या ऐसी घटना या स्थितियों से संबंधित कोई महत्वपूर्ण अनिश्चितता मौजूद है जो बैंक की क्षमता पर महत्वपूर्ण संदेह पैदा करती है, पर निष्कर्ष निकालते हैं. यदि हम यह निष्कर्ष निकालते हैं कि कोई महत्वपूर्ण अनिश्चितता विद्यमान है, तो हमें अपने लेखा परीक्षक की रिपोर्ट में वित्तीय विवरणों में संबंधित प्रकटनों पर ध्यान आकर्षित करना होगा या यदि इस तरह के प्रकटन अपर्याप्त हैं, तो हमारे अभिमत

को संशोधित करना है.हमारे निष्कर्ष हमारे लेखा परीक्षक की रिपोर्ट की तारीख तक प्राप्त लेखापरीक्षा साक्ष्य के आधार पर है.

ङ प्रकटन सहित वित्तीय विवरणों की समग्र प्रस्तुति, संरचना और विषयवस्तु और क्या वित्तीय विवरण अंतर्निहित लेनदेन और घटनाओं को इस तरह से दर्शाते हैं जो उचित प्रस्तुति कर सकते हैं, इसका मूल्यांकन किया है.

एकल वित्तीय विवरणियों में भौतिकता एकल या समग्र रूप से गलत जानकारी है जो कि कि एकल वित्तीय विवरणियों की यथोचित जानकारी रखने वाले प्रयोगकर्ता के आर्थिक निर्णयों को प्रभावित करने में सक्षम होती है. हम (i) हमारे लेखापरीक्षा को कार्य के क्षेत्र का निर्धारण करने और हमारे कार्यों के परिणामों का मूल्यांकन करने और (ii) एकल वित्तीय विवरणियों में दी गई किसी संज्ञान में आई गलत जानकारी के प्रभाव का मूल्यांकन करने में संख्यात्मक भौतिकता और गुणात्मक कारकों पर विचार करते हैं.

हम अन्य मामलों के साथ अभिशासन से जुड़े योजनाबद्ध कार्यक्षेत्र और लेखापरीक्षा का समय तथा आंतरित नियंत्रणों में पाई गई उल्लेखनीय कमियों सहित लेखापरीक्षा निष्कर्ष के बारे में सूचित करते हैं.

हम उन लोगों को जो अभिशासन के लिए उत्तरदायी है, विवरण के साथ यह सूचित करते हैं कि हमने स्वतंत्रता के संबंध में संगत नैतिक आवश्यकताओं का अनुपालन किया है, और उन सभी संबंध एवं अन्य मामलों के बारे में भी सूचित किया है, जिसमें समुचित रूप से हमारी स्वतंत्रता और जहाँ लागू है, संबंधित सुरक्षा,को प्रभावित कर सकता है.

अभिशासन से जुड़ी बातों को संसूचित मामलों से, हम उन मामलों को निर्धारित करते हैं जो वर्तमान अवधि के वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा में सबसे अधिक महत्व रखते हैं और इसलिए वे लेखापरीक्षा संबंधी प्रमुख मामले हैं. हम अपने लेखापरीक्षक की रिपोर्ट में इन मामलों को तभी प्रस्तुत करते हैं जब कानून या विनियमन इस मामले के बारे में सार्वजनिक प्रकटीकरण के लिए रोक नहीं लगाता है या अत्यंत विशेष परिस्थितियों में, हम यह निर्णय लेते हैं कि हमारी रिपोर्ट में किसी मामले को प्रकट नहीं किया जाना है क्योंकि ऐसा करने के प्रतिकूल परिणाम सार्वजनिक हित के विरुद्ध हो सकती है.

**अन्य मामले**

9. हमने 1440 शाखाओं, जिसकी वित्तीय विवरणियाँ/ वित्तीय सूचनाओं में 31 मार्च, 2020 को कुल आस्तियाँ 178749.33 करोड़ है और उसी दिन को समाप्त वर्ष के लिए कुल राजस्व 6095.95 करोड़ है जैसा कि बैंक के एकल वित्तीय विवरणियों में शामिल हैं, की वित्तीय विवरणियों की लेखापरीक्षा नहीं की है. इन शाखाओं की वित्तीय विवरणियाँ/ सूचनाएँ शाखा लेखापरीक्षकों द्वारा लेखापरीक्षित है, जो हमें उपलब्ध कराई गई है और जहाँ तक हमारी राय में शाखा से संबंधित राशि और प्रकटनों का संबंध है, वह ऐसी शाखा लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट के आधार पर है.

इस मामले के संबंध में हमारी राय में संशोधन नहीं है.

**अन्य विधिक एवं सांविधिक आवश्यकताओं के विषय में रिपोर्ट :**

10. तुलन पत्र और लाभ-हानि लेखा खाता बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 29 के अनुसार तैयार किया गया है.

11. उपर्युक्त 6 से 9 तक के पैराग्राफ में बताई गई सीमाओं तथा बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम, 1970/1980 द्वारा अपेक्षितानुसार, और उनमें अपेक्षित प्रकटनों की सीमाओं के भी अधीन, हम रिपोर्ट करते हैं कि:

क. हमने ऐसी सभी सूचना एवं स्पष्टीकरण प्राप्त किए हैं जो हमारी अधिकतम जानकारी एवं विश्वास में हमारी लेखा-परीक्षा के लिए आवश्यक थे और उन्हें संतोषजनक पाया है;

ख. होल्डिंग बैंक के जो लेनदेन हमारे ध्यान में आए, वे होल्डिंग बैंक के अधिकारों के भीतर थे; और

ग. बैंक के कार्यालयों और शाखाओं से प्राप्त विवरणियाँ हमारी लेखा-परीक्षा के लिए पर्याप्त पाई गई हैं.

12. हम आगे रिपोर्ट करते हैं कि:

क) हमारी राय में हमारे द्वारा दौरा नहीं की गयी शाखाओं से लेखापरीक्षा के लिए प्राप्त उक्त बहियों तथा उचित विवरणियों की जाँच से प्रतीत होता है कि बैंक ने विधि द्वारा अपेक्षितानुसार उचित लेखा बहियाँ रखी है;

ख) उक्त रिपोर्ट में शामिल तुलनपत्र, लाभ हानि विवरण और नकद प्रवाह विवरणियाँ, लेखा बहियों एवं हमारे द्वारा दौरा नहीं की गयी शाखाओं से लेखापरीक्षा के लिए प्राप्त विवरणियों से मेल रखते हैं;

ग) बैंक विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 29 के तहत बैंक के शाखा लेखापरीक्षकों द्वारा परीक्षित शाखा कार्यालयों के लेखों की रिपोर्ट हमें प्रेषित की गयी और इस रिपोर्ट को तैयार करने में हमने उसका उपयोग किया है; और

घ) हमारी राय में, उक्त रिपोर्ट में शामिल समेकित तुलनपत्र, समेकित लाभ हानि विवरण और नकद प्रवाह विवरणियाँ रिजर्व बैंक द्वारा निर्दिष्ट लागू लेखांकन मानकों के अनुपालन में हैं.

13. भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में सांविधिक केंद्रीय लेखापरीक्षकों की नियुक्ति वित्तीय वर्ष 2019-20 से एससीए के लिए रिपोर्टिंग दायित्व पर जारी पत्र संख्या डीओएस.एआरजी.संख्या6270/

08.91.001/2019-20 दिनांकित 17 मार्च 2020 और 19 मई 2020 को अगली संसूचना के क्रम में हम उपरोक्त पत्र के अनुच्छेद 2 में वर्णित मामलों की निम्नवत् रिपोर्ट करते हैं:

क) हमारे विचार से उक्त एकल वित्तीय विवरणियां आईसीएआई द्वारा जारी लेखा मानकों का अनुपालन करती हैं, बहुत सीमा तक ये भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित लेखांकन नीति से अनमेल भी नहीं हैं.

ख) वित्तीय लेनदेनों और मामले जिनका बैंक के कार्य में कोई प्रतिकूल प्रभाव है के संबंध में कोई अवलोकन या टिप्पणी नहीं है.

ग) समामेलन पर भारत सरकार के निदेशों के क्रम में बैंक के निदेशक मंडल का अधिक्रमण किया गया है, कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 164 की उप धारा (2) की शर्तों के अनुरूप 31 मार्च 2020 से नियुक्त निदेशक के संबंध में निदेशकों पर रिपोर्टिंग लागू नहीं है.

घ) खातों के प्रबंधन और अन्य संबंधित मामलों के संबंध में कोई परिवर्तन, संदेह या प्रतिकूल टिप्पणी नहीं है.

ङ) चूंकि बैंक ने वित्त वर्ष 2020-21 से 'वित्तीय विवरणियों के संबंध में आंतरिक वित्तीय क्ङ्कद्रद्गॅड्ढॅट को लागू करने के विकल्प का प्रयोग किया है, जैसा कि भारतीय रिजर्व बैंक नें 19 मई, 2020 को अनुमति दी थी, 31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्तमान वर्ष के लिए कोई रिपोर्टिंग आवश्यकता नहीं है.

**हमारी समदिनांकित रिपोर्ट के अनुसार**

**कृते चंद्रन एण्ड रमन**
सनदीलेखाकार, एफआरएन: 0005715
**[सीए पी आर सुरेश]**
सदस्यता संख्या 027488, पार्टनर

**कृते एस. रामानन्द अय्यर एण्ड कं.**
सनदीलेखाकार, एफआरएन: 000990एन
**[सीए बिनोद सी महाराणा]**
सदस्यता संख्या 056373, पार्टनर

स्थान : मुंबई
दिनांक : 23.06.2020

# एकल बैलेंस शीट 31 मार्च 2020 तक

(₹ 000' हटाकर)

| विवरण | अनुसूची | यथा 31.03.2020 ₹ | यथा 31.03.2019 ₹ |
|---|---|---|---|
| **पूँजी और देयताएँ** | | | |
| पूँजी | 1 | **1198,83,68** | 1198,83,68 |
| आबंटन हेतु लंबित शेयर आवेदन राशि | 2 | **12551,63,56** | 15366,02,45 |
| जमाराशियाँ | 3 | **205354,78,18** | 184567,84,45 |
| उधार राशियाँ | 4 | **2301,06,24** | 8394,25,52 |
| अन्य देयताएँ तथा प्रावधान | 5 | **8133,45,33** | 4050,89,28 |
| **योग** | | **229539,76,99** | 213577,85,38 |
| **आस्तियाँ** | | | |
| नकदी एवं भारतीय रिजर्व बैंक में शेष | 6 | **15745,23,79** | 9661,06,85 |
| बैंकों में शेष तथा माँग एवं अल्प | | | |
| सूचना पर धन | 7 | **1262,92,61** | 2907,96,58 |
| निवेश | 8 | **66432,43,73** | 59979,19,81 |
| अग्रिम | 9 | **127399,05,74** | 121251,20,92 |
| स्थाई आस्तियाँ | 10 | **1379,40,14** | 1421,84,82 |
| अन्य आस्तियाँ | 11 | **17320,70,98** | 18356,56,40 |
| **योग** | | **229539,76,99** | 213577,85,38 |
| आकस्मिक देयताएँ | 12 | **36727,50,85** | 62625,62,97 |
| वसूली हेतु बिल | | **14364,16,42** | 13747,30,85 |
| महत्वपूर्ण लेखा नीतियाँ | 17 | | |
| लेखा संबंधी टिप्पणियाँ | 18 | | |

उपरोक्त वर्णित अनुसूचियाँ तुलन पत्र का अभिन्न भाग है।

**हमारी समदिनांकित रिपोर्ट के अनुसार**

**(मधुकर भट के)**
उप महाप्रबंधक

**(बिरुपाक्ष मिश्रा )**
कार्यपालक निदेशक

**(दिनेश कुमार गर्ग)**
कार्यपालक निदेशक

**(राज किरण रै जी)**
प्रबंध निदेशक एवं सीईओ

**(वी मुत्तुकृष्णन)**
महाप्रबंधक एवं सीएफओ

**(मानस रंजन बिस्वाल)**
कार्यपालक निदेशक

**(गोपाल सिंह गुसाईं)**
कार्यपालक निदेशक

**(केवल हांडा)**
अध्यक्ष

**निदेशक**
(अरुण कुमार सिंह)
(राजीव कुमार सिंह)
(डॉ मधुरा स्वामिनाथन)
(डॉ उत्तम कुमार सरकार)
(के. कादिरेसन)
(जयदेव एम.)

**कृते चंद्रन एवं रमन**
सनदी लेखाकार FRN: 000571S
**[सीए पी आर सुरेश]**
(सदस्य सं. 027488) पार्टनर

**कृते एस रामानंद अय्यर एवं कं.**
सनदी लेखाकार FRN: 000990N
**[सीए विनोद सी महाराणा]**
(सदस्य सं. 056373) पार्टनर

स्थान : मुंबई
दिनांक : 23.06.2020

# एकल लाभ और हानि खाता 31 मार्च 2020 को समाप्त वर्ष के लिए

(₹ 000' हटाकर)

| विवरण | अनुसूची | यथा 31.03.2020 ₹ | यथा 31.03.2019 ₹ |
|---|---|---|---|
| **I. आय** | | | |
| अर्जित ब्याज | 13 | **16170,57,94** | 15622,63,03 |
| अन्य आय | 14 | **3749,19,96** | 1872,06,87 |
| **योग** | | **19919,77,90** | 17494,69,90 |
| **II. व्यय** | | | |
| व्यय किया गया ब्याज | 15 | **10942,09,53** | 10114,16,60 |
| परिचालन व्यय | 16 | **5175,19,16** | 3486,06,80 |
| प्रावधान और आकस्मिकताएं | | **6194,08,61** | 10227,44,79 |
| **योग** | | **22311,37,30** | 23827,68,19 |
| **III. वर्ष के लिए निवल लाभ /(हानि)** | | **-2391,59,40** | (63,329,829) |
| **योग** | | **-2391,59,40** | (63,329,829) |
| **IV. विनियोग (से/को)** | | | |
| सांविधिक आरक्षित निधियों में अंतरण | | **-** | - |
| कर्मचारी कल्याण निधि में अंतरण | | **-** | - |
| निवेश आरक्षित निधि में अंतरण | | **-** | - |
| पूंजी आरक्षित निधि में अंतरण | | **-** | - |
| विशेष आरक्षित निधि में अंतरण | | **-** | - |
| सामान्य आरक्षित निधि में अंतरण | | **-** | - |
| प्रदत्त अंतरिम लाभांश | | **-** | - |
| प्रस्तावित लाभांश | | **-** | - |
| प्रदत्त अंतरिम लाभांश पर कर | | **-** | - |
| तुलन-पत्र में ले जाया गया शेष | | **(23,915,940)** | (63,329,829) |
| **योग** | | **(23,915,940)** | (63,329,829) |
| प्रति शेयर अर्जन (₹) | | **(3.99)** | (30.06) |

उपरोक्त वर्णित अनुसूचियाँ लाभ और हानि खाते का एक अभिन्न अंग हैं।

**हमारी समदिनांकित रिपोर्ट के अनुसार**

**(मधुकर भट के)**
उप महाप्रबंधक

**(वी मुत्तुकृष्णन)**
महाप्रबंधक एवं सीएफओ

**(बिरुपाक्ष मिश्रा )**
कार्यपालक निदेशक

**(मानस रंजन बिस्वाल)**
कार्यपालक निदेशक

**(दिनेश कुमार गर्ग)**
कार्यपालक निदेशक

**(गोपाल सिंह गुसाईं)**
कार्यपालक निदेशक

**(राज किरण रै जी)**
प्रबंध निदेशक एवं सीईओ

**(केवल हांडा)**
अध्यक्ष

**निदेशक**
(अरुण कुमार सिंह)
(राजीव कुमार सिंह)
(डॉ मधुरा स्वामिनाथन)
(डॉ उत्तम कुमार सरकार)
(के. कादिरेसन)
(जयदेव एम.)

**कृते चंद्रन एवं रमन**
सनदी लेखाकार FRN: 000571S
**[सीए पी आर सुरेश]**
(सदस्य सं. 027488) पार्टनर

**कृते एस रामानंद अय्यर एवं कं.**
सनदी लेखाकार FRN: 000990N
**[सीए विनोद सी महाराणा]**
(सदस्य सं. 056373) पार्टनर

स्थान : मुंबई
दिनांक : 23.06.2020

# 31 मार्च 2020 को समाप्त हुए वर्ष के लिए नकद प्रवाह विवरण

(₹ 000' हटाकर)

| | | यथा 31.03.2020 ₹ | यथा 31.03.2019 ₹ |
|---|---|---|---|
| [A] | **परिचालन गतिविधियों से नकदी प्रवाह** | | |
| | कर के बाद निवल लाभ/हानि (-) | **-2391,59,40** | -6332,98,29 |
| | जोड़ें:-कर के लिए प्रावधान | **2645,92,77** | -1715,70,23 |
| | कर से पहले निवल लाभ/हानि (-) | **254,33,37** | -8048,68,52 |
| [i] | **समायोजन के लिए:-** | | |
| | आस्तियों पर अवमूल्यन | **180,06,14** | 176,50,70 |
| | निवेश पर अवमूल्यन | **53,80,38** | 340,20,20 |
| | एनपीए के लिए प्रावधान | **3279,48,87** | 11585,13,72 |
| | मानक परिसंपत्तियों के लिए प्रावधान | **285,83,00** | 180,52,52 |
| | टियर I और टियर II बांड पर भुगतान किया गया ब्याज | **173,27,70** | 420,81,01 |
| | आकस्मिकता और अन्य के लिए प्रावधान | **33,65,58** | -43,29,41 |
| | स्थाई आस्तियों की बिक्री पर (लाभ) /हानि | **-1,62,23** | 1,49,49 |
| | आरक्षित निधियाँ को/से हस्तांतरण | **-422,79,49** | - |
| | अनुषंगी कंपनियों में निवेश की बिक्री के माध्यम से अर्जित आय | **-7,03,13** | - |
| | प्रत्यक्ष कर (भुगतान) /वापसी | **-565,47,13** | -1139,66,86 |
| | ब्याज पूंजीकरण के लिए प्रावधान | **-104,62,00** | -119,42,00 |
| | परिचालन आस्तियों और देनदारियों में बदलाव से पहले नकदी प्रवाह | **3158,91,06** | 3353,60,85 |
| [ii] | **समायोजन के लिए:-** | | |
| | जमा में वृद्धि/(कमी) | **20786,93,73** | 1251,89,46 |
| | उधारी में वृद्धि/(कमी) | **-4543,19,28** | -10539,37,83 |
| | अन्य देयताओं और प्रावधानों में वृद्धि/(कमी) | **-1097,73,78** | -13443,32,07 |
| | निवेश में कमी (वृद्धि) / | **-6525,79,30** | 10370,55,79 |
| | अग्रिमों में कमी(वृद्धि) / | **-6147,84,82** | -1382,37,21 |
| | अन्य परिसंपत्तियों में कमी (वृद्धि) / | **641,34,16** | 3617,32,12 |
| | आरक्षित निधियाँ से/के लिए समायोजन/अंतरण | **-** | 19,25,54 |
| | **परिचालन गतिविधियों से निवल नकदी प्रवाह [ए]** | **6272,61,77** | **-6752,43,35** |
| [B] | **निवेश गतिविधियों से नकदी प्रवाह** | | |
| | आस्तियों की बिक्री/निपटान | **4,06,57** | -3,78,32 |
| | स्थाई आस्तियों की खरीद | **-140,05,80** | -111,49,17 |
| | अनुषंगी/संयुक्त उद्यम/एसोसिएट्स में निवेश की बिक्री से आय | **25,78,13** | - |
| | अनुषंगी और सहयोगी संस्थाओं से लाभांश आदि से अर्जित आय | **-** | - |
| | **निवेश गतिविधियों से निवल नकदी प्रवाह [बी]** | **-110,21,10** | **-115,27,49** |

# 31 मार्च 2020 को समाप्त हुए वर्ष के लिए नकद प्रवाह विवरण (जारी...)

(₹ 000' हटाकर)

| | | यथा 31.03.2020 ₹ | यथा 31.03.2019 ₹ |
|---|---|---|---|
| **[C]** | **वित्तपोषण गतिविधियों से नकदी प्रवाह** | | |
| | शेयर पूंजी जारी करने से आय | - | 11777,37,28 |
| | टियर I और टियर II बांड से आय | **1000,00,00** | - |
| | टियर I और टियर II बांड से मोचन | **-2550,00,00** | -3237,50,00 |
| | टियर I और टियर II बांड पर प्रदत्त ब्याज | **-173,27,70** | -420,81,01 |
| | लाभांश (अंतरिम और अंतिम) का भुगतान | - | - |
| | लाभांश वितरण पर कर भुगतान | - | - |
| | **वित्तपोषण गतिविधियों से निवल नकदी प्रवाह [सी]** | **-1723,27,70** | **8119,06,27** |
| **[D]** | **नकद और नकदी समकक्ष [ए + बी +सी] या [एफ-ई] में निवल वृद्धि/(कमी]** | **4439,12,97** | **1251,35,42** |
| **[E]** | **वर्ष की शुरुआत में नकद और नकद समकक्ष** | | |
| | नकदी और भारिबैं में शेष | **9661,06,85** | 11140,15,36 |
| | माँग और अल्प सूचना पर देय राशि एवं बैंकों में शेष राशि | **2907,96,58** | 177,52,65 |
| | **वर्ष की शुरुआत में निवल नकद और नकद समकक्ष [ई]** | **12569,03,43** | **11317,68,01** |
| **[F]** | **वर्ष के अंत में नकद और नकद समकक्ष** | | |
| | नकदी और भारिबैं में शेष | **15745,23,79** | 9661,06,85 |
| | माँग और अल्प सूचना पर देय राशि एवं बैंकों में शेष राशि | **1262,92,61** | 2907,96,59 |
| | **वर्ष के अंत में निवल नकद और नकद समकक्ष [एफ]** | **17008,16,40** | **12569,03,43** |

**हमारी समदिनांकित रिपोर्ट के अनुसार**

**(मधुकर भट के)**
उप महाप्रबंधक

**(बिरुपाक्ष मिश्रा )**
कार्यपालक निदेशक

**(दिनेश कुमार गर्ग)**
कार्यपालक निदेशक

**(राज किरण रै जी)**
प्रबंध निदेशक एवं सीईओ

**(वी मुत्तुकृष्णन)**
महाप्रबंधक एवं सीएफओ

**(मानस रंजन बिस्वाल)**
कार्यपालक निदेशक

**(गोपाल सिंह गुसाईं)**
कार्यपालक निदेशक

**(केवल हांडा)**
अध्यक्ष

**निदेशक**
(अरुण कुमार सिंह)
(राजीव कुमार सिंह)
(डॉ मधुरा स्वामिनाथन)
(डॉ उत्तम कुमार सरकार)
(के. कादिरेसन)
(जयदेव एम.)

**कृते चंद्रन एवं रमन**
सनदी लेखाकार FRN: 000571S
**[सीए पी आर सुरेश]**
(सदस्य सं. 027488) पार्टनर

**कृते एस रामानंद अय्यर एवं कं.**
सनदी लेखाकार FRN: 000990N
**[सीए बिनोद सी महाराणा]**
